12 जनवरी, 2025
पौष, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
रविवार, वर्ष 10, अंक 85

BAR & RESTAURANT
HOTEL & BANQUET
ARGORA CHOWK, OPP. BAJAJ SHOWROOM, RANCHI

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN

COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)

COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS

COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM

Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

# राहुल तुरी पुलिस मुठभेड़ में ढेर

## हजारीबाग जिला का था मोस्ट वांटेड गैंगस्टर

**हजारीबाग और रामगढ़ पुलिस के संयुक्त अभियान में मिली कामयाबी**

**अमरजीत**

**कुजू (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग और रामगढ़ पुलिस के संयुक्त अभियान के तहत शनिवार की दोपहर करीब 12 बजे कुजू ओपी क्षेत्र के मुरपा स्थित आम बागान के पूर्वी क्षेत्र के जंगली इलाके में अपराधियों के साथ मुठभेड़ हो गयी। इसमें अपराधियों द्वारा अंधाधुंध फायरिंग के जवाब में पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ की गयी फायरिंग में कुख्यात गैंगस्टर राहुल तुरी उर्फ आलोक तुरी मौके पर ढेर हो गया। उसका एक सहयोगी आकाश करमाली पुलिस के हत्थे चढ़ा। वहीं, इनका तीसरा साथी मौके से फरार होने में सफल रहा।

**क्या कहा रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने :** घटना की जानकारी देते हुए रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने कहा कि राहुल तुरी उर्फ आलोक ने तीन दिन पूर्व उरीमारी के विस्थापित झामुमो नेता संतोष सिंह की दिनदहाड़े हत्या कर खुलेआम इसकी जिम्मेदारी ली थी। वैसे भी इस पर 20 से 25 संगीन आपराधिक मामले दर्ज हैं। साथ ही, इसके उग्रवादी संगठन टीपीसी से जुड़े होने की सूचना है। इसको लेकर आलोक तुरी हजारीबाग और रामगढ़ पुलिस के रडार पर था। इसी दौरान शनिवार को पुलिस को सूचना मिली कि इनकी मौजदूगी कुजू क्षेत्र के आसपास है, जहां किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में है। इसको लेकर आनन फानन में दोनों जिला के पुलिस कप्तान के निर्देश पर एक टीम गठित की गयी। टीम द्वारा इनकी सघन घेराबंदी के दौरान उक्त स्थल पर इनका मुकाबला पुलिस टीम से हुआ। यहां दोनों ओर से हुई गोलीबारी के दौरान राहुल उर्फ आलोक तुरी मारा गया। मौके से पुलिस ने भारी मात्रा में मोबाइल फोन एवं हथियार बरामद किया है। घटनास्थल से पुलिस ने अपराधियों द्वारा छोड़ी गयी एक बाइक भी बरामद की है।



### घटनास्थल पर मौजूद पुलिस अधिकारी

हजारीबाग एसपी अरविंद सिंह, रामगढ़ एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद और चंदन वत्स, मांडू इंस्पेक्टर सुरेश लिंडा, चरही थाना प्रभारी गौतम कुमार, एसआइ मुकेश कुमार सिंह, कुजू ओपी प्रभार प्रभारी संजय हेंब्रम, मांडू बीडीओ रितिक कुमार, सीओ विमल कुमार सिंह, घाटों थाना प्रभारी दीपक कुमार सहित भारी संख्या में दोनों जिला के सशस्त्र पुलिस बल मौजूद रहे।

## टीपीसी से अलग होकर अपना गिरोह विस्तार कर रहा था आलोक तुरी

**खनन और कोल परिवहन एरिया के लिए बन गया था सिरदर्द**

**बीरू कुमार**

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** राहुल तुरी उर्फ आलोक पुलिस विभाग और कोल क्षेत्र के लिए बड़ा नाम था। आलोक सबके लिए सिरदर्द बन गया था। लेकिन इस बार आलोक रॉंग नंबर में फंस गया। विस्थापित नेता संतोष सिंह की हत्या कर अपनी जान की आखिरी तारीख तय कर ली थी। घटना के बाद हजारीबाग एसपी अरविंद सिंह ने आलोक को पकड़ने के लिए रामगढ़ के एसपी अजय कुमार के साथ मिल कर चक्रव्यूह रचा। उस चक्रव्यूह में आलोक शनिवार को फंस गया। पुलिस के अनुसार आलोक अपने अंदाज में गोलिबारी शुरू कर दी, जिसके बाद चरही के जांबाज दारोगा गौतम कुमार ने अपनी टीम के साथ मिल कर जबावी कार्रवाई शुरू की। इसमें आलोक ढेर हो गया। उसके बाद दोनों एसपी ने मोर्चा संभाला और एक अपराधी को जिंदा पकड़ लिया।



आलोक तुरी-फाइल फोटो

**टीपीसी में रह कर अपराध की जमीन तैयार की:** आलोक ने टीपीसी में रह कर अपराध की जमीन तैयार की। उसके बाद संगठन से अलग होकर माइनिंग एरिया को टारगेट किया। कोल व्यवसायियों से लेवी मांगनी शुरू की। लेवी नहीं मिलने पर गोलीबारी शुरू कर व्यवसायियों को धमकाने लगा। बात नहीं बनने पर उरीमारी के विस्थापित नेता संतोष सिंह की हत्या कर दी। उसके बाद घटना की जानकारी ली। घटना के बाद आलोक का नाम हजारीबाग और रामगढ़ में गूंजने लगा। उसके बाद फिर एक बार बड़ी वारदात को अंजाम देने के लिए मुरपा के मांझी टोला के निकट जंगल में अपने साथियों के साथ जुटा था। लेकिन पुलिस इनकाउंटर में मारा गया। पुलिस इसके बाद बड़ी राहत महसूस कर रही है।

### रामगढ़ एसपी ने दी अपराधियों को चेतावनी

घटनास्थल पर रामगढ़ एसपी अजय कुमार एक्शन मोड में दिखे। हाथ में पिस्टल लेकर आसपास घूमते रहे। बहुत दिनों के बाद कोई एसपी इस अंदाज में दिखा। घटनास्थल पर उन्होंने कहा कि मैं बार-बार अपराधियों को चेतावनी दे रहा था कि वे अपराध छोड़ दें। नहीं छोड़ेंगे तो यही हश्र होगा। पुलिस कार्रवाई के मोड में आ गयी है। किसी भी हाल में क्षेत्र में अशांति बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

### पूरी कार्रवाई की खुद मॉनिटरिंग कर रहे थे एसपी

हजारीबाग के एसपी अरविंद कुमार सिंह खुद पूरी कार्रवाई की मॉनिटरिंग कर रहे थे। एसपी के साथ होने से टीम में शामिल पदाधिकारियों का मनोबल बढ़ा हुआ था। इसी के पुलिस को इतनी बड़ी सफलता हाथ लगी है। एसपी अरविंद सिंह और एसपी अजय कुमार ने टीम में शामिल पदाधिकारियों की पीठ भी थपथपायी।

## रांची में महिला हॉकी लीग का आगाज आज से

**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची के ऐतिहासिक मोरहाबादी मैदान में एक बार फिर रविवार से महिला हॉकी का रोमांच देखने को मिलेगा। रांची में पहली बार महिला हॉकी लीग का आयोजन हो रहा है। महिला हॉकी लीग में चार टीम भाग ले रही हैं। सभी चार टीमों के बीच मुकाबला होगा, जिसमें भारतीय खिलाड़ियों के साथ-साथ विदेशी खिलाड़ियों को भी खेलते हुए देखा जा सकता है। मैच देखने के लिए आम लोगों का प्रवेश निःशुल्क होगा। चार टीमों में ओड़िशा वॉरियर्स, बंगाल टाइगर, दिल्ली सीजी और जेएसडब्ल्यू सुरमा शामिल हैं।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 12 जनवरी, 2025
www.azadsipahi.in


# दिल्ली चुनाव का सबसे बड़ा फैक्टर बनेंगे बिहार और उत्तर प्रदेश के वोटर

## ■ पूर्वांचलियों पर टिप्पणी से केजरीवाल ने खुद के पैरों पर कुल्हाड़ी मार ली

## ■ जोश में होश खोना कोई केजरीवाल से सीखे, यूपी-बिहार के वोटरों को फर्जी बोलना महंगा पड़ेगा

## ■ 70 विधानसभा सीटों में दो दर्जन सीटों पर पूर्वांचली वोटरों का दबदबा

## ■ दिल्ली की लड़ाई में यूपी-बिहार की एंट्री से भाजपा को मिल गयी संजीवनी

## ■ चौतरफा घिरने के बाद अब रक्षात्मक मुद्रा में दिख रही आम आदमी पार्टी

**आजाद सिपाही विशेष**

कड़ाके की सर्दी के बावजूद दिल्ली की राजनीतिक गर्मी बढ़ती जा रही है। दिल्ली के चुनाव प्रचार अभियान के केंद्र में अब पूर्वांचली, यानी बिहार-यूपी की एंट्री हो गयी है। दिल्ली में पूर्वांचली वोटरों की मौजूदगी के कारण भाजपा और आम आदमी पार्टी (आप) के बीच राजनीतिक टकराव में और वृद्धि हो गयी है। यह विवाद पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के एक बयान से शुरू हुआ, जिसमें उन्होंने यूपी-बिहार के फर्जी वोटरों और वोटर लिस्ट में हेरफेर का मुद्दा उठाया। उनकी इस टिप्पणी ने एक बड़े चुनावी मुद्दे का रूप अख्तियार कर लिया है। भाजपा ने इसे पूर्वांचली समुदाय का अपमान करार देते हुए इसे केंद्रीय चुनावी मुद्दा बना दिया है। भाजपा ने केजरीवाल पर पूर्वांचली वोटरों का अपमान करने का आरोप लगाते हुए उनके बयान को राजनीतिक स्वार्थ से प्रेरित बताया है। उसने कहा है कि पूर्वांचली दिल्ली के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और उनका अपमान बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। इस तरह मुद्दों की कमी से जूझ रही भाजपा को बैठे-बिठाये एक बड़ा मुद्दा मिल गया है, जिसका नुकसान अरविंद केजरीवाल और आप को उठाना पड़ सकता है। दिल्ली विधानसभा चुनाव के ठीक पहले दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पूर्वांचल के वोटरों पर इतने सारे आरोप लगा दिये कि भाजपा को मानो जीत की कुंजी मिल गयी हो। राजनीतिक प्रेक्षकों का मानना है कि अब आगामी चुनाव का सबसे बड़ा फैक्टर बिहार और उत्तर प्रदेश के वोटर बनने जा रहे हैं। केजरीवाल भूल गये कि क्षेत्रवाद की इस बीमारी से नुकसान उनका ही होगा, जैसे कि महाराष्ट्र में राज ठाकरे और मनसे का हुआ। केजरीवाल ने शायद राज ठाकरे से सीख नहीं ली। दिल्ली चुनाव में उठे इस नये मुद्दे का क्या होगा असर और अरविंद केजरीवाल की क्या होगी रणनीति, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

दिल्ली में विधानसभा चुनाव की तारीखों का एलान होने के साथ ही सियासी दलों में जुबानी जंग भी तेज हो गयी है। आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल ने चुनाव आयोग के समक्ष बीजेपी उम्मीदवार प्रवेश वर्मा की शिकायत की। उन्होंने बीजेपी उम्मीदवार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए प्रवेश वर्मा के घर छापेमारी की मांग कर दी। इसी दौरान उन्होंने नयी दिल्ली सीट पर फर्जी वोटर का मुद्दा उठाया। इसी दौरान केजरीवाल ने अपनी बात रखते हुए यूपी-बिहार के लोगों, यानी पूर्वांचलियों से जुड़ी ऐसी टिप्पणी कर दी, जिसे लेकर बीजेपी को उन पर जवाबी हमले का मौका मिल गया है। बीजेपी ने अब पूर्वांचलियों के अपमान को मुद्दा बना लिया है।

### क्या कहा अरविंद केजरीवाल ने

केजरीवाल ने बीजेपी पर नयी दिल्ली विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूची में हेराफेरी का आरोप लगाया और चुनाव आयोग में इसकी शिकायत दर्ज करायी। इसके बाद मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि पिछले 15 दिन में 13 हजार वोटर बनने के आवेदन आये हैं। जाहिर तौर यह यूपी और बिहार से ला-लाकर और यूपी, आसपास के राज्यों से ला-लाकर फर्जी वोट बनवा रहे हैं ये लोग। वहीं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की ओर से एक पुराना वीडियो शेयर किया गया। इसमें केजरीवाल को कथित तौर पर यह कहते हुए सुना जा सकता है कि बिहार से एक आदमी 500 रुपये का टिकट लेता है, दिल्ली में आता है और अस्पताल में पांच लाख रुपये का ऑपरेशन फ्री में करवा कर चला जाता है। बीजेपी अध्यक्ष ने इस पोस्ट के साथ लिखा कि आप-दा नहीं सहेंगे, बदल के रहेंगे। भले यह वीडियो पुराना हो, लेकिन चुनाव में इसका भी असर देखने को मिलेगा। क्योंकि पूर्वांचल का मुद्दा अब गरमा गया है।

### बीजेपी का केजरीवाल पर सीधा हमला

बीजेपी ने आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल पर पूर्वांचल के लोगों का अपमान करने का आरोप लगाया है। उसने कहा कि विधानसभा चुनाव में हार के डर से वह उत्तर प्रदेश और बिहार के लोगों के खिलाफ अनर्गल बयानबाजी करने पर उतारू हो गये हैं। भाजपा ने कहा कि पिछले 10 वर्षों से दिल्ली पर आपदा बन कर भ्रष्टाचार का पहाड़ खड़ा कर केजरीवाल ने लूट मचायी है। अब उन्हें अपनी हार का डर सताने लगा है, जिससे वह बौखला कर उत्तर प्रदेश और बिहार के हमारे भाई-बहनों के खिलाफ अनर्गल बयानबाजी करने पर उतारू हो गये हैं। केजरीवाल ने यूपी और बिहार के लोगों को फर्जी वोटर कह कर उनका अपमान किया है। दिल्ली की जनता उन्हें सत्ता से उखाड़ कर इसका जवाब जरूर देगी।

### पूर्वांचलियों के अपमान का जवाब मिलेगा

बीजेपी सांसद मनोज तिवारी ने भी केजरीवाल पर जोरदार अटैक किया। मनोज तिवारी ने दो टूक कहा कि अरविंद केजरीवाल, यूपी-बिहार, झारखंड के लोगों को बार-बार अपमानित करना बंद कीजिए। आपने इन्हें फर्जी वोटर्स कह कर उनकी मेहनत और सम्मान पर सवाल उठाया है। याद रखिए, पूर्वांचल के ये वही लोग ह, जो 5 फरवरी को आपके इस अपमान का जवाब देंगे।



### यह चुनाव केजरीवाल का आखिरी चुनाव होगा: गिरिराज सिंह

बिहार और यूपी वाले लोगों के बारे में पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल के विवादित बयान से नाराज केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि, जो खुद भ्रष्ट मुख्यमंत्री रहा हो, वह बिहार और यूपी के लोगों के संबंध में अपशब्द बोल रहा है। केजरीवाल ने अन्ना हजारे को धोखा दिया है, अब वो बिहार और यूपी वाले लोगों के ऊपर कटाक्ष कर रहे हैं। गिरिराज सिंह ने कहा कि बिहार और यूपी वाले लोगों की बदौलत वो दिल्ली के मुख्यमंत्री बने थे। लेकिन आज केजरीवाल बिहार और यूपी वाले लोगों को गाली दे रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बिहार और यूपी के लोग स्वाभिमानी होते हैं। अपने परिश्रम की खाते है। वे उन्हीं के वोट से मुख्यमंत्री बने हैं तो यही लोग उनको गद्दी से उतार भी देंगे। यह चुनाव केजरीवाल का आखिरी चुनाव होगा।

### अरविंद केजरीवाल को बिहारियों से इतनी नफरत क्यों: चिराग पासवान

लोक जनशक्ति पार्टी (आर) के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट कर कहा कि अरविंद केजरीवाल का ये बयान बेहद निंदनीय है, जो कतई बर्दाश्त करने लायक नहीं है। मैं पूछना चाहता हूं कि केजरीवाल को बिहारियों से इतनी नफरत क्यों? राष्ट्रीय राजधानी के समग्र विकास में यूपी और बिहार के लोगों की एक बड़ी भूमिका रही है। देश और दुनिया भर से लोग नयी दिल्ली आते हैं। ऐसे में बिहारियों का अपमान करना एक सत्ताधारी पार्टी के पूर्व मुख्यमंत्री को शोभा नहीं देता। पूर्वांचल के लोगों का अपमान का परिणाम आने वाले चुनाव में आम आदमी पार्टी को पता चलेगा। नयी दिल्ली में एनडीए की प्रचंड जीत देख कर अरविंद केजरीवाल बौखला गये हैं।

### राजद ने भी जताया विरोध

केजरीवाल की टिप्पणी की गूंज बिहार में भी सुनाई दे रही है। बिहार भाजपा के नेताओं ने कहा है कि यूपी-बिहार-झारखंड के लोगों को बार-बार अपमानित करना बंद होना चाहिए। इन्हें फर्जी वोटर कह कर उनकी मेहनत और सम्मान पर सवाल उठाया गया है। दिल्ली के विकास में पूर्वांचल के लोगों की बड़ी भूमिका है। राजद ने कहा है कि अरविंद केजरीवाल को यह पता नहीं है कि 2019-20 में कैसे उन्होंने दिल्ली से बिहारियों को भगाने का काम किया था। अरविंद केजरीवाल पूर्वांचल के लोगों से माफी कब मांगेगे? दिल्ली के चुनाव में पूरे पूर्वांचल के लोग अरविंद केजरीवाल को सत्ता से बाहर हटाने का काम करेंगे।

### टिप्पणी पर केजरीवाल ने दी सफाई

अपनी टिप्पणी पर चौतरफा घिरे केजरीवाल को पता चल गया है कि इससे आप की चुनावी संभावनाओं पर असर पड़ सकता है। इसे देखते हुए उन्होंने सफाई भी दे दी है। उन्होंने कहा कि केवल आप ने ही पूर्वांचली मतदाताओं को सम्मान का जीवन दिया है। वह चुनाव आयोग के पास यह बताने गये थे कि रोहिंग्या और बांग्लादेशियों की आड़ में भाजपा के लोग पूर्वांचली मतदाताओं के नाम हटा रहे हैं। लेकिन बदले में भाजपा उनके खिलाफ निराधार आरोप लगा रही है।

अगर कोई पार्टी है, जिसने दिल्ली में पूर्वांचल के लोगों का सम्मान किया है और उन्हें सम्मान का जीवन दिया है, तो वह आप है।

### दिल्ली में पूर्वांचलियों का प्रभाव

जहां तक दिल्ली में पूर्वांचलियों के प्रभाव का सवाल है, तो दिल्ली में पूर्वांचली वोटरों की राजनीतिक अहमियत किसी से छिपी नहीं है। दिल्ली में 25-30 प्रतिशत वोटर पूर्वांचली हैं, जिनकी जड़ें पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार के साथ झारखंड से जुड़ी हुई हैं। पूर्वी और उत्तरी दिल्ली के क्षेत्रों में इनका प्रमुख दबदबा है।

दिल्ली की 70 विधानसभा सीटों में से लगभग 25 से 30 सीटों पर पूर्वांचली वोटरों का खास प्रभाव है। इनमें बुराड़ी, पटपड़गंज, उत्तम नगर, बदरपुर, लक्ष्मी नगर, मॉडल टाउन, देवली, अंबेडकर नगर, पालम और विकासपुरी जैसे क्षेत्र शामिल हैं। पिछले चुनावों में पूर्वांचली वोटरों ने आम आदमी पार्टी को समर्थन दिया है। यहां तक कि केजरीवाल की पार्टी में कई प्रमुख नेता, सांसद और विधायक पूर्वांचल के ही हैं। 2015 और 2020 के विधानसभा चुनावों में आप ने पूर्वांचली बहुल सीटों पर जीत हासिल की थी, जबकि भाजपा और कांग्रेस पिछड़ गयी थीं।

जाहिर है, केजरीवाल की टिप्पणी से नुकसान आप को ही होगा। केजरीवाल शायद भूल गये हैं कि पूर्वांचलियों के खिलाफ माहौल बनाना महाराष्ट्र में राज ठाकरे को कितना भारी पड़ा था। राज ठाकरे ने महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) बना कर पूर्वांचलियों के खिलाफ संगठित अभियान चलाया था, जिसका बड़ा राजनीतिक नुकसान उन्हें झेलना पड़ा था। यह नुकसान इतना बड़ा था कि आज तक राज ठाकरे उससे उबर नहीं सके हैं। केजरीवाल को याद रखना चाहिए कि दिल्ली देश की राजधानी है और इसे बनाने में देश के हर हिस्से ने बराबर का योगदान दिया है। ऐसे में यदि वह क्षेत्रवाद का बीज बोयेंगे, तो इसका नुकसान तो उन्हें ही उठाना होगा।

---

# सुनहरे और सुरक्षित भविष्य के लिए पर्यावरण संरक्षण जरूरी : स्पीकर

**झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष ने समाहरणालय परिसर में किया पौधरोपण, दिया पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन पर जोर**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गिरिडीह।** झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो के गिरिडीह आगमन पर उपायुक्त ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। साथ ही परिसदन भवन में जिला प्रशासन द्वारा उन्हें गॉड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद स्पीकर ने समाहरणालय परिसर में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा अभियान के तहत पौधारोपण किया। इस दौरान स्पीकर ने कहा कि एक महीना के लिए राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा है। जिसका उद्देश्य लोगों को सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के उचित अनुपालन समेत हेलमेट के उपयोग, सेटबेल्ट आदि के संबंध में जानकारी दी जा रही है। साथ ही साथ एलइडी जागरूकता वैन के माध्यम से इसका व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा है ताकि युवा समेत हरेक व्यक्ति जो बाइक, कार और बड़े वाहन चलाते हैं, उस समय सड़क सुरक्षा और यातायात संबंधी नियमों का उचित अनुपालन करें। इसके अलावा उन्होंने बताया कि सुनहरे और सुरक्षित भविष्य के लिए पर्यावरण संरक्षण जरूरी है। मौके पर उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने भी पौधारोपण किया और अन्य को भी पौधारोपण करने हेतु प्रोत्साहित किया। इस दौरान उपायुक्त ने सभी से अनुरोध किया कि पर्यावरण संरक्षण से ही हम अपनी आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित पर्यावरण के साथ एक बेहतर भविष्य प्रदान कर सकते हैं।

---

## दशम फॉल पहुंचे पर्यटन मंत्री, घूम कर किया पूरे क्षेत्र का निरीक्षण

# दशम फॉल को बनाया जायेगा सुंदर, होगा समग्र विकास : मंत्री सुदिव्य सोनू

आजाद सिपाही संवाददाता



**बुंडू।** झारखंड सरकार पर्यटन के मामले में काफी सजग नजर आ रही है, कई जिलों में झारखंड के पर्यटन, कला, संस्कृति, खेल एवं युवा मामले मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू पहुंचकर पर्यटन की दृष्टि में नयी संभावनाओं की तलाश कर रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार को बुंडू अनुमंडल क्षेत्र के दशम फॉल क्षेत्र पहुंचे। इस मौके पर बुंडू अनुमंडल के अनुमंडल पदाधिकारी किस्टो कुमार बेसरा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ओम प्रकाश, बीडीओ सावित्री कुमारी, अंचल अधिकारी हंस कुमार हेंब्रम सहित कई लोग मौजूद थे। मौके पर उन्होंने दशम फॉल के चारों ओर खुद जाकर निरीक्षण किया और पर्यटन की दृष्टि में नयी संभावनाओं की तलाश की। उन्होंने कहा कि दशम फॉल पर्यटन के मामले में काफी बेहद सुखद अनुभव कराता है। दशम फॉल के एक छोर से दूसरे छोर तक ग्लास ब्रिज बनाने को लेकर सहमति बनी है। इस मामले में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ओमप्रकाश ने बताया कि पर्यटन के मामले में राज्य सरकार काफी सचेतता के साथ कार्य कर रही है। मंत्री ने कहा कि दशम फॉल को बेहद सुंदर और अनोखा बनाया जायेगा। लोगों के लिए घूमने फिरने की व्यवस्था की जायेगी। रोपवे, ग्लास ब्रिज, पार्किंग, टॉयलेट की सुविधा सहित पर्यटकों को ठहरने की व्यवस्था तैयार करायी जायेगी। उन्होंने बताया कि 2025 के अंत तक निर्माण कार्य नजर आने लगेगा।

www.epaper.azadsipahi.in

12 जनवरी, 2025
पौष, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही

रांची
रविवार, वर्ष 10, अंक 85

क्षेत्रीय गुणवत्ता मंडल सम्मेलन 2025 में एनटीपीसी बोंगाईगांव का उत्कृष्ट प्रदर्शन




## विधायकों की अनुशंसा पर बनेंगे पुल, आदेश जारी

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में पुल निर्माण के लिए विधायकों की अनुशंसा ली जायेगी। ग्रामीण कार्य विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी किये हैं। मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के तहत उन पुलों का निर्माण किया जायेगा, जहां पुल के अभाव में आवागमन बाधित होता है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया है कि राज्य के गरीबों को पुल या सड़क के अभाव में परेशानी न हो। ग्रामीण कार्य विभाग ने इंजीनियरों को कहा है कि वे वैसे स्थानों की सूची बनायें जहां नदी, नाला के दोनों ओर सड़क बन गयी है पर पुल नहीं बना है। इंजीनियरों को निर्देश दिया गया है कि वे विधायकों से अनुशंसा प्राप्त कर पुल निर्माण का प्रस्ताव भेजें। ताकि समय पर डीपीआर तैयार कर प्रशासनिक स्वीकृति दी जा सके।

## इरफान अंसारी की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में 24 को सुनवाई

**रांची (आजाद सिपाही)।** राज्य सरकार के मंत्री डॉ इरफान अंसारी की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में 24 जनवरी को सुनवाई की तिथि निर्धारित की गयी है। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच इरफान अंसारी की याचिका पर सुनवाई कर रही है। मंत्री ने झारखड हाइकोर्ट के उस आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है, जिसमें अदालत ने दुमका सिविल कोर्ट द्वारा चार्ज फ्रेम किये जाने को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी थी। इरफान अंसारी की याचिका पर हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस अरुण कुमार राय की कोर्ट ने फैसला सुनाया था। दरअसल वर्ष 2018 में दुष्कर्म की शिकार एक बच्ची की फोटो अस्पताल से वायरल होने के मामले में इरफान अंसारी के खिलाफ अदालत ने संज्ञान लिया था। इस मामले में इरफान अंसारी के खिलाफ जामताड़ा थाना में केस दर्ज किया गया था, जिसमें आरोप लगाया गया कि विधायक इरफान अंसारी के मोबाइल से बच्ची का फोटो वायरल हुआ था। दुमका के एमपी-एमएलए कोर्ट में इस मामले की सुनवाई चल रही है। दुमका सिविल कोर्ट ने 21 दिसंबर 2022 को इरफान अंसारी के विरुद्ध चार्जफ्रेम किया था।

# झरिया विधायक के कार्यालय पर हमला, तोड़फोड़ और फायरिंग

- रागिनी ने पूर्णिमा सिंह और रामधीर के परिजनों पर लगाये आरोप
- झरिया थाना के प्रभारी को लिखा पत्र, जांच की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** कोयलांचल क्षेत्र में अभी हिलटॉप ऑउटसोर्सिंग मामले की आग ठंडी भी नहीं हुई है। उससे पहले कोयलांचल में शनिवार को एक नया कांड हो गया। झरिया विधायक रागिनी सिंह के कार्यालय को निशाना बनाया गया है। झरिया थाना क्षेत्र के कतरास मोड़ स्थित कार्यालय में सुबह तोड़फोड़ की गयी और फायरिंग भी की गयी। हमलावर कार्यालय से कंप्यूटर समेत कई सामान भी उठा ले गये। विधायक रागिनी सिंह ने इस घटना के लिए रामधीर सिंह के पुत्र शशि सिंह, पूर्णिमा नीरज सिंह के परिजन एकलव्य और हर्ष सिंह पर आरोप लगाये हैं। झरिया थामा प्रभारी को पत्र लिख कर मामले की जांच की मांग की है।

**मुझे रोकने का प्रयास है:** घटना के बाद रागिनी सिंह ने कहा कि कुछ आपराधिक तत्व के लोगों ने मेरे कार्यालय में तोड़फोड़ और जानलेवा हमला करने का प्रयास किया है। यह जांच का विषय है। उन्होंने कहा कि विपक्ष द्वारा मुझे डराने, धमकाने और रोकने का प्रयास किया जा रहा है।

**पूरे इलाके में सुरक्षा बढ़ायी गयी:** घटना की गंभीरता को देखते हुए स्थानीय प्रशासन अलर्ट है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि यह हमला किसने और किस मकसद से किया गया। फिलहाल पूरे इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी गयी है।

## रागिनी सिंह ने रामधीर सिंह के पुत्र शशि एकलव्य और हर्ष सिंह पर लगाये आरोप



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** विधायक रागिनी सिंह ने झरिया थाना के प्रभारी को पत्र लिखा है। अपने पत्र में विधायक रागिनी सिंह ने कहा कि दिनांक 11.01.2025 को सुबह लगभग सात बजे मुझे कतरास गोड़, झरिया स्थित मेरे कार्यालय में आने का कार्यक्रम था। इसकी सूचना बहुत सारे लोगों को थी। ठंड की वजह से मुझे घर से निकलने में विलंब हो गया। लगभग सुबह आठ बजे सूचना प्राप्त हुई कि मेरे कार्यालय में दो अपराधी आये थे, जिसमें से एक व्यक्ति के हाथ में रूमाल से ढका हुआ पिस्तौल था। कुछ देर के बाद वे कार्यालय से बाहर निकल गये। बाहर निकलते ही फायरिंग करने लगे, जिससे मेरे मुख्य कार्यालय के सामने सड़क की दूसरी तरफ स्थित एक कमरे के पुराने कार्यालय के दरवाजे पर गोली चलायी गयी, जिसका निशान है। रागिनी ने आगे लिखा है कि घटना के उपरांत मैं अपने कार्यालय पहुंची। सीसीटीवी फुटेज देखा तो पहचाना कि एक व्यक्ति शशि सिंह, पिता-रामधीर सिंह है, जो हत्या के आरोप में 14 वर्षों से कानून की नजर में फरार है। सरकार द्वारा उस पर इनाम घोषित है। दूसरा व्यक्ति नवीन सिंह, पिता स्व प्रभुनाथ सिंह था। पूर्व विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह के परिजन एकलव्य पहले कई बार मेरी हत्या की साजिश करते रहे हैं। आज की घटना में एकलव्य सिंह एवं हर्ष सिंह ने ही साजिशन मेरी हत्या कराने की मंशा से शशि सिंह जैसे अपराधी को मेरे कार्यालय में भेजा। अतः आग्रह पूर्वक कहना है कि मेरी हत्या करने की साजिश में संलिप्त लोगों पर कानूनी कार्रवाई करने का कष्ट करें।

## 81 साल के हुए दिशोम गुरु, हेमंत ने दी शुभकामनाएं

**रांची (आजाद सिपाही)।** दिशोम गुरु शिबू सोरेन 81 साल के हो गये हैं। शुक्रवार को मोरहाबादी आवास पर पूरे परिवार और कार्यकर्ताओं के साथ 81 पाउंड का केक काट जन्मदिन मनाया गया। शिबू सोरेन की तबीयत ठीक नहीं है, इसलिए उन्होंने खुद केक नहीं काटा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी पत्नी सह विधायक कल्पना सोरेन ने केक काटा। उनके जन्म दिन को लेकर मोरहाबादी स्थित उनके आवास पर जश्न का माहौल रहा। उनसे मिलने और बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। हेमंत सोरेन ने पिता को जन्मदिवस के अवसर पर पुष्पगुच्छ भेंटकर बधाई दी और पैर छूकर उनसे आशीर्वाद लिया।



### रघुवर पहुंचे शिबू सोरेन आवास, जन्म दिवस की दी बधाइयां

## दिशोम गुरु से रघुवर दास ने लिया आशीर्वाद

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और ओड़िशा के पूर्व राज्यपाल रघुवर दास ने शुक्रवार को ही भाजपा की दोबारा सदस्यता ली और इसके अगले दिन शनिवार को झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन से मिलने उनके आवास पहुंच गये। भाजपा के वरिष्ठ नेता रघुवर दास ने शिबू सोरेन को जन्म दिवस की शुभकामनाएं दीं। साथ ही पैर छूकर उनका आशीर्वाद भी लिया। इस दौरान रघुवर दास ने शिबू सोरेन की पत्नी रूपी सोरेन से भी मुलाकात की और उनका भी आशीर्वाद लिया। इस मुलाकात के दौरान कई राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा की और राज्य की राजनीति में भाजपा की आगामी रणनीतियों को लेकर भी खुलकर बातचीत की।



**रघुवर दास ने सोशल मीडिया साइट पर लिखी ये बात :** रघुवर दास ने अपने पोस्ट में शिबू सोरेन को आदरणीय बाबा कहकर संबोधित किया है, उन्होंने लिखा है, दिशोम गुरु, झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री आदरणीय बाबा शिबू सोरेन जी से आज मिलकर उन्हें जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। साथ ही चाची रूपी सोरेन जी से आशीर्वाद लिया।

**राज्य हित में सरकार का सहयोग करेगी भाजपा :** राज्यहित में गठबंधन सरकार से सहयोग की बात करते हुए रघुवर दास ने कहा कि अगर सरकार सहयोग चाहेगी तो भाजपा सहयोग करेगी, लेकिन किसी से टकराव की स्थिति पैदा नहीं होने देंगे। दास ने कार्यकर्ताओं से भी आह्वान किया कि वे पार्टी को दो घंटे दें और भाजपा सदस्यता अभियान को सफल बनायें, क्योंकि यह राष्ट्र की सेवा का हिस्सा है।

# प्राचार्या ने छात्राओं के साथ किया अश्लील व्यवहार शर्ट उतरवा कर भेजा घर, अभिभावकों में आक्रोश

छात्राओं को 'पेन डे' मनाना पड़ा महंगा, विधायक रागिनी सिंह अभिभावकों के साथ डीसी से मिलीं

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद से एक शर्मसार कर देने वाला मामला शनिवार को प्रकाश में आया है। प्री बोर्ड के अंतिम दिन 'पेन डे' मना रही डिगवाडीह कार्मेल स्कूल की छात्राओं प्राचार्या ने शर्ट उतरवा दिया। छात्राओं को इनरवियर और ब्लेजर में ही घर जाने को मजबूर कर दिया गया। इससे कई छात्राएं मानसिक तनाव में हैं। मामले के खुलासे के बाद छात्राओं के अभिभावक ने धनबाद डीसी माधवी मिश्रा से मुलाकात की। उनके साथ विधायक रागिनी सिंह भी थीं। उन्होंने डीसी को घटना की जानकारी देते हुए मामले पर सख्त कार्रवाई का आग्रह किया।

**आक्रोशित हैं छात्राओं के अभिभावक: :** इस शर्मसार कर देने वाली घटना से आक्रोशित छात्राओं के परिजन शनिवार को धनबाद उपायुक्त माधवी मिश्रा से मुलाकात कर उन्हें उस घटना से अवगत कराया। उन्होंने स्कूल प्रशासन पर उनकी बच्चियों के साथ मानसिक दुष्कर्म करने का आरोप लगाया। उन्होंने स्कूल की प्रिंसिपल के खिलाफ एफआइआर दर्ज करने और उनके इस्तीफे की मांग की है।।

**उपायुक्त ने जाच टीम गठित की:** धनबाद उपायुक्त ने मामले को गंभीरता से लेते हुए इसमें जांच टीम गठित कर दी है। इस जांच टीम में अनुमंडल पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, समाज कल्याण पदाधिकारी, एसडीपीओ और स्थानीय थाना प्रभारी को शामिल किया गया है। ये मामले की जांच करेंगे।

### क्या है मामला

दरअसल गुरुवार को 10वीं की छात्राएं स्कूल के आखिरी दिन को यादगार बनाने के लिए 'पेन डे' मना रही थीं। उन्होंने बताया कि 'पेन डे' में छात्राएं अपने दोस्तों के शर्ट पर कलम से शुभकामनाएं संदेश लिखती हैं। यह बात स्कूल की प्राचार्या को इतना नागवार गुजरा कि करीब 80 छात्राओं के शर्ट को उतरवा दिया। उन्हें इनर वेयर पर ब्लेजर में ही घर भेज दिया। इससे संबंधित एक वीडिया वायरल हुआ, जिसमें छात्राओं ने इस 'पेन डे' को 'ट्रॉमेटिक डे' करार दिया है।

# रांची में पहली बार महिला हॉकी इंडिया लीग आज से

- झारखंड सहित भारतीय महिला हॉकी टीम को भी काफी लाभ होगा : सलीमा टेटे
- विदेशी और देशी प्लेयर्स का अच्छा तालमेल हर टीम में है : नेहा गोयल



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रविवार (12 जनवरी) से 26 जनवरी तक रांची में देश की पहली महिला हॉकी इंडिया लीग (एचआइए) की शुरुआत होगी। इसे लेकर महिला हॉकी टीम की चारों टीम की कैप्टन ने खुशी जताते इसे एक अनूठी पहल और बड़ा मंच बताया है। शनिवार को हॉकी स्टेडियम, मोरहाबादी के सभागार में ओड़िशा वॉरियर्स की कैप्टन नेहा गोयल, श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स की उदिता दुहान, दिल्ली एसजी पाइपर्स की नवनीत कौर और जेएसडब्लू सूरमा हॉकी क्लब की ओर से सलीमा टेटे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस पहल की सराहना की। सलीमा ने कहा कि इस प्रयास से झारखंड सहित भारतीय महिला हॉकी टीम को भी काफी लाभ होगा। चूंकि विदेशी खिलाड़ियों के साथ टीम प्रैक्टिस और अन्य गतिविधियों में भाग लेने का मौका एचआइएल के जरिए मिल रहा है, सो भारतीय महिला खिलाड़ियों को भी काफी कुछ सीखने को मिलेगा। ऐसे आयोजन से नयी लड़कियों के लिए मोटिवेशन होगा। आनेवाले समय में भारतीय टीम के लिए और भी प्रतिभाएं सामने आयेंगी। नेहा ने कहा कि विदेशी और देशी प्लेयर्स का अच्छा कंबिनेशन हर टीम में है। इससे हर खिलाड़ी को अपना स्किल और निखारने का मौका मिलेगा। उदिता ने एक सवाल के जवाब में कहा कि रांची केवल सलीमा टेटे जैसे झारखंड के प्लेयर के लिए होमटाउन नहीं है, यहां खिलाड़ियों को इतना सपोर्ट मिलता है कि यह पूरी भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए भी अपना घर है। रांची के मौसम को अभी थोड़ा ठंडा बताते कहा कि यहां का मौसम खेल के लिहाज से शानदार है। स्टेडियम भी दिलचस्प है।

NATIONAL HEALTH MISSION
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन
GOVERNMENT OF JHARKHAND
National Programme for Control of Blindness

मोतियाबिन्द
मोतियाबिन्द के लक्षण, उपचार एवं रोकथाम




मोतियाबिन्द के लक्षण
- दृष्टि में धुंधलापन या अस्पष्टता।
- बुजुर्गों में निकट दृष्टि दोष में निरंतर बढ़ोत्तरी।
- रंगों को देखने की क्षमता में बदलाव, क्योंकि लेंस एक फिल्टर की तरह काम करता है।
- रात में वाहन चलाने में दिक्कत आना।
- दिन के समय आँखें चौंधियाना
- दोहरी दृष्टि (डबल विजन)।
- चश्मे के नंबर में अचानक बदलाव आना।

मोतियाबिन्द का उपचार
- मोतियाबिन्द का एक मात्र उपचार ऑपरेशन है।
- इस ऑपरेशन में आँख से धुंधला लेंस निकाल दिया जाता है और कृत्रिम लेंस लगाया जाता है।
- मोतियाबिन्द का ऑपरेशन सुरक्षित एवं सरल है।
- मोतियाबिन्द का ऑपरेशन किसी भी मौसम में करवा सकते हैं।

मोतियाबिन्द की रोकथाम
- चालीस वर्ष के पश्चात नियमित रूप से आंखों की जांच कराएं।
- अपना वजन सामान्य बनाएं रखें।
- रंग-बिरंगे फलों और सब्जियों को अपने भोजन में शामिल करें।
- धूम्रपान छोड़ें और शराब का सेवन कम से कम करें।

सभी सरकारी अस्पतालों में नेत्र जाँच एवं उपचार की निःशुल्क सुविधा उपलब्ध है।

P.R. 343759 (Health Med Edu and Family Welfare) 24-25

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड
स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार
104
108





## आर्ट और पेंटिंग प्रतियोगिता में बच्चों ने भरे विकसित भारत के रंग

# विकसित भारत का सपना पूरा करेंगे आज के होनहार: गवर्नर

**राज्यपाल और रक्षा राज्य मंत्री ने की बच्चों की सराहना, आशीर्वाद दिया**

**पीएम के परीक्षा पे चर्चा से पूर्व बच्चों को तनावमुक्त करने के लिए हुआ आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम से पूर्व शनिवार को टेंडर हार्ट स्कूल, रांची में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के मार्गदर्शन में कला एवं पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गयी। इस प्रतियोगिता में एक दर्जन विद्यालयों से अधिक के लगभग 1000 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का आयोजन विद्यार्थियों को परीक्षा से तनाव से मुक्त करने और उत्सव पूर्ण माहौल में परीक्षा लिखने के लिए किया गया था। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार मौजूद रहे। आयोजन की प्रशंसा करते हुए राज्यपाल ने कहा कि यह कला और शिक्षा का अद्भुत संगम है, जिसका प्रयास रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने किया है और टेंडर हार्ट स्कूल ने इसे धरातल पर उतारने का कार्य किया है। बच्चों के द्वारा बनायी गयी कलाकृतियों को देखकर ऐसा लग रहा है जैसे प्रधानमंत्री मोदी के सपनों के भारत में बच्चों ने रंग भरे हैं। यही बच्चे भारत के भविष्य हैं, जिनके माध्यम से विकसित भारत का सपना पूरा होना है।




### बच्चे तनाव से मुक्त होकर परीक्षा लिखें : संजय सेठ

इस अवसर पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि यह हम सबकी जिम्मेदारी है कि हमारे बच्चे तनाव से मुक्त होकर परीक्षा लिखें। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी परीक्षा के समय बच्चों से संवाद करते हैं ताकि बच्चे तनाव से मुक्त हों। यह प्रधानमंत्री की देश के हर व्यक्ति के प्रति संवेदनशीलता और जिम्मेदारी है कि वह बच्चों की भी चिंता कर रहे हैं। प्रधानमंत्री भी जानते हैं कि विकसित भारत का स्वप्न इन्हीं बच्चों के हाथों पूर्ण होना है। आज इस प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का जो प्रदर्शन किया है, इससे हमें विश्वास हो गया है कि भारत एक बार पुनः परम वैभव को प्राप्त करेगा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विद्यालय के अध्यक्ष सुधीर तिवारी, प्राचार्य डॉ उषा किरण झा, निदेशक जे मोहंती, पूनम आनंद, कुमुद झा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### ये बच्चे रहे विजेता

पेंटिंग प्रतियोगिता में सीनियर ग्रुप में टेंडर हार्ट स्कूल के आशीर्वाद को प्रथम, आचार्यकुलम की निधि रानी को द्वितीय और सेक्रेड हार्ट स्कूल की शानवी को तृतीय पुरस्कार दिया गया जबकि जूनियर ग्रुप में डीपीएस की आराध्य रानी को प्रथम, टेंडर हार्ट के ऋषभ सिंह को द्वितीय और सरला बिरला स्कूल की श्रुति श्रेया को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इसके अलावे 25 अन्य बच्चों को भी उनकी बेहतर पेंटिंग के लिए सम्मानित किया गया। वहीं अन्य सभी प्रतिभागी बच्चों को प्रमाण पत्र दिया गया और उन सबके उज्जवल भविष्य की कामना की गयी।

# महिलाएं इतिहास के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभायें: राज्यपाल



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने भारतीय इतिहास लेखन में महिला विमर्श विषय पर आधारित अखिल भारतीय महिला इतिहासकारों का दो दिवसीय अधिवेशन का उद्घाटन किया। शनिवार को आर्यभट्ट सभागार, रांची विश्वविद्यालय, रांची में अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना, कला, संस्कृति, पुरातत्व, पर्यटन, खेलकूद और युवा कार्य मंत्रालय, झारखंड सरकार, भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद, नयी दिल्ली और रांची विश्वविद्यालय, रांची के इतिहास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारत के इतिहास में महिलाओं का योगदान अद्वितीय और प्रेरणादायक रहा है। सावित्रीबाई फुले, रानी लक्ष्मीबाई और झारखंड की वीर नायिकाएं, जैसे फूलो-झानो, इस बात के प्रतीक हैं कि महिलाओं ने हमेशा समाज को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। राज्यपाल ने कहा कि इन महान महिलाओं के योगदान को इतिहास में उचित स्थान दिलाना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने यह भी कहा कि आधुनिक महिला इतिहासकार इस दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास कर रही हैं और महिलाओं की भूमिका को नये दृष्टिकोण के साथ प्रस्तुत कर रही हैं। यह न केवल इतिहास लेखन को समृद्ध करता है, बल्कि समाज के समग्र विकास में सहायक भी है। राज्यपाल ने रांची विश्वविद्यालय, रांची द्वारा 'स्वतंत्रता संग्राम में झारखंड की नायिकाएं' विषय पर आयोजित संगोष्ठी की सराहना की। इस अवसर पर उद्घाटन सत्र में सारांश संग्रह और पिछली संगोष्ठियों में आये शोध पत्रों पर आधारित 5 शोध जर्नल के साथ- साथ दो पुस्तकों का विमोचन भी हुआ।

## महत्वपूर्ण खबरें

### एसआर डीएवी के ऋदम राज का राष्ट्रीय स्तर पर उम्दा प्रदर्शन




रांची (आजाद सिपाही)। एसआर डीएवी पब्लिक स्कूल, पुंदाग के एकादश कक्षा के विद्यार्थी ऋदम राज ने राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार के तत्वावधान में भोपाल में आयोजित 31वें राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस कार्यक्रम में भाग लेकर महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। उक्त कार्यक्रम में झारखंड से चयनित कुल चौदह बाल वैज्ञानिकों में से रांची जिला से एकमात्र एसआर डीएवी पब्लिक स्कूल, पुंदाग, रांची का छात्र ऋदम राज था। इस वर्ष कार्यक्रम का विषय रखा गया था-' स्वास्थ्य एवं कल्याण के लिए पारितंत्र को समझना। ऋदम राज ने अपनी प्रस्तुति को नाम दिया था- ' ग्लोइंग विथ ग्रीन : बैक टू नेचर ' अर्थात ' हरियाली के साथ चमक : प्रकृति की ओर लौटें ' उसने प्राकृतिक पदार्थों यथा विभिन्न फूलों, जड़ी-बूटियों को मिलाकर एक ऐसा हर्बल क्रीम तैयार किया था, जो तुरंत असर दिखाती है। रूखी त्वचा कोमल एवं स्वच्छ हो जाती है। प्राचार्य एस के मिश्र ने ऋदम राज तथा उनकी मार्गदर्शिका शिक्षिका सुजाता सिन्हा को बधाई तथा शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी इसी प्रकार मेहनत करते रहें, नवाचारी प्रयोग करते रहें, तो वे राष्ट्रीय - अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपने विद्यालय का मान बढ़ायेंगे।

### शिविर में 100 लोगों की नि:शुल्क नेत्र जांच




रांची (आजाद सिपाही)। आनंद नगर झिरी शिव दुर्गा मंदिर के प्रांगण में वरिष्ठ समाजसेवी दिनेश जायसवाल एवं राजेश सिंह की पहल पर निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर लगाया गया। डॉ वर्तिका गुप्ता और डॉ मयूरी भट्टाचार्य ने सहयोग किया। मौके पर लगभग 100 व्यक्तियों ने निशुल्क शिविर का लाभ उठाया। डॉ वर्तिका गुप्ता ने संतोष पाठक के सेवा भाव की काफी प्रशंसा की। उन्होंने कहा निश्चित रूप से संतोष पाठक समाज सेवा का कर्तव्य निभा रहे हैं। सामाजिक कार्यकर्ता व्रजेश शर्मा ने कहा - सेवा कार्य करने के लिए धन से ज्यादा मन की आवश्यकता होती है। नेत्र सहायक अंकित कुमार, लालेश्वर कुमार एवं टेक्निकल वर्कर देवराज महतो ने सराहनीय भूमिका निभाई। मौके पर रोनित सिंह, दिवेश चौधरी, गौरव सिंह, राजेश मिश्रा, निर्भय पाठक, व्रजेश तिवारी, गुड्डू झा आदि लोग उपस्थित थे।

### भ्रष्टाचार से आम जनता त्रस्त है : हरिनाथ



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड प्रदेश भ्रष्टाचार निरोधक जांच विभाग की प्रेस कॉन्फ्रेंस भामाशाह नगर रिंग रोड आइटीबीपी क्षेत्र हथिया पत्थल के समीप हरिनाथ ट्रेडर्स कैंपस पर संस्था के झारखंड प्रदेश इस्ट इंडिया जोनल सेक्रेट्री हरिनाथ साहू की अध्यक्षता में रखी गयी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्य रूप से भ्रष्टाचार निरोध जांच विभाग के झारखंड राज्य संयुक्त निदेशक विष्णु साहू, संस्था के ज्वाइंट असिस्टेंट डायरेक्टर कुमार शिवम उपस्थित हुए। प्रेस वार्ता करते हुए विष्णु साहू ने कहा कि पूरे झारखंड के सभी विभागों में भ्रष्टाचारियों का जैसे अड्डा बना हुआ है। जिससे आम जनता त्रस्त है। संस्था का मुख्य उद्देश्य ऐसे भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ प्रभावी कदम उठाते हुए भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाना है। शिवम कुमार सिन्हा ने कहा भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने हेतु संस्था को भारत सरकार सहित विभिन्न प्रशासनिक विभागों द्वारा अधिकृत निबंधन दिया जा चुका है। झारखंड बिहार सहित ईस्ट इंडिया के जोनल सेक्रेटरी हरिनाथ साहू ने कहा एंटी करप्शन इन्वेस्टिगेशन डिपार्टमेंट भारत सरकार द्वारा एक पंजीकृत संस्था है। कार्यक्रम में विशेष रूप से संस्था के झारखंड के असिस्टेंट डायरेक्टर स्पोर्ट्स सेल से अजय कुमार गौतम, झारखंड असिस्टेंट सेक्रेटरी लीगल सेल ललित दास गोस्वामी, स्टेट एडिशनल डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेटिव सेल हजारी प्रसाद मोदी, रांची जिला इंचार्ज प्रमोद प्रसाद गुप्ता, डिस्टिक ऑफीसर रांची समीर कुमार, रांची जिला यूथ सेल प्रेमचंद साहू, रामगढ़ जिला ऑफिसर गणेश जायसवाल एवं कुलजीत सिंह छाबड़ा शामिल हुए।

### श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति ने किया विशाल भंडारा का आयोजन



रांची (आजाद सिपाही)। श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति भुतहा तालाब में अयोध्या के रामलला के प्रथम वार्षिक उत्सव पर शनिवार को मंदिर में भंडारा का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों को खीर, पूरी, सब्जी, खिचड़ी, चिप्स, हलवा, चना, बूंदिया बांटी गयी। श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के मुख्य संरक्षक किशोर साहू, शंकर दुबे, लल्लू सिंह, कुमार राजा, दीनदयाल सिंह, शेखर गुप्ता, दिलीप गुप्ता, गणेश सिंह, राहुल सिंह, प्रिंस मेहता, गोपाल पारीक, दिलीप गुप्ता, राजकुमार गुप्ता, उदय साहू, महेश चंद्र,विशाल कृष्णा, सतीश सिंह, आकाश रजक, नमन भारतीय, रूपक जयसवाल, सौरभ राय, नितेश मिश्रा, संतोष सिंह एवं संस्था के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे। यह जानकारी महासमिति के प्रवक्ता नमन भारतीय ने दिया।

# डॉ उमेश कुमार और डॉ अजय सिंह ने झामुमो की सदस्यता ली

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** शिबू सोरेन के जन्मदिन पर शिक्षा विद डॉक्टर उमेश कुमार, अध्यक्ष विद्यार्थी परिषद रांची महानगर और अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष एवं शिक्षाविद डॉ अजय कुमार सिंह राष्ट्रीय जनता दल झारखंड प्रदेश के बुद्धिजीवी सेल के पूर्व अध्यक्ष के संयुक्त नेतृत्व में सैकड़ों शिक्षाविद, कर्मचारी, छात्र एवं बुद्धिजीवी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की उपस्थिति में झारखंड मुक्ति मोर्चा की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम गुरु जी के मोरहाबादी रांची के आवास पर संपन्न हुआ। इस अवसर पर डॉक्टर उमेश कुमार एवं डॉ अजय कुमार सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में झारखंड प्रदेश में जितने भी राजनीतिक दल कार्य कर रहे हैं उसमें झारखंड मुक्ति मोर्चा जनहित के काम करने में आगे है। आने वाले दिन में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड राज्य चौगुनी तरक्की करेगा।



# इंडियन बैंक इंप्लाइज यूनियन झारखंड का आठवां त्रैवार्षिक सम्मेलन का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** इंडियन बैंक इंप्लाइज यूनियन, झारखंड का आठवां त्रैवार्षिक सम्मेलन का आयोजन रांची में वाइपी सिंह की अध्यक्षता में हुई। इस सम्मेलन के उद्घाटनकर्ता- कॉम सीएच वेंकटाचेलम (महासचिव एआइबीइए), मुख्य अतिथि इंडियन बैंक रांची मंडल प्रमुख रामस्वरूप सरकार, कॉम ई अरूणाचेलम, दीपक शर्मा, उत्पल कांत, अरूप घोष, निरंजन मिश्रा, घनश्याम श्रीवास्तव, आरए सिंह, आरबी सहाय, अनुपम एक्का, देवेश चक्रवर्ती, संदीप बनर्जी एवं देश-राज्य के विभिन्न जिलों के नेता की उपस्थिति में हुई, जहां राज्य के विभिन्न शाखाओं से आये 350 डेलीगेट/ऑब्जर्वर के द्वारा निम्नलिखित पदाधिकारियों का निर्विरोध चयन हुआ। अध्यक्ष-कॉम वाइपी सिंह, महासचिव-कॉम शशिकांत भारती, कोषाध्यक्ष-कॉम अजय कुमार डे, डीजी एस कॉम विभाष झा, एजीएस कॉम विजय मंडल एवं कॉम सरफराज अहमद, ऑर्गनाईजिंग सेक्रेटरी-कॉम राजीव रंजन एवं भरतवीर सिंह, सेक्रेटरी- कॉम, दिलीप पासवान, ऑफिस सेक्रेटरी-कॉम हर्ष कुमार, कॉमरेड वाइपी सिंह (अध्यक्ष) कॉमरेड शशिकांत भारती (महासचिव) कॉमरेड अजय डे (कोषाध्यक्ष) को सर्वसम्मति से चुना गया।




## जेसीएम ने मीरव ट्रस्ट की सहायता से लगाया फ्री मेडिकल कैंप




रांची (आजाद सिपाही)। दिशोम गुरु श्री शिबू सोरेन के 81वें जन्मदिन पर झारखंड छात्र मोर्चा रांची विश्वविद्यालय समिति ने मीरव ट्रस्ट के सहायता से फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन मोराबादी स्थित गुरुजी आवास के सामने किया गया। कैंप में बीपी, ब्लड शुगर, एसपीओ 2, प्लस रेट का नि:शुल्क चिकित्सीय परामर्श हुआ। कैंप का शुभारंभ जेएमएम रांची जिलाध्यक्ष मुस्ताक आलम ने चेकअप कराकर किया। कैंप का समापन जेएमएम केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय ने स्वास्थ्य चेकअप कराकर किया। कैंप में स्वास्थ मंत्री डॉ इरफान अंसारी, हफीजुल हसन अंसारी, राज्यसभा सांसद महुआ माजी कैंप में उपस्थित होकर लोगों को हेल्थ के प्रति जागरूकता पर खुशी जाहिर किये। इस कैंप का सफलता पूर्वक संचालन झारखंड छात्र मोर्चा रांची विश्वविद्यालय समिति अध्यक्ष अमन तिवारी, सचिव असद फेराज टिंकू, मीरव ट्रस्ट चेयरमैन डॉ एच सिंह, सचिव कुमार गौरव ने किया। कैंप में डॉ मधु मालती होरो, डॉ विजय होरो, फरहान, अतुल, खुशी, चंचल, प्रीतिका महत्वपूर्ण योगदान दिया। छात्र मोर्चा के डीएसपीएमयू अध्यक्ष मनीष राणा, रांची विश्वविद्यालय उपाध्यक्ष गुलअफ़्सा सानी, संयुक्त सचिव बीरबल प्रजापति आदि मौजूद रहे।

## डीएसपीएमयू में विकसित भारत और भारतीय ज्ञान प्रणाली पर व्याख्यान



रांची (आजाद सिपाही)। शनिवार को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के सभागार में अपराह्न 2 बजे विकसित भारत और भारतीय ज्ञान प्रणाली पर एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस व्याख्यान के मुख्य आमंत्रित वक्ता थे, पटना विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो डॉ आरबीपी सिंह। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि भारतीय ज्ञान सीमित नहीं है बल्कि इसके तहत भारतीय संस्कृति समाहित है। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय ज्ञान प्रणाली भारतीय लोगों की बौद्धिक संपदा है जो पीढ़ियों से चली आ रही है और उनके अस्तित्व का अभिन्न अंग है। यही ज्ञान परंपरा हमें 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में सहायक सिद्ध होगी। कार्यक्रम में पूर्व कुलपति और मानवशास्त्री डॉ सत्यनारायण मुंडा ने भी विकसित भारत की संकल्पना पर प्रकाश डाला। इसके अलावा इस व्याख्यान में पूर्व कुलपति प्रो डॉ यूसी मेहता ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में विषय प्रवेश और मंच संचालन डॉ अभय कृष्ण सिंह ने किया। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग और आइक्यूएसी के संयुक्त सौजन्य से आयोजित किया गया था। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

# पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन, हाजीपुर की अध्यक्ष सुनीता सिंह के नेतृव में ड्राईंग, पेंटिंग और निबंध प्रतियोगिता 2024 में विजेता बच्चों को पुरस्कृत करने के लिए शनिवार को अधिकारी क्लब, पाटलिपुत्रा रेल परिसर, दीघा में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह में 39 बच्चों को पुरस्कृत किया गया, जिन्हें नकद पुरस्कार, मेरिट प्रमाण पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बच्चों के मनोरंजन के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। इस अवसर पर संगठन की उपाध्यक्ष रंजना कुमार, सचिव मिनाक्षी कुमार, कोषाध्यक्ष अर्चना चौधरी, संयुक्त सचिव प्रियंका सिंह एवं कार्यकारिणी की अन्य सदस्य उपस्थित थीं।

# सिलंबम एसोसिएशन ऑफ झारखंड की नयी कमेटी का किया गया गठन




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सिलंबम एसोसिएशन ऑफ झारखंड की नयी कमेटी का गठन शनिवार को होटल ब्लू रिज अरगोड़ा रांची में आयोजित एक मीटिंग में किया गया। इस मीटिंग में रांची, सिमडेगा, खूंटी, गुमला, लोहरदगा, पूर्वी सिंहभूम पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला,खूंटी आदि जिलों के सभी अध्यक्ष एवं सचिव तथा अन्य सदस्यों ने भाग लिया। इस नवनियुक्त पदाधिकारियों में अध्यक्षः रामस्वरूप कुमार, सचिवः विनीत कुमार यादव, कोषाध्यक्षः प्रकाश रविदास, संयुक्त सचिवः श्रवण साहू, मदन लाल, कलीम खान, तकनीकी निदेशकः संदीप कुमार, सहायक तकनीकी निदेशकः मोहम्मद गौस खान, अन्य सदस्यः आशुतोष कुमार, कलीम, अजय बिपिन, जंगबहादुर, संगीता टोपनो, अंजली कुमारी, जय गोविंद आदि शामिल हैं। सचिव विनीत कुमार यादव ने बताया कि सिलंबम एसोसिएशन ऑफ झारखंड आधिकारिक तौर पर एक सही संगठन है जो की ऑल इंडिया सिलंबम फेडरेशन से संबंधित है।

# डीएसपीएमयू में टुसू मिलन समारोह

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में एक दिवसीय टुसु मिलन समारोह का आयोजन विश्वविद्यालय परिसर में स्थित आखड़ा में शनिवार को किया गया। आखड़ा में स्थापना पारंपरिक विधि- विधान से कुड़मालि रिति रिवाज के साथ किया गया। इसमें डॉ. पुलकेश्वर महतो ने टुसु का परछन पाठ विद्यार्थी के साथ प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में आंगतुक अतिथियों का स्वागत जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग के कोर्डिनेटर डॉ. बिनोद कुमार ने करते हुए कहा कि यहां के पर्व झारखंडी एकता, समरसता का प्रतीक है। मुख्य अतिथि पूर्व कुलपति प्रो. डॉ यूसी मेहता ने कहा कि टुसु पर्व हमारी संस्कृति का विशेष अंग है। विशेषकर कुड़मालि संस्कृति में। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व कुलपति प्रो. डॉ एसएन मुंडा ने टुसु पर्व को हर्षो उल्लास, उमंग का सबसे बड़ा पर्व बतलाया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने टुसु पर्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि टुसु कृषि से जुड़ा एक महत्वपूर्ण पर्व है। इस अवसर पर डॉ. एस एम अब्बास, डॉ. वृंदावन महतो, प्रो. डॉ नमिता सिंह, डॉ. मो. अयुब, डॉ. विनय भरत, डॉ. अभय सागर मिंज, डॉ. राजेश कुमार सिंह, डॉ. अनिता कुमारी, डॉ. राजेश कुमार, डॉ. आइएन साहू, डॉ. राजेंद्र प्रसाद महतो, डॉ. जाफर अब्बास, डॉ. मृत्युजंय कोईरी, डॉ. जितेंद्र कुमार सिंह, डॉ. सत्य प्रिय महतो, डॉ. रतन महतो, डॉ. अभय कृष्ण, डॉ. पारितोष मांझी, संतोष मुर्मू, डॉ. सीता कुमारी, डॉ. सुनिता कुमारी, लक्ष्मी कांत प्रमाणिक, डॉ. हलधर महतो, डॉ. निताई चंद्र महतो, डॉ. मनोज कच्छप, अमन कुमार, बब्लू कुमार महतो, कमलेश महतो, अशोक कुमार पुरान, रूपेश कुमार कुशवाहा, सुचित कुमार राय, राजेश कुमार महतो, सरन प्रमाणिक, प्रवीण कुमार महतो, हेमंत अहीर, सुकुमार, देव, सूरज, रिया आदि विश्वविद्यालय के कई शिक्षक एवं शिक्षेकेत्तर कर्मचारी उपस्थित थे। समारोह में मंच संचालन विभाग के शोधार्थी अशोक कुमार पुराण एवं रूपेश कुमार कुशवाहा ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन बब्लू कुमार महतो एवं अमनजीन मेहता ने किया।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 12 जनवरी, 2025
www.azadsipahi.in


## राज्य में पहली बार झासा दंत संवर्ग का राज्य स्तरीय सम्मेलन

# झारखंड में आयुष्मान भारत योजना के तहत डेंटल प्रक्रियाओं को शामिल किया जायेगा: स्वास्थ्य मंत्री

**डॉक्टरों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता : इरफान अंसारी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** राज्य में पहली बार शनिवार को झासा दंत संवर्ग का राज्य स्तरीय सम्मेलन आइएमए हॉल, रांची में आयोजित किया गया। इसमें राज्य के विभिन्न सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में पदस्थापित लगभग 150 दंत चिकित्सा पदाधिकारी और अन्य शामिल हुए। मौके पर मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने आश्वासन देते कहा कि सभी सरकारी मेडिकल सेंटर में डेंटल सेटअप को मजबूत किया जायेगा। आवश्यक उपकरणों और आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जायेगा।

किसी भी डेंटल सर्जन को अपने कार्यों में उपकरणों की कमी का सामना नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने डॉक्टरों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की बात कही। कहा कि अगर ड्यूटी पर डॉक्टरों के साथ किसी भी तरह का दुर्व्यवहार य मारपीट बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। राज्य की डेंटल सेवाओं को और सशक्त बनाने के लिए डेंटल सर्जनों से सुझाव और परामर्श लेने की बात मंत्री ने कही। भरोसा दिलाया कि उनके विचार और सुझावों को भी योजनाओं में शामिल किया जायेगा। डॉ अंसारी ने कहा कि फरवरी के बाद स्वास्थ्य क्षेत्र में बड़े बदलाव देखने को मिलेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि वे स्वयं एक डॉक्टर हैं और अब मंत्री के रूप में कार्य कर रहे हैं, इसलिए प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ और बेहतर बनाने के लिए उन्हें डॉक्टरों का पूरा सहयोग और समर्थन चाहिए। उन्होंने कहा कि झारखंड में आयुष्मान भारत योजना के तहत डेंटल प्रक्रियाओं को शामिल किया जायेगा। यह पहल राज्य के नागरिकों को किफायती और सुलभ डेंटल सेवाएं प्रदान करने में सहायक होगी। उन्होंने डेंटल सर्जनों की जरूरी मांगों को प्राथमिकता के साथ पूरा करने का भी भरोसा दिया। डीएसीपी का प्रावधान, एमडीएस विशेषज्ञ कैडर का सृजन, डेंटल सर्जन, डेंटल हाइजीनिस्ट, और डेंटल असिस्टेंट्स के लिए पदों का सृजन, 1,000 नये प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसीएस) की स्थापना किये जाने की भी बात कही। मौके पर डॉ शाहरुख अकबर ने दंत चिकित्सकों की समस्याओं और दूसरे पहलुओं की भी जानकारी मंत्री को दी। झासा दंत संवर्ग के उपाध्यक्ष डॉ शरद कुमार ने डेंटिस्टों के कल्याण से संबंधित 12 सूत्री मांगों को मंत्री और निदेशक प्रमुख (स्वास्थ्य सेवाएं) डॉ सीके शाही के पास रखा। झासा के राज्य अध्यक्ष डॉ ठाकुर मृत्युंजय सिंह ने सिविल सर्जनों को और अधिक अधिकार दिये जाने की वकालत की। राष्ट्रीय आइएमए के पूर्व उपाध्यक्ष डॉ अजय कुमार सिंह, झासा के अध्यक्ष डॉ पीपी शाह, रांची के सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार सहित अन्य ने भी सम्मेलन को संबोधित किया।

# श्री राम मंदिर के प्रथम वार्षिकोत्सव पर रांची में धूम-धाम से हुई पूजा-अर्चना

**कार्यक्रम में पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी हुए शामिल**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** अयोध्या के श्री राम मंदिर के प्रथम वार्षिकोत्सव पर शनिवार को श्री महावीर मंडल, बड़ा तालाब के प्रांगण में श्री रामलला एवं महाबली हनुमान की पूजा-अर्चना की गयी। तत्पश्चात सुंदरकांड पाठ किया गया। इसके बाद आरती कर प्रसाद वितरण किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, विधायक सीपी सिंह, विश्व हिंदू परिषद के वीरेंद्र साहू, वरिष्ठ समाजसेवी शंकर दुबे एवं डॉ प्रकाश कुमार ने संयुक्त रूप से की। इस दौरान मरांडी ने सभी पुजारियों को शाल देकर सम्मानित किया। साथ ही राज्यवासियों को वार्षिकोत्सव की बधाई दी। श्री महावीर मंडल रांची के पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन मिश्रा ने बताया कि श्री राम जन्मभूमि में मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम जी के प्राण प्रतिष्ठा के वार्षिकोत्सव के अवसर पर श्री महावीर मंडल द्वारा भव्य पूजा अर्चना की गयी है। वर्षों के इंतजार के बाद भक्तों को श्री राम जी की पूजा करने का अवसर मिला है। यह हर्ष की बात है।

इस मौके पर मुख्य रूप से श्री महावीर मंडल के पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन मिश्रा, वरिष्ठ समाजसेवी रतन जालान, श्री राम बानर सेना के अध्यक्ष लंकेश सिंह एवं श्री चैती दुर्गापूजा महासामिति के महामंत्री सह विश्व हिंदू परिषद के महानगर उपाध्यक्ष गोपाल पारीक और श्री महावीर मंडल हिंदपीढ़ी के रमेश केडिया मौजूद रहे।

# बच्चों के साथ बाबूलाल का जन्मदिन मनाया




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** शनिवार को झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का जन्म दिवस श्री मरांडी ने बच्चों के साथ मिलकर मनाया। जन्मदिवस कार्यक्रम की शुरुआत श्री मरांडी एवं बच्चों के द्वारा केक काटकर की गयी। इसके बाद बच्चों के बीच केक वितरण किया गया। जन्मदिवस के अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजीव रंजन मिश्रा एवं वरिष्ठ समाजसेवी डॉ प्रकाश कुमार एवं शंकर दुबे शामिल थे। श्री मिश्रा ने बाबूलाल को स्वस्थ रहने एवं लंबी आयु की कामना की। कार्यक्रम में लंकेश सिंह, गोपाल पारीक, पीयूष आनंद, प्रभात कुमार रथ, वेणु गोपाल, अविनाश आनंद, फिरंगी साव, पंकज पांडेय सहित दर्जनों लोगों ने बाबूलाल को जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के जन्मदिन पर राजश्री जयंती ने अपनी भावनाएं कविता के रूप में भेंट की।

# सीपीआइ ने दिशोम गुरु को दी बधाई



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** दिशोम गुरु शिबू सोरेन के 81वें जन्मदिन के अवसर पर शनिवार को सीपीआइ के वरिष्ठ नेता सह पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता और रांची जिला सह राज्य कार्यकारिणी सदस्य अजय कुमार सिंह उनके आवास पहुंचे। वहां गुरु जी को पुष्प और बुके देकर स्वस्थ और दीघार्यु रहने की कामना की। बातचीत के दौरान श्री मेहता ने कहा कि हम दोनों ने राजनीति की शुरूआत एक ही विद्यालय से 1966 में कम्युनिस्ट पार्टी में शामिल होकर कॉम मजरूल हुसैन के नेतृत्व में महाजनों और जमींदारों के खिलाफ आंदोलन शुरू किया था। 1973 में झारखंड मुक्ति मोर्चा का गठन किया, उसके बावजूद आज भी पार्टी के साथ संबंध कायम है।

# सीएम से मिलीं जामा विधायक लुइस मरांडी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** जामा विधायक लुइस मरांडी ने शनिवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में सीएम हेमंत सोरेन से मुलाकात की। मौके पर उन्होंने मुख्यमंत्री को नव वर्ष -2025 की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने भी उन्हें नूतन वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

## विजय शंकर नायक ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन को भारत रत्न से सम्मानित करने की मांग की



रांची (आजाद सिपाही)। आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक इ-मेल भेजकर दिशोम गुरु शिबू सोरेन को भारत रत्न से सम्मानित करने की मांग की है। विजय शंकर नायक ने अपने इ-मेल में शिबू सोरेन के संघर्षशील जीवन और उनके योगदान को उजागर किया है। उन्होंने कहा कि शिबू सोरेन ने अपने जीवनकाल में आदिवासी मूलवासी समाज के अधिकारों के लिए संघर्ष किया और झारखंड राज्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। उन्होंने आगे कहा कि शिबू सोरेन को भारत रत्न से सम्मानित करना उनके योगदान को मान्यता देने का एक तरीका होगा। यह सम्मान न केवल शिबू सोरेन को मिलेगा, बल्कि आदिवासी मूलवासी समाज को भी प्रेरित करेगा।

## राजू राम कांके विधानसभा शहरी क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि बनाये गये



रांची (आजाद सिपाही)। कांग्रेस पार्टी ने राजू राम को कांके विधानसभा (शहरी) क्षेत्र के लिए खाद्य जनवितरण व उपभोक्ता मामले के विधायक प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त किया है। यह नियुक्ति उनके कार्यों को देखते हुए की गयी है, और उनसे उम्मीद की जा रही है कि वे सरकारी अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करेंगे और कांके विधानसभा क्षेत्र के लोगों के प्रतिनिधि के रूप में काम करेंगे। राजू राम को यह नियुक्ति कांके विधानसभा क्षेत्र के विधायक द्वारा दी गयी है, और उन्हें क्षेत्र के लोगों की समस्याओं का समाधान करने और उनके हितों की रक्षा करने की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। इस नियुक्ति पर राजू राम ने कहा कि वे इस जिम्मेदारी को स्वीकार करते हैं और कांके विधानसभा क्षेत्र के लोगों के लिए काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# पैरेंट्स एसोसिएशन ने आयोग से की धनबाद घटना की शिकायत



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड पैरेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय राय ने राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग को पत्र लिखकर डिगावाडीह कार्मल स्कूल, धनबाद में छात्राओं के साथ हुई घटना की निंदा की है और जांच की मांग की है। राय ने पत्र में कहा है कि यह घटना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है और इसके लिए स्कूल प्रबंधन को जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए।

### क्या है मामला

राय के अनुसार, 9 जनवरी को डिगावाडीह कार्मल स्कूल, धनबाद में 10वीं कक्षा की छात्राओं ने पेन डे मनाया। इस दौरान उन्होंने एक-दूसरे के शर्ट पर संदेश लिखे। स्कूल प्रबंधन को यह बात पसंद नहीं आयी और उन्होंने छात्राओं को बुलाकर उनकी शर्ट उतरवा दी। छात्राओं ने विरोध किया, लेकिन स्कूल प्रबंधन ने उनकी एक नहीं सुनी। इसके बाद छात्राओं को शर्ट के बिना घर जाने के लिए कहा गया।

राय ने मांग की है कि तत्काल स्कूल प्रबंधन के ऊपर कई धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज होना चाहिए।

**AFFIDAVIT**

As per Affidavit Ref. No. 365 date 11.01.2025, I, Narayan Ram, age 73 years, son of Late Sukar Ram, resident of Makhmargo Birni, Village-Dhab, P.O.-Manjhiladih, P.S.-Birni, Majhladih, Giridih, Jharkhand-825324, Aadhar No.7030 3772 1192, do hereby solemnly affirm and declare as follows:-
1. That I am an Indian Citizen & residing at above noted address.
2. That in Election Commission of India being No. HZW0250704 my name is written as Narayan Ram which is true and correct.
3. That in my Aadhar Card my name is written as Nunulal Ram which is wrong.
4. That I want to change in Aadhar Card of my name as Nunulal Ram to Narayan Ram.
5. That today I will be known as Narayan Ram.
6. That the statements made above are true and correct to the best of my knowledge and belief.
Sworn and Signed this affidavit at Ranchi on 11th day of January, 2025.

# श्री श्याम मंदिर में विशेष पूजा अर्चना



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** श्री श्याम मंडल, रांची द्वारा अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में को खाटू नरेश श्याम बाबा को कार्तिक द्वादशी के पावन अवसर पर संध्या 6 बजे से श्री श्याम प्रभु को खीर चूरमा का भोग अर्पित किया गया। इस अवसर पर वेद प्रकाश बागला ने अपने पूरे परिवार के साथ श्याम बाबा को खीर चूरमा का भोग अर्पित किये। सर्व प्रथम मंडल के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश बागला, मंत्री धीरज बंका एवं बागला परिवार द्वारा गणेश पूजन कर मंदिर में विराजे वीर बजरंगबली एवं शिव परिवार का भी पूजन किया गया। इस अवसर पर पूरा मंदिर परिसर हारे के सहारे की जय-लखदातार की जय जयकारों से गूंज उठा। द्वादशी के दिन श्री श्याम प्रभु का प्रिय भोग खीर चूरमा को लेने भक्तगण कतारबद्ध होकर प्राप्त कर रहे थे। 300 से ज्यादा भक्तजनों प्रसाद प्राप्त किया। तत्पश्चात अयोध्या श्री राम मंदिर के प्रथम स्थापना दिवस पर श्री श्याम मंदिर में दीपोत्सव मनाया गया साथ ही मंडल के सदस्यों द्वारा सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ एवं संकीर्तन का कार्यक्रम किया गया।

**AFFIDAVIT**



शपथ पत्र के अनुसार क्र. सं. 365 दिनांक 11.01.2025 मैं वशिष्ट कुमार सिंह पुत्र स्वर्गीय मुनी सिंह, निवासी वार्ड नंबर 2, मेहदी नगर, हुसैनाबाद पलामू, थाना- हुसैनाबाद, जिला. पलामू, झारखण्ड - 822116, एत्तद्वारा निम्नानुसार पुष्टि एवं घोषणा करता हुं की 1.- कि मैं जन्म से भारतीय नागरिक हूँ। 2. कि मैं अपने अंकित पते पर रह रहा हूँ। 3. मेरी बेटी के जन्म प्रमाण पत्र के अनुसार परी कुमारी सत्य और सही नाम है, लेकिन गलती से आधार कार्ड संख्या 6905 6404 4858 में बेटी का नाम सोन परी के रूप में अंकित हो गया। 4. मेरी पुत्री का नाम सोन परी के स्थान पर परी कुमारी करने हेतु आवश्यक संशोधन। 5. वह परी कुमारी और सोन परी दोनों का नाम एक है 6. यह कि मेरी पुत्री की जन्मतिथि 01.01.2010 है। 7. यह कि मेरे उपरोक्त कथन सत्य एवं सही हैं। 8. इसलिए यह शपथ पत्र मेरी बेटी के आधार कार्ड में नाम सुधार के लिए है।

**शपथ पत्र**

शपथ पत्र के अनुसार क्र. सं. 380 दिनांक 10.01.2025 मै सुभाषी हस्सा पूती, पति अभिषेक पूर्ती, निवासी - ग्राम - इट्टी, पो0- सरदादा, थाना - मुरहू, जिला - खुँटी (झारखंड) शपथ पूर्वक निम्नलिखित ब्यान देती हूँ कि जो सही एवं सत्य है। 1. यह कि उपरोक्त पता की स्थायी हूँ 2. यह कि Anisha Hassa purty मेरी पुत्री है। 3. यह कि मेरी पुत्री का नाम से निर्गत भारत सरकार द्वारा जारी आधार कार्ड सं0 - 3422 9280 8013 है जिसमें मेरी पुत्री का नाम भुलकर Sicilia Hassa purty दर्ज है जो कि गलत नाम दर्ज किया हुआ है। 4. यह कि मेरी पुत्री का वास्तविक नाम Anisha Hassa purty है पुर्णतः सही एवं सत्य है। 5. यह कि शपथ पत्र मेरी उक्त वास्तविक नाम का सत्यापन करने हेतु निष्पादित कर रही हुं। मै सुभाषी हस्सा पूर्ती, शपथपूर्वक घोषणा करती हूँ कि उपरोक्त सभी ब्यान मेरी जानकारी एवं विश्वास से पूर्णतः सही एवं सत्य है।

# अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद का प्रदेश स्तरीय सैन्य महासम्मेलन शुरू

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद, झारखंड प्रदेश के तत्वावधान में शनिवार को गुरुनानक स्कूल सभागार में दो दिवसीय प्रदेश स्तरीय सैन्य महासम्मेलन प्रारंभ हुआ। इस महासम्मेलन में झारखंड राज्य के लगभग दस जिलों के आठ सौ पूर्व सैनिक और सैन्य मातृशक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल वीके चतुर्वेदी, पीवीएसएमएवीएसएम, एसएम (वी) और वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एयर वाइस मार्शल एचपी सिंह, वीर चक्र, वीएसएम (वी) ने संयुक्त रूप से दीप जला कर किया। इस अवसर पर संगठन के राष्ट्रीप अध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल वीके चतुर्वेदी ने कहा कि यह एक ऐसा संगठन है, जो देश की सुरक्षा के साथ राष्ट्र को भी संवार रहा है। सेवा, साहस और सम्मान हमारा मूल मंत्र है। समर्पित भाव से राष्ट्र और संगठन के लिए काम करें। यह संगठन देश के साथ आपके उपर आये विपदा में सदा खड़ा रहेगा। संगठन की शक्ति को समझें। यह आपके साथ कंधे से कंधा मिला कर चलेगा। श्री चतुर्वेदी ने कहा कि राष्ट्र विरोधी ताकतें लगातार देश को कमजोर करने में लगी हैं। भारत हर क्षेत्र में लगातार आगे बढ़ता जा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए झारखंड प्रदेश अध्यक्ष कर्नल अखौरी रंजन सिंह ने कहा कि संगठन आपके लिये इंश्योरेंस की तरह है। इसलिए संगठन से जुड़े और इसको मजबूत बनायें। संगठन सदा आपके साथ खड़ा है। झारखंड में संगठन का विस्तार करना है। इस अवसर पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट एचपी सिंह, मातृशक्ति संयोजक माया कौल, अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद झारखंड प्रदेश के वाइस प्रेसिडेंट कर्नल नीलांबर झा, राजेश पांडे, मातृशक्ति झारखंड प्रदेश की संयोजक पूनम, नारायण प्रसाद, डीडी सिंह, रवींद्र कुमार सिंह, सुनील कुमार सिंह, राम टहल महतो, विनय यादव, एसएन उरांव, लखन प्रसाद ठाकुर, जय प्रकाश सिंह समेत सैकड़ों की संख्या में पूर्व सैनिक और मातृशक्ति उपस्थित थे।

# काम के घंटों से ज्यादा अहम है क्वॉलिटी

काम के दिन और घंटों से जुड़ा विवाद एक बार फिर तेज हो गया है। इनफोसिस के कोफाउंडर एनआर नारायणमूर्ति ने कुछ समय पहले देश के नौजवानों को यह सलाह दी थी कि उन्हें सप्ताह में 70 घंटे काम करना चाहिए। अब एल एंड टी के चेयरमैन एसएन सुब्रमण्यम ने इस बात पर अपनी बेबसी जाहिर की है कि वह अपने कर्मचारियों से सप्ताह में 90 घंटे काम नहीं करवा पा रहे हैं। उनके मुताबिक कर्मचारियों को रविवार के दिन भी काम में जुटे रहना चाहिए। देखा जाये तो बिजनेस हेडों और कंपनियों के सीइओ जैसे पदों पर काम कर रहे लोगों में यह सोच पहले से रही है कि कर्मचारियों को अधिक से अधिक काम करने के लिए प्रेरित किया जाये। व्यक्तिगत स्तर पर इस तरह के प्रयासों में कोई बुराई नहीं है, जब तक कि संबंधित कर्मचारियों के सामने इसे स्वीकार करने या न करने की स्वतंत्रता बनी रहती है। दिक्कत तब खड़ी होती है, जब वे अपनी इस सोच को पॉलिसी के रूप में दूसरों पर लादने का प्रयास करते हैं या इसे राष्ट्र निर्माण जैसे मकसद की आड़ देते हैं। ऐसे में यह सवाल उठता है कि क्या सचमुच किसी देश की या किसी कंपनी की भी उन्नति इस बात पर निर्भर करती है कि वहां लोग कितनी देर तक काम करते हैं। क्या काम की मात्रा ही सबकुछ है या काम की क्वॉलिटी पर भी ध्यान देने की जरूरत होती है? और जब बात क्वॉलिटी की हो, तो क्या यह संभव है कि जिन कर्मचारियों के जीवन में क्वॉलिटी न हो, उनके काम में क्वॉलिटी बनी रहे? जीवन में क्वॉलिटी बनाये रखने के लिए ही वर्क-लाइफ बैलेंस को जरूरी माना गया है। यही वजह है कि हर्ष गोयनका जैसे बिजनेस लीडर्स भी इसकी अहमियत को रेखांकित कर रहे हैं और यही वजह है कि दीपिका पादुकोण जैसी सिलेब्रिटीज भी इस बहस के संदर्भ में मेंटल हेल्थ का मुद्दा उठा रही हैं। बात-बात में राष्ट्र का सवाल उठाने वाले बिजनेस बॉसों को समझना चाहिए कि राष्ट्र के विकास के लिए सिर झुका कर खटते रहने वाले युवाओं से ज्यादा अहमियत स्वतंत्र चेतना वाले युवाओं की है। ऐसे युवाओं की जो वर्कप्लेस पर इम्प्लॉई के रूप में अपना बेस्ट देने के बाद मनुष्य के रूप में अपने विकास पर ध्यान देते हों और परिवार, आस पड़ोस तथा समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का भी अच्छे से निर्वाह करते हों।

**क्या काम की मात्रा ही सबकुछ है या काम की क्वॉलिटी पर भी ध्यान देने की जरूरत होती है? और जब बात क्वॉलिटी की हो, तो क्या यह संभव है कि जिन कर्मचारियों के जीवन में क्वॉलिटी न हो, उनके काम में क्वॉलिटी बनी रहे? जीवन में क्वॉलिटी बनाये रखने के लिए ही वर्क-लाइफ बैलेंस को जरूरी माना गया है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**आज स्वामी विवेकानंद की 162वीं जयंती है, 127 वर्ष पूर्व वराहनगर मठ से सन्यास लेने के बाद उन्होंने अपनी पहली भारत यात्रा के दौरान अपने गुरु भाई स्वामी अखंडानंद के साथ सबसे पहले वाराणसी यात्रा किया, उसके बाद वे अगस्त 1888 में अयोध्या पहुचे। सरयू नदी में स्नान किया फिर अयोध्या में लक्ष्मण घाट स्थित सीताराम मंदिर में ठहरे। भ्रमण के दौरान अयोध्या में हनुमानगढ़ी, सीता रसोई, कनक मंदिर के दर्शन किये।**

# स्वामी विवेकानंद की राम वंदना

**डॉ अमरदीप यादव**



स्वामी विवेकानंद के जीवन पर हनुमान का भी अद्भुत प्रभाव था। जब बाल्यकाल में स्वामीजी को यह जानकारी मिली कि हनुमान जी तो अमर है और अभी भी वनों में निवास करते है ; तो वह घर के पास स्थित केले के बाग में इस आशा से पहुंचे की हनुमान जी उनको वहां दर्शन देंगे।

अयोध्या राम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट द्वारा तीन दिवसीय भव्य उत्सव उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की रामलला का महाभिषेक के साथ कल से शुरू हुआ है। पिछले साल की प्राण प्रतिष्ठा की तरह वार्षिकोत्सव को भी दिव्यता और भव्यता के साथ मनाया जा रहा है। लगभग 500 वर्षो के इंतजार के बाद 22 जनवरी 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में श्री रामजन्मभूमि पर राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा हुआ और प्रभु श्री राम को मंदिर के मुख्य गर्भगृह में स्थापित किया गया। यह ऐतिहासिक पल हजारों वर्षो पौराणिक सनातन संस्कृति के गौरवशाली पलों में दर्ज हुआ।

आज स्वामी विवेकानंद की 162वीं जयंती है, 127 वर्ष पूर्व वराहनगर मठ से सन्यास लेने के बाद उन्होंने अपनी पहली भारत यात्रा के दौरान अपने गुरु भाई स्वामी अखंडानंद के साथ सबसे पहले वाराणसी यात्रा किया, उसके बाद वे अगस्त 1888 में अयोध्या पहुचे। सरयू नदी में स्नान किया फिर अयोध्या में लक्ष्मण घाट स्थित सीताराम मंदिर में ठहरे। भ्रमण के दौरान अयोध्या में हनुमानगढ़ी, सीता रसोई, कनक मंदिर के दर्शन किये। वहां उन्होंने त्यागी जी महाराज और लक्ष्मण किला के संस्थापक रसिकोपासना के आचार्य युगलनन्य शरण के शिष्य पंडित जानकीवर शरण से धर्म, वेदांत, रामायण, महाभारत, गीता और आध्यात्मिक के बारे में चर्चा किया। स्वामी जी रामजन्मभूमि के आध्यात्मिक स्पंदन से आनंदित थे। वे साधु-संतो के बीच रहे, कथा कीर्तन और सत्संगों में भगवान राम की लीला बहुत ही आनंदपूर्वक सुनते थे।

**स्वामीजी के गुरु भाई स्वामी शिवानंद से हमे पता लगता है की स्वामी विवेकानंद चाहते थे कि भारत के हर घर में हनुमान जी की पूजा होनी चाहिए।**

स्वामी विवेकानंद के शिष्य स्वामी अनंत दास ने अपनी आत्मकथा 'माय लाइफ विद माय गुरुजी' में लिखा है, कोलकाता के एक प्रसिद्ध व्यापारी ने राम मंदिर का निर्माण कराया। उसने स्वामी विवेकानंद से मंदिर का उद्घाटन भाद्रपद कृष्ण पक्ष द्वितीया, विक्रम संवत 1957 (12 अगस्त 1900) के शुभ मुहूर्त पर कराया। जब व्यापारी ने उनके चरण स्पर्श करते हुए समय देने के लिए धन्यवाद कहा तो स्वामी विवेकानंद ने कहा- अरे इसमें धन्यवाद क्या, यह तो मेरा सौभाग्य है कि अयोध्या के राजा राम का कलकत्ता में आगमन का मैं प्रत्यक्षदर्शी बना।

पश्चिम की दूसरी यात्रा के दौरान 31 जनवरी 1900 को अमेरिका के कैलिफोर्निया में पासाडेना के शेक्सपियर क्लब में दिये गये एक व्याख्यान में स्वामी विवेकानंद ने कहा कि राम और सीता भारत के आदर्श हैं। अयोध्या के राजा, वीर युग के आदि आदर्श, सत्य और नैतिकता के अवतार राम का जीवन चरित्र एक पुत्र, एक शिष्य, एक पति, एक भाई, एक राजा व एक मित्र के रूप में मनुष्य का सम्पूर्ण सर्वोत्तम आचरण कैसा होना चाहिए, यह सिखाता है। उन्होंने कहा कि भारत में महिलाओं को सीता होने का आशीर्वाद दिया जाता है। एक आदर्श पुत्री, पत्नी एवं मां के रूप में सीता का समूचा जीवन संघर्ष में बीता, किन्तु उन्होंने सारी पीड़ा सहर्ष सहन की और हर परिस्थिति में अपनी पारिवारिक भूमिकाओं के कर्तव्य को पूरी निष्ठा से निभाया।

2 सितंबर 1897 को मद्रास (अब के चेन्नई) के विक्टोरिया हॉल के संबोधन में स्वामी विवेकानंद ने कहा : मैं बस राम के पुल के निर्माण में उस गिलहरी की तरह बनना चाहता हूँ, जो पुल पर अपनी थोड़ी सी रेत-धूल डालकर ही अपने योगदान से काफी संतुष्ट थी।

30 मार्च 1901 को अब के बांग्लादेश के ढाका में मैंने क्या सीखा शीर्षक पर स्वामी विवेकानंद कहते हैं, जहां राम हैं, वहां काम नहीं है; जहां काम है, वहां राम नहीं हैं। रात और दिन कभी एक साथ नहीं रह सकते।

स्वामी विवेकानंद के जीवन पर हनुमान का भी अद्भुत प्रभाव था। जब बाल्यकाल में स्वामीजी को यह जानकारी मिली कि हनुमान जी तो अमर है और अभी भी वनों में निवास करते है ; तो वह घर के पास स्थित केले के बाग में इस आशा से पहुंचे की हनुमान जी उनको वहां दर्शन देंगे। स्वामीजी के गुरु भाई स्वामी शिवानंद से हमे पता लगता है की स्वामी विवेकानंद चाहते थे कि भारत के हर घर में हनुमान जी की पूजा होनी चाहिए क्योंकि उनका व्यक्तित्व हमारे मन को मजबूत बनता है; आत्मशक्ति का विकास करता है। हनुमान जी अपनी इंद्रियों के पूर्ण स्वामी, बुद्धिमान और अतिबलवाना थे।

करोड़ो युवाओं की प्रेरणाश्रोत स्वामी विवेकानंद की प्रासंगिकता वर्ष दर वर्ष बढ़ती है, उनकी प्रेरणा भी माता सीता, प्रभु श्री राम और वीर हनुमान है। इनके जीवन को स्वामीजी ने संपूर्ण भारत राष्ट्र के लिए आदर्श बताया।

**(लेखक : भाजपा ओबीसी मोर्चा झारखंड प्रदेश अध्यक्ष है।)**

## देश-विदेश की खबरें

### रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर 20 से अधिक राज्यों के 2.50 लाख श्रद्धालु अयोध्या पहुंचे

# जातियों में विभाजित रहेंगे तो अपमानित होना पड़ेगा : योगी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**अयोध्या।** रामलला के प्राण प्रतिष्ठा की तिथि पौष शुक्ल द्वादशी कितनी अहम है, इसका नजारा शनिवार को अयोध्या में दिखा। रामलला के विग्रह की भव्य मंदिर में प्रतिष्ठा की वर्षगांठ प्रतिष्ठा द्वादशी के रूप में मनायी जा रही है। राममंदिर में विराजमान बालकराम शनिवार को एक साल के हो गये हैं। प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर अपने लल्ला के दर्शन करने पूरा देश उमड़ पड़ा। 20 से अधिक राज्यों के श्रद्धालु अयोध्या पहुंचे। 2.50 लाख भक्तों ने रामलला के दर्शन किये। शनिवार की सुबह पांच बजे से ही दर्शनपथ पर जयकारे गूंजने लगे थे। आस्था की हिलोरें उमड़-घुमड़ रहीं थी। कोई नृत्य कर रहा था, कोई मंगलगान, हर कोई भावविभोर था। रह-रहकर श्रद्धालुओं की टोली अलग-अलग मुद्रा में हाव-भाव में पहुंच रही थी। हर मन मस्तिष्क में बस राम ही राम समाये थे। रामलला के दरबार में देर शाम तक 2.50 लाख भक्त दर्शन-पूजन कर चुके थे। इसी तरह बिहार, रायपुर, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, मुंबई, ओड़िशा सहित उत्तरप्रदेश के विभिन्न प्रदेशों से आये श्रद्धालुओं में प्रतिष्ठा द्वादशी के उत्सव का साक्षी बनने की होड़ सी दिख रही थी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को प्राण-प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर आयोजित प्रतिष्ठा द्वादशी कार्यक्रम में अंगद टीला पर जनसमूह को संबोधित किया। प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में पीएम मोदी ने देशवासियों से आह्वान किया कि राम राष्ट्र के प्रतीक हैं। राम हैं तो राष्ट्र है, राष्ट्र है तो राम हैं। दोनों को अलग नहीं कर सकते, दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं। राम मंदिर का निर्माण दुनिया में दबी-कुचली सभ्यता और संस्कृति के लिए संदेश भी है कि लोकतांत्रिक, संविधान सम्मत तरीके से अधिकार लिए जा सकते हैं। समाज बंटा था तो देव स्थल अपमानित हो रहे थे। जाति व अन्य वादों के आधार पर विभाजित रहेंगे तो अपमानजनक स्थितियों का निरंतर सामना करना पड़ सकता है। मुख्यमंत्री ने रामलला के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिंदू पंचांग के अनुसार श्रीराम जन्मभूमि पर प्रभु रामलला की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास द्वारा प्रतिष्ठा-द्वादशी के रूप में त्रिदिवसीय आयोजन का शुभारंभ किया गया है। 22 दिसंबर 1949 को रामलला का अपनी जन्मभूमि में प्रकट होना इस पूरी लड़ाई की पृष्ठभूमि को आगे बढ़ाता हुआ आज इन स्थितियों में पहुंचा कि प्राण-प्रतिष्ठा के एक वर्ष के उपरांत मंगलगान के साथ हम सभी गौरव की अनुभूति कर रहे हैं।

# दिल्ली शराब नीति पर कैग रिपोर्ट : 2026 करोड़ का हुआ नुकसान

- **केजरीवाल सरकार ने फैसलों पर एलजी की मंजूरी नहीं ली, लाइसेंस में गड़बड़ी; नेताओं को घूस**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




उधर भाजपा नेता अनुराग ठाकुर ने शनिवार को दिल्ली में प्रेस कांफ्रेंस करके बताया कि आप की शराब नीति से सरकार को 2026 करोड़ का नुकसान हुआ।

**नयी दिल्ली।** विधानसभा चुनाव से 25 दिन पहले दिल्ली में शराब नीति को लेकर कैग (कंप्ट्रोलर एंड ऑडिटर जनरल ऑफ इंडिया) की रिपोर्ट लीक हुई है। इसमें सरकार को 2026 करोड़ रुपये का रेवेन्यू लॉस होने की बात कही गयी है।

इंडिया टुडे ने दावा किया है कि रिपोर्ट की कॉपी उसके पास है। रिपोर्ट में बताया गया है कि शराब नीति में काफी गड़बड़ियां थीं, जिनमें लाइसेंस देने में खामी भी शामिल है। इसके साथ ही आप लीडर्स को कथित तौर पर घूस के जरिए फायदा पहुंचाया गया।

रिपोर्ट में बताया गया है कि डिप्टी चीफ मिनिस्टर जिस ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स की अगुआई कर रहे थे, उसने एक्सपर्ट पैनल के सुझावों को खारिज कर दिया था। कैबिनेट ने नीति को मंजूरी दे दी थी और कई अहम फैसलों पर तब के उप-राज्यपाल की मंजूरी भी नहीं ली गयी थी।

रिपोर्ट के मुताबिक शिकायतों के बावजूद सभी को नीलामी की बोली लगाने की मंजूरी दे दी गयी थी, जिन्हें घाटा हुआ था, उन्हें भी लाइसेंस दे दिये गये या रिन्यू कर दिए गये थे। कैग रिपोर्ट को अभी दिल्ली विधानसभा में रखा जाना है। दिल्ली में 2021 में नयी शराब नीति लागू की गयी थी। इसमें लाइसेंस आवंटन को लेकर कई सवाल खड़े हुए। नीति वापस लेनी पड़ी। अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया पर भ्रष्टाचार का आरोप लगा। दोनों जेल भी गये। सीएम और डिप्टी सीएम पद छोड़ना पड़ा। फिलहाल जमानत पर बाहर हैं।

# कन्नौज रेलवे स्टेशन की निर्माणाधीन इमारत गिरी, मलबे में दबे 20 मजदूर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लखनऊ।** यूपी के कन्नौज में शनिवार की दोपहर भीषण हादसा हो गया। रेलवे स्टेशन की निर्माणाधीन इमारत का लेंटर अचानक से भरभरा कर गिर गया। इस दौरान इमारत के नीचे काम कर रहे करीब 20 मजदूर मलबे में दब गये, जिससे वहां हड़कंप मच गया। हादसे की खबर मिलते ही पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके की ओर रवाना हो गये और राहत-बचाव के निर्देश दिये गये। आनन-फानन में राहत-बचाव की टीम मौके पर पहुंची और मलबे में दबे मजदूरों को बाहर निकालने का काम शुरू कर दिया। टीम ने देर शाम तक छह मजदूरों को मलबे से बाहर निकाला है, जिन्हें अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है। बाकी मजदूरों का रेस्क्यू जारी है। अधिकारियों के मुताबिक अभी राहत-बचाव कार्य जारी है। जल्द ही अन्य मजदूरों को भी मलबे से बाहर निकाल लिया जायेगा। हादसा शनिवार दोपहर करीब तीन बजे का है। उस दौरान रेलवे स्टेशन परिसर में अमृत योजना के तहत निर्माण कार्य चल रहा था। हादसे की सूचना मिलते ही आनन-फानन में पुलिस, प्रशासन और रेलवे के अफसर मौके पर पहुंचे। इसके अलावा जीआरपी और आरपीएफ की टीम भी मौके पर पहुंची। टीम ने तुरंत राहत बचाव कार्य अभियान चलाया।

### दयपुर में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के चिंतन शिविर का उद्घाटन

# भारत ने जी 20 की अध्यक्षता करते हुए वैश्विक ध्यान 'महिला विकास' से बदल कर 'महिला नेतृत्व में विकास' पर केंद्रित किया, जिसे ब्राजील ने समर्थन दिया : अन्नपूर्णा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**नयी दिल्ली।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार 10-12 जनवरी के दौरान राजस्थान के उदयपुर में चिंतन शिविर की मेजबानी कर रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन केंद्रीय मंत्री महिला एवं बाल विकास अन्नपूर्णा देवी ने महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और उपमुख्यमंत्री और राजस्थान की महिला एवं बाल विकास मंत्री दीया कुमारी की उपस्थिति में किया।

अपने उद्बोधन केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि भारत ने जी 20 की अध्यक्षता करते हुए वैश्विक ध्यान 'महिला विकास' से बदलकर 'महिला नेतृत्व में विकास' पर केंद्रित किया, एक दृष्टिकोण जिसे ब्राजील ने 2024 में अपनी अध्यक्षता के दौरान मजबूती से समर्थन दिया। महिला और बाल विकास राज्य मंत्री, सवित्री ठाकुर ने मंत्रालय की वर्तमान पहलों को रेखांकित करते हुए कहा कि महिलाओं को सशक्त बनाने और बच्चों के कल्याण को सुनिश्चित करने के हमारे प्रयास रंग ला रहे हैं। इस शिविर में सहयोगात्मक चर्चाओं और अनुभवों के आदान-प्रदान के माध्यम से हम सफल प्रथाओं को व्यापक स्तर पर लागू करने का लक्ष्य रखते हैं। राजस्थान के मुख्यमंत्री, भजन लाल शर्मा ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में इस आयोजन की मेजबानी पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि राजस्थान को इस परिवर्तनकारी आयोजन की मेजबानी पर गर्व है। यह चिंतन शिविर सार्थक संवाद और सहयोग का एक मंच है।

# नशीली दवा की तस्करी के खिलाफ भारत में जीरो टॉलरेंस : अमित शाह

**10 साल में 24 लाख किलो नशीली दवाएं जब्त की गयीं**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने पिछले 10 सालों में नशीली दवाओं के खिलाफ अपनी लड़ाई को काफी मजबूत किया है और इस दिशा में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। उन्होंने बताया कि 2004 से 2014 के बीच लगभग 3.63 लाख किलो नशीली दवाएं जब्त की गयी थी, जबकि पिछले 10 वर्षों में यह आंकड़ा बढ़कर 24 लाख किलो तक पहुंच गया है, जो कि सात गुना अधिक है। उन्होंने कहा कि देश में नशीली दवाओं की तस्करी की बढ़ती समस्या और राष्ट्रीय सुरक्षा पर इसके पड़ने वाले प्रभावों से निपटने के लिए सरकार और सक्रिय हो गयी है।

नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) की ओर से नशीली दवा की तस्करी और राष्ट्रीय सुरक्षा पर शनिवार को एक क्षेत्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उक्त बातें कहीं। इस दौरान विशेष रूप से उत्तर क्षेत्र के आठ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में इससे निपटने पर फोकस रहा।

# एसडीओ ने सदर अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने शनिवार शाम सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने अस्पताल उपाधीक्षक हरेन चंद्र महतो के साथ संक्षिप्त बैठक कर अस्पताल प्रबंधन से जुड़े विभिन्न समसामयिक विषयों पर जानकारी ली। तदुपरांत उन्होंने उपाधीक्षक के साथ ही अस्पताल परिसर का भ्रमण किया। उपाधीक्षक महतो ने अस्पताल में आये दिन अराजक तत्वों द्वारा हो हंगामा तथा विधि व्यवस्था बिगाड़ने जैसी घटनाओं को एसडीओ के समक्ष रखते हुए अनुरोध किया कि यहां पर कुछ सुरक्षाकर्मी प्रतिनियुक्त किये जाएं। इस पर अनुमंडल पदाधिकारी ने आश्वस्त किया कि वे इस दिशा में नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करेंगे।

**ब्लड बैंक में स्टॉक की जांच की, दिये सुझाव और निर्देश :** संजय कुमार ने उपाधीक्षक के साथ ब्लड बैंक का गहनता से मुआयना किया। ब्लड बैंक प्रभारी तथा काउंसलर अनुपस्थित पाये गये। मौजूद लोगों से प्राप्त जानकारी के अनुसार ब्लड बैंक प्रभारी न के बराबर ही ब्लड बैंक में आते हैं।

मौके पर मौजूद दो लैब टेक्नीशियनों ने आज के रक्त की आगत तथा निर्गत के साथ-साथ मौजूदा स्टॉक के बारे में अधिकारियों को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि थैलेसीमिया ग्रस्त 3 बच्चों को भी आज मांग अनुरूप ससमय रक्त मुहैया कराया गया है। ब्लड बैंक के बाहर बोर्ड पर रक्त के उपलब्ध वर्तमान स्टॉक के बारे में भी ब्लड ग्रुप वार विवरणी लिखी पायी गयी।

संजय कुमार ने ब्लड बैंक कर्मियों के साथ-साथ उपाधीक्षक से भी कहा कि वे एक व्हाट्सएप ग्रुप तैयार कर लें जिसमें ब्लड बैंक के सभी कर्मी व उपाधीक्षक के अलावा सिविल सर्जन मौजूद रहें। उक्त ग्रुप में रक्त के स्टॉक की जानकारी का अपडेट प्रतिदिन सुबह होता रहे, साथ ही रिक्यूजीशन लेटर भी साझा होते रहें। इससे न केवल अस्पताल प्रबंधन के वरीय पदाधिकारी रक्त कोष के मौजूदा स्टॉक की अद्यतन जानकारी ले सकेंगे बल्कि उन्हें ब्लड रिक्यूजीशन संबंधी मांग पत्रों पर अपना अनुमोदन देना भी आसान हो जायेगा। संजय कुमार ने कहा कि अस्पताल प्रबंधन में दिनों दिन सुधार देखने को मिल रहा है।

## तीन बाइकों की आपस में भिड़ंत, दो घायल


घायल युवक।

बड़गड़ (आजाद सिपाही)। बड़गड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत भंडरिया टेहरी मुख्य मार्ग पर बाड़ी खजुरी गांव में तेज रफ्तार तीन मोटरसाइकिल आपस में भिड़े, जिसमें दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये, वहीं दुर्घटना में मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 30 एफ 5224, सीजी 15 डीएम 1425 तथा सीजी 30 बी 9144 बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी। दुर्घटना में घायल बोड़री गांव निवासी मटेरन बाखला का पुत्र अमलेश बाखला, ग्राम जरीयाें थाना चांदों बलरामपुर निवासी पुशनाथ नगेशिया पिता राधा गणेश नगेशिया को घायलावस्था में बड़गड़ थाना पुलिस द्वारा इलाज हेतु भेजने की तैयारी की जा रही थी। घटना की सूचना पर बड़गड़ थाना पुलिस रामसिंह गगराई के नेतृत्व में मौके पर पहुंच जांच पड़ताल शुरू करते हुए तीनों दुर्घटना ग्रस्त मोटरसाइकिल को जप्त कर थाने ले आयी।

## 13 और 15 जनवरी को आयुष्मान कार्ड बनवाने को लेकर विशेष कैंप का होगा आयोजन

कांडी (आजाद सिपाही)। प्रखंड कार्यालय पर 13 और 15 जनवरी को आयुष्मान कार्ड बनवाने को लेकर विशेष कैंप का आयोजन किया गया है। जानकारी देते हुए बीडीओ राकेश सहाय ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र के जो लोग भी अपना आयुष्मान कार्ड बनवाना चाहते हैं या आयुष्मान कार्ड उनका किसी कारण से नहीं बन पा रहा है वैसे सभी लोगों के लिए सोमवार 13 जनवरी और बुधवार 15 जनवरी को प्रखंड कार्यालय भवन में विशेष कैंप का आयोजन किया गया है। जो व्यक्ति भी आयुष्मान कार्ड बनाना चाहते हैं या उनका आयुष्मान कार्ड किसी वजह से नहीं बन पाया है वे सभी लोग अपना-अपना राशन कार्ड, आधार कार्ड, तथा बैंक खाता की छाया प्रति के साथ प्रखंड कार्यालय भवन में उपस्थित होंगे।।उनका आयुष्मान कार्ड विशेष कैंप लगाकर के बनवाया जायेगा।

## कांडी प्रमुख के विरुद्ध पेश अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा और मतदान 18 को

गढ़वा (आजाद सिपाही)। कांडी प्रखंड के प्रमुख सत्येंद्र पांडेय के विरुद्ध पेश अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा और मतदान के लिए 18 जनवरी का दिन निर्धारित किया गया है। इस संबंध में पंचायत समिति के सदस्यों को विहित प्रपत्र में नोटिस जारी किये जा चुके हैं। इस संबंध में सदर अनुमंडल पदाधिकारी सह पीठासीन पदाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि अविश्वास प्रस्ताव पर 15 दिन के अंदर नियमानुसार कार्रवाई करने का प्रावधान है, इसलिए निर्धारित सीमा के अंदर ही चर्चा और मतदान के लिए तिथि निर्धारित की गयी है। उन्होंने बताया कि उक्त चर्चा और मतदान हेतु गढ़वा मुख्यालय स्थित अनुमंडल कार्यालय सभा कक्ष में 18 जनवरी शनिवार को पूर्वाह्न 11:00 बजे मौजूद रहने हेतु पंचायत समिति के सदस्यों को प्रपत्र 'ख' नियम 3 (क) के तहत नोटिस के माध्यम से सूचना दे दी गयी है। उन्होंने बताया कि उक्त कार्रवाई में उपस्थित हेतु पलामू लोकसभा क्षेत्र के माननीय सांसद, विश्रामपुर विधानसभा के माननीय विधायक तथा भवनाथपुर विधानसभा के माननीय विधायक को भी लिखित में सूचित कर दिया गया है। स्थानीय सांसद एवं विधायक अविश्वास प्रस्ताव की बैठक में या तो स्वयं मौजूद रह सकते हैं या वे चाहें तो उक्त कार्रवाई में भाग लेने हेतु विशेष रूप से प्राधिकृत करते हुए अपने प्रतिनिधि को भी भेज सकते हैं। हालांकि सांसद और विधायक की ओर से इस बैठक के लिए प्राधिकृत प्रतिनिधि को सदन की संख्या के रूप में तो गिना जाएगा पर उन्हें मतदान का अधिकार नहीं है।

## शांति निवास और बीएनटी संत मैरी फाइनल में



गढ़वा (आजाद सिपाही)। 23वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में शांति निवास ने ज्ञान निकेतन बेलचंपा को तीन विकेट से बीएनटी संत मैरी ने रोमांचक मुकाबले में आरके पब्लिक स्कूल गढ़वा को चार रन से हराकर प्रतियोगिता के फाइनल में पहली बार प्रवेश किया। परमेश्वरी मैंन ऑफ द मैच का पुरस्कार शांति निवास के रिमझिम और बीएनटी संत मैरी को जायंट्स ग्रुप के अध्यक्ष कमलेश कुमार गुप्ता और गढ़वा जिला के पूर्व खिलाड़ी सच्चीता धर दुबे प्रदान किया।

## वाइसीसी क्रिकेट क्लब ने 84 रन से जीता मैच




गढ़वा (आजाद सिपाही)। गढ़वा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित लीग का पंद्रहवां मैच जावा क्रिकेट क्लब तथा वाईसीसी क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। जिसमें पहले टॉस जीत कर पहले बलेबाजी करते हुए वाई सी सी क्रिकेट क्लब ने 255 रनों का लक्ष्य दिया जिसमें तन्मय कुमार ने 107 रन और तरुण ने 33 रनों का योगदान दिया। वही जवाबी पारी खेलने उतरी जावा क्रिकेट क्लब की टीम 170 रन बनाकर ऑल आउट हो गयी। वाईसीसी यह मैच 84 रनों से जीत गया। जावा की तरफ से बल्लेबाजी करते हुए !अविनाश कुमार 32 रन आकाश पाल 22 रन और प्रकाश यादव 22 रन बनाए! वाई सी सी की तरफ से गेंदबाजी करते हुए रूपेश ने 4 विकेट और मोहित राज 2 विकेट लिए। मैच में अच्छा प्रदर्शन करते हुए तन्मय कुमार को मन ऑफ द मैच का पुरस्कार क्रिकेट कोच सिकंदर के द्वारा दिया गया।

# भाजपा सदस्यता अभियान में महिलाओं की अहम भूमिका होगी : रूपा सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** भाजपा सदस्यता अभियान को लेकर महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अनिता गुप्ता की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक गढ़वा में संपन्न हुई।

मौके पर मुख्य अतिथि महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष रुपा सिंह ने कहा कि भाजपा सदस्यता अभियान में महिलाओं की अहम भूमिका होगी। भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है, जिसमें महिला कार्यकर्ताओं की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि भाजपा संगठन पर्व सदस्यता महाभियान 20 जनवरी तक ही चलेगा। जिसमें प्राथमिक सदस्य एवं सक्रिय सदस्य बन सकते हैं। भाजपा ही एक मात्र ऐसा पार्टी है जो महिलाओं के उत्थान के लिए संकल्पित है। उन्होंने कहा कि गढ़वा जिले सहित पूरे प्रदेश में महिला मोर्चा का सदस्यता अभियान तेजी से चल रहा है। उन्होंने कहा कि जो कार्यकर्ता 50 सदस्य बनायेंगे, वहीं सक्रिय सदस्य बन सकते हैं और जो सक्रिय सदस्य बनेंगे, वहीं बुथ से लेकर जिला तक के संगठन में दायित्व में रह सकते हैं।

मौके पर भाजपा जिला मिडिया प्रभारी रितेश चौबे ने कहा कि कार्यकर्ता ओं के दम पर ही भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है संगठन के कार्य में सदस्यता अभियान का विशेष महत्व है यह सदस्यता अभियान पांच साल में एक बार चलता है उन्होंने कहा कि जो लोग पहले सदस्य बन चुके हैं उनको भी अनिवार्य रूप से सदस्यता लेना होगा। तभी वह भाजपा के प्राथमिक सदस्य रह सकते हैं।

भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अनीता गुप्ता ने कहा कि गढ़वा जिले में महिला मोर्चा हजारों सदस्य बनायेगी। मौके पर मुख्य रूप से भाजपा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी की पत्नी मीरा तिवारी जिला मंत्री पार्वती सिंह भारती तुफानी, सुनीता नागमती राधा सुलेखा, अंजना रंजना सहित अन्य कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## भाजपा नेता अनिल के पिता का निधन

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। पंडरिया पंचायत के मुखिया गायत्री देवी के ससुर एवं भाजपा नेता अनिल चौबे के 85 वर्षीय पिता युगल किशोर चौबे का शनिवार को निधन हो गया, जिससे प्रखंड में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक के घर पर पहुंच कर स्थानीय लोग और कार्यकर्ता शोक व्यक्त करने पहुंचे और परिजनों को ढांढस बंधाया। मुखिया गायत्री देवी के ससुर के निधन से परिवार में गहरा शोक व्याप्त है। गांव के पानी श्मशान घाट पर पुत्र सुनील चौबे नें मुखाग्नि दी। शोक व्यक्त करने वालों में चपरी पंचायत मुखिया शैलेश चौबे, भानु गुप्ता, दुदून चौबे चौबे, उपेंद्र सहित कई लोग थे।

## पानी पाइप लाइन के गड्ढे में गिरने से महिला की मौत

रंका(आजाद सिपाही)। रंका थाना क्षेत्र के विश्रामपुर में पानी पाईप लाईन के गड्ढे में गिर जाने से एक वृद्ध महिला मुनियां देवी उम्र- 49 वर्ष (लगभग) की मौत हो गयी। ग्रामीण मुआवजा की मांग कर रहे थे।

# मझिआंव की टीम ने ट्राफी पर जमाया कब्जा

**फाइनल मैच का शुभारंभ मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक अनंत प्रताप देव, ताहिर अंसारी, दीपक देव और कन्या विवाह सोसाइटी के सचिव विकास माली ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**विशुनपुरा।** विशुनपुरा नवयुवक संघ के तत्वाधान में राजकीय उच्च विद्यालय विशुनपुरा के मैदान में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला चेचरिया बनाम मझिआंव के बीच खेला गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक अनंत प्रताप देव, ताहिर अंसारी, दीपक देव और कन्या विवाह सोसाइटी के सचिव विकास माली ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया।

फाइनल मैच में चेचरिया की टीम ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी मझिआंव की टीम ने 14 ओवर में 155 रनों का लक्ष्य रखा, जवाबी पारी खेलने उतरी चेचरिया की टीम ने दस ओवर में ही 54 रन पर ढेर हो गयी। इस तरह मझिआंव की टीम फाइनल मैच को 102 रनों से जीत लिया।

वहीं मौके पर विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा कि खिलाडियों ने बहुत ही लगन से खेल को खेला है। सरकार भी खेलो झारखंड के माध्यम से युवाओं को निखारने का कार्य करती है। खिलाड़ी बेहतरीन प्रदर्शन कर जिला और प्रदेश स्तर पर भी खेलेंगे, जैसे झारखंड के लाल महेंद्र सिंह धौनी भी देश स्तर पर खेला है। उन्होंने कहा कि 10 वर्षो से इस क्षेत्र में भष्टाचार का जंग लगा हुआ है, जंग हटाने में समय लगेगा। उन्होंने शिबू सोरेन के जन्मदिन पर बधाई दिया। हेमंत सरकार एक बार बनने के बाद फिर दुबारा चुन कर आयी है। हर क्षेत्र में विकास किया जायेगा।

वहीं ताहिर अंसारी ने कहा कि यहां पर खेल का स्टेडियम नहीं है, यहां बेहतरीन खेल की शुरुआत देखने को मिला है। उन्होंने विशुनपुरा में खेल स्टेडियम बनाने का आग्रह किया है।

वही कन्या विवाह सोसाइटी के सचिव विकास माली ने कहा कि सोसाइटी के द्वारा प्रत्येक वर्ष खेलाडियो के अंदर छुपी प्रतिभा को निखारने के कार्य किया जाता है। उन्होंने कहा कि 14 वर्षो से सोसाइटी द्वारा कार्य किया जा रहा है, अभी तक 14 हजार युवतियों का विवाह किया गया है, इसके बाद 251 बहनों का विवाह कराने का लक्ष्य रखा गया है। फरवरी में विवाह का कार्यक्रम रखा गया है। इस मौके पर धर्मेंद्र सिंह, शिवकुमार ठाकुर, संजय गुप्ता, माणिक गुप्ता, बिजय चौरशिया, बिकास कुमार, मिट्ठु चौरशिया, अमन भंडारी सहित कयी लोग उपस्थित थे।

## युवा महोत्सव खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। बोकारो स्टील माइंस महाविद्यालय में चार दिवसीय युवा महोत्सव खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।इस दौरान छात्र लोगों को 800 मीटर एवं छात्राओं को 400 मीटर लंबी दौड़ कराया गया। छात्र वर्ग में विकास पासवान प्रथम, द्वितीय सोनू कुमार व कमलेश रजक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में कुसुम कुमारी प्रथम, प्रियंका कुमारी द्वितीय व दुसरी प्रियंका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कुर्सी रेश प्रतियोगिता में इन्दु कुमारी प्रथम, कुसुम कुमारी द्वितीय एवं अशा कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। खेल प्रतियोगिता में भाग लेने वाले, नेहा कुमारी रेशु कुमारी, प्रीति, तारा, पूजा, ममता,पुनम कुमारी, कुसुम कुमारी पप्पू सिंह खरवार फुलेंद्र यादव, तनवीर, रविशंकर जयसवाल सहित अन्य उपस्थित थे।

## केतार में मुखिया ने बांटा कंबल



केतार (आजाद सिपाही)। पंचायत केतार के मुखिया प्रमोद कुमार ने दर्जनों असहाय, वृद्ध एवं जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल बांटा। प्रखंड क्षेत्र में कनकनी की ठंड ने जन जीवन अस्त व्यस्त कर दिया है। मुखिया प्रमोद कुमार ने कहा की जिन जरूरतमंद को अभी तक कंबल उपलब्ध नहीं हो पाया है उन्हे चिन्हित कर अपने निजी मद से कंबल उपलब्ध कराया जायेगा। मौके पर वार्ड सदस्य सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## पड़ताल में घरों से मिल रही इमारती लकड़ियां



बड़गढ़ (आजाद सिपाही)। ग्राम सभा कला खजुरी के लोगों ने वन प्रबंधन का काम जोरों से शुरू कर दिया है हालांकि इस ग्राम सभा ने अभी तक वन प्रबंधन समिति का गठन नहीं कर पाया है। गत 8 जनवरी, 2025 से लेकर 10 जनवरी 2025 तक घर घर जाकर जलावन की लकड़ी को छोड़कर अन्य इमारती लकड़ी की पड़ताल कर रहे हैं। इस पड़ताल के भयानक नतीजे निकलकर सामने आ रहे हैं। प्रायः सभी घरों में सखुआ का तोमबा मिल रहा है, जिसे ग्राम सभा ने काटने पर पाबंदी लगा रखा है। ऐसी कटाई से जंगल उजड़ता जा रहा है। ग्राम सभा ने यह नियम बना रखा है कि कोई भी व्यक्ति वनोत्पाद और सुखी लकड़ी के आलावे इमारती लकड़ी लाता है तो उसके लिए वन प्रबंधन समिति अथवा ग्राम सभा के अधिकारियों के समक्ष लिखित अनुमति लेगा। उसके बाद कुछ निर्धारित रकम जमा कर उसे ला सकेगा। इसके निपटारे के लिए एक ग्राम सभा रखी जाएगी और नियम के मुताबिक दंड लिया जाएगा। पड़ोसी गांव के लोगों को भी यह हिदायत दी गयी है। अब देखना है कि यह प्रयास कैसा रंग लाता है।

## मेराल : बीडीओ ने 50 आदिम जनजाति परिवार के बीच कंबल वितरण किया



मेराल (आजाद सिपाही)। बीडीओ सतीश भगत ने प्रखंड के तीसरटेटूका पंचायत मे 50 आदिम जनजाति परिवारों के बीच कंबल का वितरण किया। इस संबंध में बीडीओ ने बताया कि तीसरटेटूका पंचायत के कोटाम और बहेरवा गांव में घुमाकर 50 आदमी जनजाति के जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि वितरण के दौरान लोगों से राशन और पेंशन के बारे में भी जानकारी लिया। कहा कि सरकार की यह महत्वपूर्ण पहल है कि सर्दी के मौसम में बुजुर्गों और जरूरतमंदों को ठंड से बचने के लिए कंबल उपलब्ध कराया जाए। इस अवसर पर पंचायत सचिव बसंत पांडे, नाजीर सुनील कुमार, मुखिया राम प्रताप साव, मुखिया पति जगजीवन राम, शंभू राम, राजेश यादव, रामप्रीत यादव आदि लोग मौजूद थे।

## कंप्यूटर प्रशिक्षण प्रमाण पत्र का वितरण



मंझिआंव(आजाद सिपाही)। नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत पुरानी हॉस्पिटल के नजदीक न्यूटन कंप्यूटर क्लासेज में सत्र 2023-24 के कंप्यूटर एडिसिए कोर्स में उत्तीर्ण छात्रों के बीच प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। वहीं इस सर्टिफिकेट वितरण समारोह के मुख्य अतिथि मंझिआंव के अंचलाधिकारी प्रमोद कुमार तथा स्थानीय थाना के अधिकारी संजय कुमार मुंडा को न्यूटन कंप्यूटर क्लासेज के निर्देशक अमित कुमार मेहता ने को बुके देकर समारोह में आने तथा छात्रों का मार्गदर्शन करने के लिए आभार जताया और साथ ही यह जानकारी दिए की यह संस्थान 2018 से इस क्षेत्र में कंप्यूटर तकनिकी शिक्षा प्रशिक्षण देते आ रहा है। वहीं अंचल पदाधिकारी प्रमोद कुमार ने छात्रों को प्रमाण पत्र, शील्ड तथा मेडल का वितरण करते हुए संस्थान से मिले कंप्यूटर तकनिकी शिक्षा का अपने जीवन में उपयोग कर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दिए तथा मंझिआँव थाना के पदाधिकारी संजय कुमार मुंडा ने छात्रों को कंप्यूटर शिक्षा के महत्व को समझाया तथा छात्रों को भविष्य के प्रशानिक सेवा, तथा प्रतियोगि परिक्षाओं के क्षेत्र में इसके महत्व को बताये।

# दिशोम गुरु शिबू सोरेन का 81वां जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

**विधायक और झामुमो नेताओं ने केक काटकर शिबू सोरेन के दीर्घायु जीवन की कामना की**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बंशीधर नगर।** झामुमो ने शनिवार को विधायक अनंत प्रताप देव के नगर गढ़ स्थित आवास पर झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री दिशोम गुरु शिबू सोरेन का 81वां जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विधायक व झामुमो नेताओं ने केक काटकर शिबू सोरेन के दीर्घायु जीवन की कामना की। इस दौरान झामुमो नेताओं ने जमकर नारेबाजी और एक दूसरे को केक खिलाकर जन्मदिन का जश्न मनाया।

उस मौके पर विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा कि शनिवार को दिशोम गुरु का 81वां जन्मदिन है। बाबा बंशीधर से उनके दीर्घजीवन की कामना करता हूं। उन्होंने कहा कि शिबू सोरेन का जीवन संघर्षों से भरा रहा है। उनके संघर्षों के कारण ही आज झारखंड अलग राज्य बन पाया है। आदिवासी, दलित शोषितों के लिये जीवन भर आंदोलन करते रहे। उनके पुत्र हेमंत सोरेन उनके पदचिन्हों पर चलते हुये राज्य की सेवा कर रहे हैं। जिसका परिणाम है कि दुबारा झारखंड के लोगों ने झामुमो को भारी समर्थन देकर दुबारा राज्य की बागडोर सौंपा है। हम सभी कार्यकर्ता उनके पदचिन्हों पर चलने का शपथ लें। मौके पर झामुमो के अनुमंडल अध्यक्ष मुक्तेश्वर पांडेय, प्रखंड अध्यक्ष अमर राम, कामता प्रसाद, देवेंद्र सिंह, प्रदीप, उपेंद्र बारी, गुलाब सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## रंका में दिशोम गुरु शिबू सोरेन का 81वां जन्मदिन मनाया गया



रंका (आजाद सिपाही)। झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड कार्यालय रंका में झारखंड निमार्ता झामुमो केंद्रीय अध्यक्ष दिशोम गुरु शिबू सोरेन के 81वां जन्मदिन शनिवार को धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता, युवा जिलाध्यक्ष संजय सिंह छोटू, जिला प्रवक्ता कार्तिक पांडेय, युवा अनुमंडल अध्यक्ष सह मुखिया प्रतिनिधि पप्पू यादव, युवा प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी, धर्मेंद्र पाठक भंडूल सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## डंडई में शिबू सोरेन के 81वां जन्मदिन केक काटकर मनाया



डंडई (आजाद सिपाही)। डंडई मुख्यालय स्थित दीनानाथ पांडेय के आवास पर झामुमो कार्यकर्ताओं ने शनिवार को झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन के 81वां जन्मदिन केक काटकर मनाया। इस दौरान प्रखंड अध्यक्ष राजेश मेहता ने कहा कि दिशुम गुरु शिबू सोरेन के आर्दश पर चलकर ही शहीदों के सपनों का झारखंड बनाया जा सकता हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कार्यकाल में राज्य का सर्वांगीण विकास हो रहा है। वही जेएमएम नेता आनंद प्रकाश ने बताया कि शिबू सोरेन ने अपना पूरा जीवन झारखंडियों के उत्थान में लगाया। इस मौके झामुमो नेता दीनानाथ पांडे, आनंद प्रकाश, चंद्रशेखर प्रसाद, रारो बीडीसी तेजबहादुर सिंह, अरविंद पासवान, विवेकानंद महतो, सुमंत, रेशमी, लाल बिहारी पासवान सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## दिशोम गुरु शिबू सोरेन का 81वां जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। भवनाथपुर स्थित झामुमो प्रखंड कार्यालय में शनिवार को झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री दिशोम गुरु शिबू सोरेन का 81वां जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर झामुमो प्रखंड कमिटी के नेताओं ने केक काटकर तथा एक दूसरे को केक खिलाकर शिबू सोरेन के दीघार्यु जीवन की मंगल कामना की। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष मनोज यादव ने कहा कि आज दिशोम गुरु शिबू सोरेन के जीवन का 81वां जन्मदिवस है। इस मौके पर प्रखंड सचिव विनोद कुमार सिंह, ब्रजेश सिंह, बूटा सिंह, सुरेंद्र प्रसाद सिन्हा, शमशेर अंसारी, शैलेंद्र यादव आदि उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 12 जनवरी, 2025
www.azadsipahi.in


## झामुमो ने खलारी में मनाया शिबू सोरेन का जन्मदिन, कंबल का वितरण किया



**खलारी (आजाद सिपाही)।** झामुमो द्वारा खलारी प्रखंड स्थित बैंक चौक के पास दिशोम गुरु शिबू सोरेन का 81वां जन्मदिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खलारी प्रखंड अध्यक्ष अनिल पासवान ने किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में रांची जिला पूर्व उपाध्यक्ष नंदू मेहता उपस्थित थे। सबसे पहले कार्यक्रम में शिबु सोरेन के चित्र के समक्ष केक काटकर जन्मदिवस मनाया गया। मिठाइयां बांटी गयी और गरीब एवं असहाय लोगों के बीच 500 कंबल का वितरण किया गया। वक्ताओं ने वीर दिशोम गुरु शिबू सोरेन की जीवनी के बारे में बताया गया। साथ ही झारखंड राज्य में चल रही हेमंत सोरेन की सरकार के कई उपलब्धियां के बारे में लोगों को बताया गया। इस कार्यक्रम में महेंद्र चौहान, राजकुमार गंझू, चितरंजन सिंह, सुनील यादव, शंभू दास, जैनुल खान, रंथु उरांव, सुभाष प्रजापति राजेश प्रसाद, अजीत चौहान, अरुण यादव, हैदर अली, इस्लाम अंसारी, कलीम रिजवी, बशीर खान, छोटू राम, मुकेश यादव रितम कुमारी, चंदा देवी, माया देवी, शिवानी देवी, अनीता देवी कलमतीया भोक्ता, बिलासो देवी इत्यादि सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## जिला परिषद सदस्य ने मैकलुस्कीगंज में किया कंबल का वितरण



**मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)।** खलारी पश्चिमी जिला परिषद सदस्य सरस्वती देवी के द्वारा मैकलुस्कीगंज में कम्बल वितरण किया गया। जिला परिषद सदस्य ने गरीब और जरूरतमंदों को कंबल वितरण किया गया। लपरा पंचायत के हेसालोंग और मायापुर पंचायत के परसतारी लगभग 50 जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस मौके पर खलारी मंडल भाजपा अध्यक्ष अनिल कुमार गंझु, संयोजक रामसूरत यादव, शशि प्रसाद, रविंद्र मुंडा, कुलदीप साहू दिलीप गंझु, मनोज सिंह, सुरेश प्रसाद साहू, राजेंद्र रजक आदि उपस्थित थे।

## शिबू सोरेन के जन्मदिन पर झामुमो कार्यकर्ताओं ने काटा केक, अस्पताल में फल वितरित किया



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** शिबू सोरेन के 81वें जन्मदिन के मौके पर शनिवार को झामुमो कार्यकर्ताओं ने केक काटा तथा रेफरल अस्पताल में भर्ती मरीजों के बीच फल का वितरण किया। हिल चौक स्थित कार्यालय में विधायक सुदीप गुड़िया ने कार्यकर्ताओं के साथ केक काटा। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि गुरुजी के लंबे संघर्ष के कारण झारखंड अलग राज्य बना। गुरुजी ने झारखंड अलग राज्य दिलाया और आज उनके बेटे हेमंत सोरेन इस झारखंड को संवारने का काम कर रहे हैं। हेमंत सोरेन की अगुवाई में झारखंड का तेजी से विकास हो रहा है। गुरुजी ने जिस जल, जंगल और जमीन की लड़ाई शुरू की थी, उसको झामुमो आज भी जारी रखा है। जल, जंगल, जमीन की रक्षा करने का संकल्प झामुमो का है। उन्होंने कहा कि हम सभी गुरुजी के लंबी उम्र की कामना करते है। मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष रूबेन तोपनो, अमृत हेमरोम, जिला मोजीर अंसारी, प्रदीप केशरी, हेमंत गुप्ता, जयदीप तोपनो, फिरोज खान, फूल अहमद, सुहैल अंसारी, कुर्बान खान, मुकेश सिंह आदि उपस्थित थे।

## रोहिणी परियोजना में ब्लास्टिंग को लेकर प्रबंधन और ग्रामीणों की बैठक हुई



**खलारी (आजाद सिपाही)।** रोहिणी परियोजना में ब्लास्टिंग को लेकर प्रबंधन और ग्रामीणों की बैठक हुई। बैठक में प्रबंधन की ओर से ग्रामीणों को बताया गया कि शुक्रवार को ट्रायल ब्लास्टिंग किया गया था, जिससे ग्रामीणों को घबराने की जरूरत नहीं है। इसके लिए प्रबंधन को ग्रामीण सहयोग करें और खदान में कंट्रोल ब्लास्टिंग होने दे। वही उपस्थित ग्रामीणों ने कहा कि प्रबंधन ने बिना ग्रामीणों को सूचना दिये और बिना बात किये। ब्लास्टिंग किया जो कही से ठीक नहीं है क्योंकि खदान के बगल घर है। पहले मुआवजा और पुनर्वास की व्यवस्था होनी चाहिए, लेकिन प्रबंधन की ओर से अभी तक केवल कोरा आश्वासन ही मिलता है। प्रबंधन और ग्रामीणों की वार्ता में कोई हल नहीं निकला। बैठक में प्रबंधन की ओर से रोहिणी परियोजना पदाधिकारी राजेंद्र प्रसाद, मैनेजर दीपक कुमार, एलएंडआर अधिकारी मुकेश चौधरी, सर्वेयर सतपाल सिंह और ग्रामीणों की ओर से अमृत भोगता, रमेशर भोगता, बहुरा मुंडा, शिवनाथ भोगता, उमेश लोहरा, सूरज लोहरा, लालमणि भोगता, पुसन भोगता, संतोष राम, संतोष मेहता, मुन्ना गंझू, श्रवण भोगता, राजिंदर गंझू, पुसना भोगता, टिक्सर गंझू, संतोष गंझू, जिंदर गंझू,मनोज भोगता, घूंसारी गंझू, सूरज गंझू, अनिता देवी मुनिया देवी, गिरजी देवी बसंती देवी रूपा देवी, पारो देवी, मंजू देवी, रूबी देवी, पूनम देवी टिंकल देवी, मिना देवी, रवि गंझू, मुकेश मेहता, सविता देवी, सीता देवी, जातरी देवी, पिंकी देवी, सहबतिया देवी, पूनम देवी शांति देवी, सुक्रमनी देवी, रूपा देवी, झानो देवी, सुगिया देवी आदि उपस्थित थे।

## अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के पहले वार्षिकोत्सव में खूंटी जिला राममय हुआ

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** भगवान रामलला की नगरी अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के पहले वार्षिकोत्सव में शनिवार को संपूर्ण खूंटी जिला राममय हो गया। प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर खूंटी, तोरपा, बाबा आम्रेश्वर धाम, तपकारा, रनिया, कर्रा सहित आसपास के मंदिरों में पूजन, भजन-कीर्तन के साथ भंडारे का आयोजन किया गया। तोरना के थाना चौक स्थित बजरंग बली मंदिर, बड़ाईक टोली के महादेव मंदिर, पतराघुर में बाबा नागेश्वर धाम, सुंदारी, तपकरा, झटनी टोली, मरचा, अम्मा पकना सहित कई गांवो के मंदिरों में सुबह से ही साफ-सफाई कर भजन-कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किये गये। तोरपा के बड़ाईक टोली में मुख्य रूप से विजय बड़ाईक, मुकेश सिंह, जेपी सिंह, धर्मेंद्र कुमार सहित कई लोगो का सहयोग रहा, वहीं बजरंग बली मंदिर में प्रदीप भगत, चीकू जायसवाल, सुबोध जायसवाल, निशांत जायसवाल, पवन गुप्ता, दीपक तिग्गा, अनूप जायसवाल, प्रणय जायसवाल, आशुतोष सिंह सहित कई लोगो ने सहयोग किया। खूंटी में बुढ़वा महादेव, भगत सिंह चौक स्थित बजरंगबली मंदिर, पिपराटोली स्थित राम मंदिर, नामकोम शिवालय सहित अन्य मंदिरों को भी आकर्षक ढंग से साज-सज्जा कर पूजा-अर्चना की गयी।

# मारांगकिरी-चरकुडीह में आधा दर्जन घरों में लाखों की चोरी

आजाद सिपाही संवाददाता



**सोनाहातू।** थाना क्षेत्र के बारेंदा पंचायत अंतर्गत मारांगकिरी-चरकुडीह गांव में शुक्रवार की रात अज्ञात चोरों ने घर में ताला तोड़कर चोरी को अंजाम दिया है। विभिन्न घरों से तीन लाख का जेवरात और 90 हजार रुपये नगद चोरी होने की बात सामने आया है। मारांगकिरी गांव के सुभाष प्रमाणिक के घर से 60 हजार रुपये नगद और 2 लाख का जेवरात। भूतनाथ पातर के घर से 30 हजार रुपये नगद और 15 हजार का जेवरात, चरकुडीह गांव के भीमसेन महतो के घर से 50 हजार रुपये का जेवरात चोरी हुई। शत्रुघन महतो के घर से जेवरात और नगदी का भी चोरी हुआ है। इसके अलावे गांव के ग्राम प्रधान मनसा सिंह मुंडा सहित अन्य दो घरों में ताला तोड़ने का प्रयास कर घर में भी चोरी करने का प्रयास किया।

ग्रामीणों का कहना है कि चोरी का हमें कोई भनक तक नहीं लगा। जब सुबह हुआ तब घर का बक्सा जिस जिस घर में चोरी हुआ उन सभी का बक्सा घर से दूर अलग स्थान में फेंका हुआ मिला। चोरों के द्वारा सिर्फ जेवरात और नगदी को ही ले गये बाकी सामान को फेंक कर चले गये। इधर ग्रामीणों के द्वारा सोनाहातू पुलिस को सूचना दिया गया सूचना मिलते ही थाना प्रभारी चंदन कुमार के निदेर्शानुसार एसआइ राकेश कुमार घर-घर जाकर घटना का जायजा लिये। पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए घटना की छानबीन में लग गई है। घटना को लेकर ग्रामीणों में काफी दहशत है।

# खूंटी के अस्पताल में इलाज के दौरान महिला की मौत, विरोध में सड़क जाम




आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** शहर के केएस गंगा नामक निजी अस्पताल में शनिवार सुबह दुर्घटना में घायल हुई। बेलांगी गांव की रीना देवी नामक महिला की इलाज के दौरान मौत होने पर स्वजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा मचाया। अस्पताल में हंगामा मचाने के बाद स्वजन अन्य ग्रामीणों के साथ अस्पताल के सामने खूंटी-रांची रोड को जामकर सड़क पर बैठ गये और प्रदर्शन करने लगे। सड़क जाम की सूचना मिलते ही खूंटी की अनुमंडल पदाधिकारी दीपेश कुमारी, एसडीपीओ वरूण रजक, अंचल अधिकारी थाना प्रभारी सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी और जवान मौके पर पहुंचे और स्वजनों को समझा बुझाकर सड़क जाम को समाप्त कराने के प्रयास में जुट गये। प्रदर्शनकारी अस्पताल पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए अस्पताल पर कार्रवाई करने और जिम्मेदार डॉक्टर को गिरफ्तार करने, मृतका के अनाथ हुए दो बच्चों को जीवन यापन के लिए सरकारी नौकरी देने सहित अन्य मांग कर रहे थे। प्रशासन द्वारा उनकी मांगों पर समुचित कार्रवाई का आश्वासन देकर दोपहर लगभग 1.30 बजे से की गयी सड़क जाम को तीन घंटे बाद 4: 30 बजे समाप्त कराया गया। चिकित्सक ने आरोपों को बताया निराधार महिला के इलाज पर लापरवाही बरतने के आरोप को अस्पताल के चिकित्सक डॉ अंजीव नयन ने सिरे से खारिज करते हुए कहा कि महिला की स्थिति काफी गंभीर थी। उसके ब्रेन पर गंभीर चोट थी। दुर्घटना के बाद से ही महिला कोमा में थी। अस्पताल में महिला की जान बचाने की भरसक कोशिश की गयी। चिकित्सक ने अस्पताल से महिला को अन्यत्र रेफर न करने के आरोप को भी झूठा बताते हुए कहा कि उन्होंने स्वयं उसके स्वजनों से कई एक बार महिला को अन्यत्र ले जाने की बात कही, लेकिन स्वजनों ने अस्पताल पर भरोसा जताते हुए यहीं इलाज कराने की बात कही।

# यूनियन बैंक ने कर्रा प्रखंड के कुदलूम गांव में लगाया स्वास्थ्य शिविर

**स्वस्थ किसान से ही मजबूत अर्थव्यवस्था का निर्माण हो सकता है: क्षेत्रीय प्रबंधक**

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** स्वस्थ किसान और स्वस्थ नागरिक से ही देश में स्वास्थ और मजबूत अर्थव्यवस्था का निर्माण हो सकता है। किसान यदि स्वस्थ रहेगा, तभी आर्थिक अतिविधि तेज होगी और देश के विकास मे तेजी आयेगी। ये बातें यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय प्रबंधक(झारखंड बिहार) बीएन सिंह ने कहीं। क्षेत्रीय प्रबंधक शनिवार को यूनियन बैंक के सौजन्य से सिटीजंस फाउंडेशन द्वारा कर्रा प्रखंड के कुदलूम पंचायत भवन में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यूनियन बैंक न सिर्फ आपकी आर्थिक गतिविधियों को बढ़ाने और आपके विकास का ध्यान रखता है, बल्कि यह लोगों के स्वास्थ्य का भी ख्याल रखता है। बीएन सिंह ने कहा कि यूनियन बैंक ऑफ इंडिया 106 वर्ष पुराना है और यह सब आपके आशीर्वाद से संभव हो सका है। क्षेत्रीय प्रबंधक ने कहा कि हमारा प्रयास है कि सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं को लोगों तक पहुंचाना।

उन्होंने कहा कि आप यूनियन बैंक की निकटतम शाख में जाकर बैंक और सरकार की योजनाओं की जानकारी लें और इसका लाभ उठायें। मौके पर क्षेत्रीय प्रबंधक आलोक कुमार और उप महा प्रबंधक बीके राय ने भी विशर व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन शशांक सिंह ने कियां। शिविर में डॉ रीता कश्यप और डॉ पियंका आनंद ने लगभग तीन सौ मरीजोकी जांच की। मझैके पर र जरूररतमंदों को निःशुल्क दवा और चिकित्सीय परामर्श दिया गया। कार्यक्रम को सफलज बनाने में सिटीजंस फाउंडेशन के एपीएम संदीप, अमत और कृष्णा उपाध्याय ने योगदान दिया। इसके पूर्व कार्यक्रम स्थल पर पहुचने पर कुदलूम पंचायत की मुखिया और अन्य ग्रामीणों ने पारंपरिक ढंग से अधिकारियों का स्वागत किया।

## टुसू महोत्सव भव्य तरीके से मनाया गया



**रांची/तमाड़ (आजाद सिपाही)।** झारखंड पहाड़ पर्वत नदी झरना प्रकृति के गोद में है। यहां के लोगों प्रकृति पूजक है। राज्य में सबसे लंबे समयावधि तक मनाये जाने वाले टुसू पर्व है। यह पाव राज्य विभिन्न क्षेत्रों में मनाया जा रहा है। इसी सिलसिले में आज राजधानी रांची शहर के बीचो-बीच टुसू महोत्सव भव्य तरीके से मनाया गया। मेन रोड अल्बर्ट एक्का चौक में अपने पुरखेनी रीति-रिवाज से देवेंद्र नाथ महतो ने श्यामा प्रसाद विश्वविद्यालय, रांची विश्वविद्यालय और रांची विमेंस कॉलेज के छात्रा और शिक्षिका के साथ डीनीयानी टुसू मनी का स्थापना किया गया। पारम्परिक लाल पाईर के साड़ी और धोती आदि वेशभूषा लोग खुब थिरके। शहर में लंबे समय तक जाम की स्थिति बनी रही। सड़क में आवाजाही लोग भी रुक कर टुसू संगीत और सांस्कृतिक कार्यक्रमों और छौह नाच का लुत्त उठाने लगे। राज्य के कई प्रसिद्ध क्षेत्रीय कलाकार जैसे बब्बन देहाती, श्याम बडाइक, सावित्री कर्मकार, मजबूल खान, इगनेश आदि ने कला और संगीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राज्यसभा पूर्व सांसद महुआ मांझी, तरुण महतो, विजय सिंह, अयूब अली, फुलेसर बैठा, बेरोजगार पवनेश्वर, दमयंती मुंडा, बेबी महतो, रूपा महतो, रूपेश विराट, अर्जुन रजवार, सूरज नारायण महतो, राजू चैड़ी आदि हजारों लोग जूटे। टुसू स्थापना पुरखैर्नी रीति रिवाज नैगाचारी कुंवारी कन्या माता बहनों ने गुड्डी, अरवा चावल, साल पत्ता का दोना, सिंदूर, काजल, गोबर, सरवा, दिया, दूब घास, गुलांची फूल गेंदा फूल, जोबा फुल आदि सामग्रियों के साथ डीनीयानी टुसूमनी का सेवन (आराधना) किया गया। तत्पश्चात पारंपरिक गीत के साथ सामूहिक रूप से स्थापना किया गया। राजधानी टुसू महोत्सव के आयोजक देवेंद्र नाथ महतो ने मीडिया से वार्ता में बताया कि राज्य की इस टुसू पर्व के महिमा जागरण के लिए राजधानी रांची शहर की बीचो-बीच पूर्व वर्ष से ही 11 जनवरी को मनाया जा रहा है। हम अपने क्षेत्रीय रीति रिवाज भाषा सभ्यता और संस्कृति के लिए इसे और भी बृहद रूप से मनाने का काम करेंगे। साथ ही उन्होंने बताया कि स्थापित डीनी मनी को मकर संक्रांति की तिथि में संपूर्ण लोकाचारी से नदी में प्रवाहित कर दिया जायेगा।

# अफीम की अवैध खेती पर सख्ती से नजर रखें ग्राम प्रधान: वंदना भारती

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** उपायुक्त लोकेश मिश्रा के निर्देश पर शनिवार को कर्रा अंचल कार्यालय के सभागार में अंचल अधिकारी वंदना भारती की अध्यक्षता में ग्राम प्रधानों और चौकीदारों के साथ बैठक आयोजित की गयी। बैठक का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में अवैध अफीम की खेती को रोकने और इसके विनष्टीकरण के प्रभावी उपायों पर चर्चा करना था। अंचल अधिकारी ने उपस्थित ग्राम प्रधानों और चौकीदारों को अवैध अफीम की खेती पर सख्ती से नजर रखने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना देने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि अफीम की अवैध खेती न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि समाज के लिए भी हानिकारक है। इस पर रोक लगाने के लिए प्रशासन पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। बैठक में उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को जागरूकता अभियान चलाने, गुप्त सूचना तंत्र को मजबूत करने और आवश्यकतानुसार सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिये गये। अंचल अधिकारी ने कहा कि ग्राम स्तर पर समुदाय की सहभागिता से ही इस समस्या का समाधान संभव है। बैठक में थाना प्रभारी, ग्राम प्रधान और चौकीदार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर क्षेत्र को नशा मुक्त बनाने के लिए सामूहिक प्रयास करने का संकल्प लिया।

## डीजीपी से भारत माता मंदिर समिति के लोगों ने शिष्टाचार भेंट कर बुंडू आने का दिया न्योता



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** रांची-टाटा मार्ग पर बुंडू ब्लॉक मोड़ पर स्थापित भारत माता मंदिर का 22 जनवरी को लोकार्पण कार्यक्रम में पधारने के लिए पदाधिकारियों ने झारखंड के पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता से शिष्टाचार भेट किया। नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए आमंत्रित किया। ज्ञात हो कि 22 फरवरी को मंदिर लोकार्पण कार्यक्रम में झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार और केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के द्वारा मंगल कार्यसंपन्न होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मुख्यमंत्री सह पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा करेंगे। संयोजक प्रमोद सिंह, अरुण जैन, रोशन महतो, सत्यनारायण भगत, विष्णु और तरुण शामिल थे।

## तैमारा: पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने जलप्रपात क्षेत्र का किया दौरा



**तैमारा (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार के पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू शनिवार को दशम फॉल जलप्रपात पहुंचे। पर्यटन स्थल क्षेत्र का दौरा किया और क्षेत्र की समस्याओं से अवगत हुऐ उन्होंने कहा कि दशम फॉल जलप्रपात में जल्द ही ग्लास ब्रिज का निर्माण किया जायेगा। जिससे यहां आनेवाले लोगों को जलप्रपात की सुंदर नजारा देखने को मिलेगा। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी किस्टो कुमार बेसरा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ओमप्रकाश, बुंडू बीडीओ सावित्री कुमारी आदि उपस्थित थे।

## ननिहाल में शिबू सोरेन का जन्मदिन मना और पूर्व सांसद सुनील महतो की जंयती



**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के ननिहाल में शनिवार को झारखंड राज्य के जनक दिशोम गुरू शिबू सोरेन का 81 वां जन्मदिवस मना। दस पांउड का केक काटकर और पूर्व सांसद सुनील महतो के जंयती पर तस्वीर मे माल्यार्पण कर मनाया गया। इस समारोह पर मुख्य रूप से ईचागढ़ विधायक सविता महतो और सीएम के मामा गुरुचरण किस्कू संयुक्त रूप से उपस्थित थे। मौके पर ईचागढ़ के विधायक सविता महतो और गुरुचरण किस्कू संयुक्त रूप से गुरूजी की लंबी उम्र की कामना किये। स्कूली बच्चो को कापी, कलम और टाफी वितरित किया। बुजुर्ग महिला-पुरूषो को 500 कंबल भी वितरित किया गया। इस अवसर पर झामुमो नेता ओम प्रकाश लायेक, झामुमो केंद्रीय सदस्य सुधीर किस्कू, कृष्णा महतो, संतोष किस्कू, लखीद्र किस्कू, सुदामा हेम्ब्रम, राजु किस्कू, धर्मू गोप, पशुपति महतो, निताई उरांव, अभय यादव, किशुन किस्कू, दिनेश मुर्मु, सोमाय टुडू, राहुल वर्मा, आशीष मंडल, सुमित टुडू, सुनील मार्डी, गुलाब मार्डी, मोती सोरेन आदि उपस्थित थे।

## दिव्यांग बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने का प्रयास, कंबल वितरित



**मुरी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड संसाधन केंद्र सिल्ली में शनिवार को समावेशी शिक्षा के तहत दिव्यांग बच्चों को शिक्षा के मुख्य धारा से जोड़ने और उनकी पहचान करने को लेकर बैठक आयोजित किया गया। इस बैठक में शिक्षक शिक्षिकाएं, आंगनबाड़ी सेविकाएं और दिव्यांग बच्चों के अविभावकों ने हिस्सा लिया। इसमें दिव्यांगता के आयामो, स्वामी विवेकानंद पेंशन योजना का लाभ लेने, प्रमाण पत्र बनाने के बारे में बताया गया। मौके पर शोभा सिंह, मनोज कुमार, कृष्णा हेंब्रम, संगीता टोप्पो, राजेश सेठ आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हिंडाल्को कंपनी द्वारा टीवी मरीजों के बीच कंबल और पोषक किट का वितरण किया गया। शनिवार को हिंडाल्को मुरी के द्वारा सिल्ली प्रखंड के विभिन्न पंचायतो से आये टीवी मरीजों के बीच पोषक किट और कंबल का वितरण किया गया। मौके पर आये मुख्य अतिथि प्रखंड प्रमुख जितेंद्र बड़ाइक ने संबोधित करते हुए कहा कि टीवी मरीजों को डरने की आवश्यकता नहीं है। मौके पर पहुंचे अंचल अधिकारी अरुणिमा एक्का ने संबोधित करते हुए कहा कि कंपनी के द्वारा किया गया। बहुत ही सराहनीय प्रयास है। इस कार्यक्रम के तहत लोगों को स्वास्थ लाभ मिलता रहता है। प्लांट हेड संदीप पाटिल ने बताया कि कंपनी इस प्रकार के कार्यक्रम स्थानीय लोगों के जीवन स्तर को बेहतर करने के लिए चलाते रहते हैं। इस मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर प्रियंका, मुखिया सीमा कुमारी, मुखिया शर्मिला कुमारी, मुखिया लालू राम उरांव, मुखिया सोमरा माझी, कंपनी के एचआर हेड अरुण राय, प्लांट हेड संदीप पाटिल, सीएसआर विभाग के अनिल सिंह, अभिषेक कुमार, भरत सिंह समेत कई गणमान्य लोग शामिल हुए थे।

## उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम पर सेमिनार का आयोजन




**खूंटी (आजाद सिपाही)।** जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थान खूंटी में शनिवार को एक दिवसीय उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम पर सेमिनार का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में जिला शिक्षा अधीक्षक खूंटी, सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रखंड संसाधन सेवी संकुल संसाधन सेवी, विभिन्न एनजीओ के सदस्य, डाइट के संकाय सदस्य और नवनिर्मित डीआरजी शामिल हुए। सेमिनार कार्यक्रम में उल्लास से संबंधित संपूर्ण जानकारी दी गयी। कार्यक्रम का सुचारू रूप से संचालन से संबंधित समय सीमा निर्धारित किया गया।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 12 जनवरी, 2025
www.azadsipahi.in


# हमें भी देश को देना सीखना होगा : डॉ संजय प्रसाद सिंह



**रांची (आजाद सिपाही)।** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के नेहरू युवा केन्द्र संगठन, रामगढ़ एवं रामशोभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन, चुट्टुपालू की एनएसएस इकाई के संयुक्त तत्वाधान में स्वामी विवेकानंद जयंती और राष्ट्रीय युवा दिवस पर संगोष्ठी और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में रामगढ़ महिला महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ संजय प्रसाद सिंह के अलावा रामगढ़ नेहरू युवा केन्द्र संगठन के युवा कार्यकर्ता नितेश कुमार मोदी उपस्थित थे। कार्यक्रम का आरंभ स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पर मुख्य अतिथि सहित प्राचार्या डॉ ज्योति वालिया ने पुष्प अर्पित कर किया। इस अवस पर डॉ संजय प्रसाद सिंह ने कहा कि भारत प्राचीन काल से युवाओं का देश रहा है। स्वामी विवेकानंदजी ने युवा संन्यासी के रूप में मानव, मानवता और राष्ट्रीयता के लिए योगदान अतुलनीय है। युवा जिस ओर चलता है जवानी उस ओर चलती है और जवानी जिस ओर चलती है, जमाना उस ओर चलता है। कहा कि देश ने हमें बहुत कुछ दिया है। हमें भी देश को देना सीखना होगा। वहीं, नितेश कुमार मोदी ने स्वामी विवेकानंदजी के जीवन से आज के युवाओं को जीवन जीने के आदर्श और मूल्यों को सीखने की जरूरत पर बल दिया। वहीं, प्राचार्या डा ज्योति वालिया ने कहा कि राष्ट्रीय युवा दिवस, युवाओं को प्रेरित करने और उनकी ऊर्जा को राष्ट्र निर्माण में मार्गदर्शित कर विकसित भारत 2047 के उद्देश्यों को चरितार्थ करने और भारत को एक समृद्ध और समावेशी राष्ट्र बनाने के लिए प्रोत्साहित करता है, ताकि हम एक शिक्षित एवं विकसित भारत का निर्माण कर सकें। इस मौके पर विभागाध्यक्ष डॉ अवध किशोर सिंह, आईक्यूएसी कोऑर्डिनेटर अभिषेक कुमार पांडेय, सहायक व्याख्याता शिवानी कुमारी, सुनीति बाला चन्द्रा, आकांक्षा सिंह, अनिल कुमार प्रजापति, दिनेश, सौरभ कुमार इत्यादि व्याख्यातागण आदि उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन सहायक व्याख्याता आकांक्षा सिंह ने किया।

## बंधु तिर्की ने दिव्यांग और वृद्धजनों के बीच निःशुल्क सहायक उपकरण वितरित किया



**चान्हो (आजाद सिपाही)।** ब्लॉक परिसर में शनिवार से दो दिवसीय दिव्यांग शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें राज्य के पूर्व मंत्री बंधु तिर्की भी शामिल हुए। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित दिव्यांग और वरिष्ठ नागरिकों के बीच अपने हाथों से 40 ट्राइसाइकिल, 30 व्हील चेयर, 30 वॉकिंग स्टीक, 20 जोड़ी बैसाखी देने के साथ ही कृत्रिम अंग के लिए नापी किया गया। ये सहायक उपकरण भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति एवं जाना स्मॉल फाइनेंस बैंक के सौजन्य से निःशुल्क उपलब्ध कराया गया। इस मौके पर भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के चेयरमैन ललित केडिया, सचिव नेमी अग्रवाल, डॉ एचके शाहू, रितेश कुमार, जाना स्मॉल फाइनेंस बैंक के प्रदीप कुमार मैनेजर सगुप्ता आफरीन, दिव्यांग खेल जन्मदाता आफताब आलम, नुरुल्लाह हबीब नदवी, मांग उरांव, शिव उरांव, रशीद खान, झिरगा टाना भगत, अजीत सिंह, महादेव उरांव, अली हसन, झरीता उरांव, जीवन मिंज, आलोक मिंज, अफसर आलम, गेयस अहमद, जुलफन हफीजूल, चरवा उरांव, ऐनुल अंसारी, जुल्फिकार तबरेज खान, मोजीबुल, मिथइस सिंह आदि उपस्थित थे।

## चीक बड़ाइक समाज की राज्य स्तरीय समन्वय बैठक

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** चीक बड़ाईक समाज ने सामाजिक एकता और संगठन को मजबूती देने के लिए शनिवार को सामलोंग में राज्य स्तरीय समन्वय बैठक की। जिसकी अध्यक्षता प्रभुदयाल बड़ाईक ने की। जिसमें समाज को संगठित करने और विभिन्न जिलों में समन्वय बैठकें आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में गुमला, सिमडेगा, खूंटी, लातेहार, रामगढ़ सहित कई जिलों में सामाजिक एकता के उद्देश्य से कार्यक्रमों की तैयारी के लिए जिला संयोजक नियुक्त किए गए। जिसमें गुमला से मनोज बड़ाईक, सीताराम बड़ाईक, रामप्रसाद बड़ाईक और भूपेंद्र बड़ाईक, सिमडेगा से विद्या बड़ाईक, जगदीश बड़ाईक, रवींद्र बड़ाईक, महावीर बड़ाईक व फुलसुंदरी बड़ाईक, लातेहार से अर्जुन बड़ाईक, संजीव बेसरा व डॉ प्रकाश बड़ाईक, खूंटी से लक्ष्मीकांत नारायण बड़ाईक, प्रकाश बड़ाईक, गोपीनाथ बड़ाईक व अशोक बड़ाईक, रांची से शरीफ बड़ाईक, उमेश बड़ाईक, रामदेव बड़ाईक व शंकर बड़ाईक, रांची महानगर से विजय सिंह बड़ाईक, अशोक बड़ाईक व रतन बड़ाईक को मनोनीत किया गया। वहीं, प्रदेश स्तर पर संयोजक मंडल में नंदलाल बड़ाईक, शिवराज बड़ाईक, नरेश कार्जी, उमाशंकर बड़ाईक, महेश्वर बड़ाईक, नारायण बड़ाईक, जेठू बड़ाईक, श्याम सिंह बड़ाईक और सुरेश बेसरा को संयोजक मंडल का हिस्सा बनाया गया। बैठक का संचालन सतीश बड़ाईक व धन्यवाद ज्ञापन प्रेमचंद बड़ाईक ने किया।

## घघारी बाबा धाम में आज से शुरू होगा मकर संक्रांति महोत्सव

**लापुंग (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के प्रसिद्ध घघारी बाबा धाम में रविवार को सुंदर कांड पाठ एवं 72 घंटे के अखंड हरिकीर्तन के साथ तीन दिवसीय मकर संक्रांति महोत्सव का शुभारंभ होगा। मकरसंक्रांति मेला एवं महोत्सव की तैयारियों को लेकर घघारी बाबा धाम प्रबंधन समिति की बैठक शनिवार को हुई। जिसकी अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष राजकमल गोप व संचालन सचिव संजय महतो ने किया। इस अवसर पर घघारी बाबा धाम तक बनी सड़क के निर्माण कार्य में मिट्टी भरने का काम नहीं होने का मामला उठा। समिति के सचिव संजय महतो ने बताया कि ठेकेदार ने कहा था कि सड़क के दोनों किनारों पर पांच-पांच फीट मिट्टी की भराई की जाएगी। लेकिन ठेकेदार ने ऐसा नहीं किया। इससे ग्रामीणों में नाराजगी है। उल्लेखनीय है कि घघारी बाबा धाम में मकरसंक्रांति मेला के दौरान लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने की संभावना है। लेकिन सड़क किनारे जगह नहीं होने के कारण यहां मिट्टी भरना और मिट्टी के माध्यम से सड़क का चौड़ीकरण होने से जाम जैसी समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ता। दूसरी ओर, राजकमल गोप ने कहा कि भीड़ को नियंत्रित करने, ट्रैफिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने, मेला में शांति व्यवस्था कायम रखने, अप्रिय घटनाओं से बचाव और भगवान भोलेनाथ के दर्शन पूजन एवं मकरसंक्रांति पर पवित्र स्नान के लिए सभी तरह के आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। इस मौके पर संजय महतो, सेवक सिंह, राजधन शेखर सिंह, मुखलाल उरांव, वरूण दास, राजेश पाठक, कलेश्वर दास, ईश्वर गोप, मेहुल गोप, सुनील उरांव, विनय पाण्डेय, महावीर महतो, कृष्णा उरांव, जयनाथ सिंह, नंदलाल शेखर सिंह आदि मौजूद थे।

# पर्यटन मंत्री ने हुंडरू, जोन्हा, दशम और सीता फॉल का किया भ्रमण

## सुविधाओं का लिया जायजा, समस्याओं से हुए अवगत

आजाद सिपाही संवाददाता



हुंडरू फॉल का निरीक्षण करते राज्य के पर्यटन मंत्री सुदव्य कुमार सोनू व अन्य।

**अनगड़ा/सिकिदिरी।** राज्य के नगर विकास, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने शनिवार को हुंडरु फॉल सीता, जोन्हा और दशम फॉल का औचक निरीक्षण किया। हुंडरु फॉल पहुंचने पर मंत्री का झारखंड पर्यटन सुरक्षा समिति के अध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद एवं संरक्षक बालेश्वर बेदिया ने बुके देकर स्वागत किया। साथ ही पर्यटन कर्मियों ने मृतक कर्मी के आश्रितों को काम पर रखने, स्थायीकरण करने, पीएफ, जीवन बीमा, लागू करने आदि छह सूत्री मांग पत्र भी सौंपा। इस अवसर पर पर्यटन मंत्री ने हुंडरु जोन्हा सीता दशम आदि जलप्रपात पर्यटन स्थलों में पर्यटकों की सुविधा के बारे जानकारी की। साथ ही पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए भविष्य की कार्य योजना के बारे में विभाग को निर्देश दिए। पर्यटन मित्रों ने पर्यटन स्थलों के पेयजल, पार्किंग, सीढ़ी, शौचालय आदि समस्या से अवगत कराया। सुरक्षा व्यवस्था में अनगड़ा एवं सिकिदीरी पुलिस तैनात दिखे। इस मौके पर अनगड़ा के बीडीओ जयपाल सोय, सीओ राजू कमल, कुच्चू मुखिया सहदेव बेदिया, मेघनाथ बेदिया, बुधराम बेदिया, राजेन्द्र महतो, सोहन बेक और मनोज बेदिया आदि उपस्थित थे।

# रांची लोस क्षेत्र में लगाये जायेंगें दो हजार हाई मास्ट सोलर लाइट : संजय सेठ

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री सह रांची सांसद संजय सेठ ने बेड़वारी मंदिर व सालहन मंदिर के समीप हाई मास्ट स्ट्रीट लाइट लगाए जाने की योजना का भूमिपूजन किया। मंदिर के समीप स्ट्रीट लाइट लगाए जाने से ग्रामीणों में हर्ष है। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री संजय सेठ ने बताया कि पूरे रांची लोकसभा क्षेत्र में इस तरह के दो हजार हाई मास्ट सोलर लाइट लगाया जा रहा है। इससे एक ओर श्रद्धालुओं को मदद तो मिलेगी ही राहगीर भी लाभावित होंगे। साथ ही हाथी प्रभावित गांवों में विशेष फोकस कर लाइट लगाई जाएगी। इस मौके पर पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, जिप सदस्य अनुराधा मुंडा, जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी, पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र महतो, डॉ रिझू नायक, जिला मीडिया प्रभारी रामसाय मुंडा, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष नरेश साहू, मंडल अध्यक्ष सुनील महतो, प्रमोद सिंह, सुरेश महतो, अजय कुमार महतो, रामनाथ महतो, राजेन्द्र महतो, घनेनाथ महतो, सिकंदर अंसारी, जगेश्वर महतो, पुनीलाल महतो आदि उपस्थित थे।

# जिस समाज में महिलाओं का सम्मान नहीं होता, वह अराजकता की ओर बढ़ता है: प्रीति उपाध्याय शुक्ला

**अखिल भारतीय महिला कांग्रेस ने आयोजित किया नारी न्यारा सम्मान समारोह**



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की ओर से नामकुम में नारी न्यारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता रांची जिला की प्रदेश महासचिव मीनू सिंह और ग्रामीण जिला अध्यक्ष मेरी तिर्की ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस प्रभारी प्रीति उपाध्याय शुक्ला उपस्थित रही। उन्होंने कहा कि समाज में महिलाओं की स्थिति को बेहतर करने और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए हर व्यक्ति को आवाज उठानी होगी। जिस समाज में महिलाओं का सम्मान नहीं होता, वह समाज अराजकता की ओर बढ़ता है। समाज का दायित्व है कि महिलाओं के न्याय और अधिकारों के लिए प्रयास करे। अंत में महिला कांग्रेस की सक्रिय सदस्यों को नारी न्याय किट देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिला कांग्रेस की सदस्यता अभियान को बढ़ावा देना और पार्टी की विचारधारा से नई महिलाओं को जोड़ना था। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष गूंजन सिंह, प्रखंड अध्यक्ष अनु बेक, प्रदेश उपाध्यक्ष सुंदरी तिर्की, अंजू लकड़ा, बीजू लकड़ा, सीता राणा, रीना सांगा, अनीता देवी, राजेश्वरी देवी, रेखा देवी, सरिता आदि उपस्थित रही।

## फिर जोर पकड़ने लगा मंजू कच्छप को हटाने की मांग

**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** क बरवे पंचायत की वीएलडब्ल्यू मंजू कच्छप को जनप्रतिनिधियों द्वारा हटाये जाने की मांग फिर से जोड़ पकड़ने लगी है। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों का आरोप है कि मंजू कच्छप ना तो ग्रामीणों की सुनती है ना ही जनप्रतिनिधियों की। अबुआ आवास योजना के लाभुकों के अलावा किसी का कोई काम नहीं करती हैं। ग्राम प्रधान रमेश उरांव ने बताया कि 2024 में वीएलडब्ल्यू के विरुद्ध शिकायत की गई थी। जिसके बाद उन्हें प्रखंड के कुटे भेज दिया गया था। पर पुनः बीडीओ कामेश्वर बेदिया द्वारा मंजू कच्छप को बरवे पंचायत का पदभार दिया गया है। जिससे ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों की परेशानी बढ़ गई है। इस बाबत बीडीओ से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि प्रक्रिया के तहत ही कार्रवाई की जायेगी।

## मुखिया संघ ने की पेसा कानून को शीघ्र लागू करने की मांग

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** मुखिया संघ की बैठक शनिवार को प्रखंड मुख्यालय में अध्यक्ष सह जोन्हा पंचायत के मुखिया कृष्णा मुंडा की अध्यक्षता में हुई। जिसमें पेसा कानून 1996 पर विस्तृत चर्चा की गई और अनुसूचित क्षेत्रों में इसे तुरंत लागू करने का मांग झारखंड सरकार से की गयी। वक्ताओं ने कहा कि पेसा कानून लागू नहीं होने से गांवों का विकास नहीं हो पा रहा है। पेसा कानून लागू होने से पंचायते आत्मनिर्भर बनेंगी। ग्रामसभा सशक्त होगा। ग्रामसभा के सचिव का चयन भी ग्रामसभा की अनुशंसा पर होगा। बालू पर गांव का नियंत्रण होगा। लूट रुकेगी। सरकार के राजस्व में वृद्धि होगी। वक्ताओं ने यह भी कहा कि पेसा कानून आदिवासियों के हित में है। पर दुर्भाग्य की बात है कि कानून बने 28 साल गुजर गए पर अबतक इसे लागू नहीं किया गया।

## स्वर्णरेखा महोत्सव सह मकर संक्रांति मेला की तैयारी पूरी, केंद्रीय मंत्री ने किया निरीक्षण

# विश्व पटल पर रानी चुआं को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने का प्रयास जारी है : संजय सेठ

आजाद सिपाही संवाददाता



स्वर्णमहोत्सव सह मकर संक्रांति नगड़ी मेला का निरीक्षण करते मंत्री संजय सेठ।

**पिस्कानगडी।** झारखंड का ऐतिहासिक स्वर्णरेखा नदी के उद्गम स्थल रानी चुंआ मेला टिकरा में तीन दिवसीय मकर संक्रांति मेला सह स्वर्णरेखा महोत्सव की तैयारी लगबर पूरी कर ली गयी है। जिसाक शनिवार को केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के भाजपा सांसद संजय सेठ ने औचक निरीक्षण किया। मौके पर उपस्थित मेला आयोजन समिति के अध्यक्ष तपेश्वर केसरी एवं कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग महतो से मकर संक्रांति मेला सह स्वर्णरेखा महोत्सव की तैयारी की जानकारी ली। साथ ही नगडी थाना के एसआई शुभम सिंह से सुरक्षा व्यवस्था की भी जानकारी ली। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि रांची लोकसभा क्षेत्र में यह ऐतिहासिक तीन दिवसीय स्वर्णरेखा महोत्सव सह मकर संक्रांति मेला का आयोजन होता है जिसमें लाखों लोग पहुंचते हैं। यह हमारे लोक सभा क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण बात है। हम इसकी भव्यता और गौरवपूर्ण इतिहास को सामूहिक रूप से निखारेंगे और विश्व पटल पर स्वर्णरेखा नदी के उद्गम स्थल रानी चुंआ के नाम को ऊंचा करने का भरपूर प्रयास करेंगें। विश्व पटल के मानचित्र पर यह ऐतिहासिक उद्गम स्थल को पूर्णरूप पर्यटक के रूप में विकसित करने के लिए हम केंद्रीय पर्यटन मंत्री से भी बातचीत करेंगे। रविवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती को युवा दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर मेला स्थल में उनकी प्रतिमा का अनावरण न्यायाधीश एसएन पाठक द्वारा किया जाएगा। साथी ही क्षेत्र के दर्जनों स्कूलों के बच्चों के बीच स्वामी विवेकानंद जी के जीवन पर कई प्रतियोगिता आयोजन कर स्वर्ण महोत्सव सह मकर संक्रांति नगड़ी मेला का शुभारंभ किया जाएगा।

## बेड़ो : सड़क हादसा में 14 घायल, चार गंभीर

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के जहना मोड़ के समीप शनिवार की सुबह 11 बजे असंतुलित होकर एक ऑटो के पलट जाने से उस पर सवार 14 ग्रामीण घायल हो गए। घायलों में जौनी उरांव, अनीता उरांव व विनीता कुजूर ने बताया कि वे एक ऑटो पर सवार होकर मटर तोड़ने के लिए गडरी डिपाटोली गांव जा रहे थे। तभी जहना मोड़ के समीप ऑटो असंतुलित होकर उलट गया। जिससे 14 ग्रामीण घायल हो गए। उनकी पहचान सुनील मिंज (32), स्टेफन तिर्की (35) बिरसा तिर्की (32), सपना कुमारी (18), सुजाता कुमारी (19), राधा खेस (32), जोबन उरांव (36), रश्मि कुमारी (14), अनीता उरांव (47), जौनी उरांव (40), विनीता कुजूर (22), रीता उरांव (32), कल्पना उरांव (13) व लाली कुमारी (15) के रूप में हुई है। सभी बेड़ो थाना क्षेत्र के पुरियो चुटूटोली गांव के रहने वाले हैं। इधर, घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से स्थानीय ग्रामीणों ने बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां डॉ काजोल ने उनका प्राथमिक उपचार कर गंभीरावस्था में चार घायलों क्रमशः सुनील मिंज, स्टेफन तिर्की, राधा खेस व जोबन उरांव को बेहतर इलाज के लिए रांची के रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया। दूसरी ओर, घटना की जानकारी मिलने पर बेड़ो प्रखंड कांग्रेस के अध्यक्ष करमा उरांव ने सीएचसी पहुंचकर स्थिति की जानकारी ली। वहीं पुरियो के मुखिया नीरज कुजूर ने घायलों को हरसंभव मदद करने का आश्वासन दिया।

## कपड़ा बैंक ने 300 जरूरतमंदों में कपड़े और कंबल बांटे



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** कपड़ा बैंक के अध्यक्ष कैलाश कुमार के नेतृत्व में शनिवार को कपड़ा बैंक की टीम की ओर से हरहंजी खुरहाटोली में 300 जरूरतमंदो के बीच कपड़ों एवं कंबल का वितरण किया गया। कैलश कुमार ने कहा कि लगातार कपड़ा बैंक की टीम क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जाकर जरूरतमंदो के बीच कपड़ों एवं कंबलों का वितरण कर रही है। कहा कि जो कपड़ा कुछ लोगों के लिए अनुपयोगी हो गया है वही कपड़ा कुछ लोगों की जरूरत है। जीवन की मूलभूत आवश्यकताओं में रोटी कपड़ा और मकान आते हैं। जिसमें मनुष्य के जीवन में कपड़ा का बहुत महत्व है। ठंड के मौसम में कपड़ा की जरूरत ठंड से बचने के लिए और बढ़ जाती है बुजुर्गों और बच्चों को इसकी ज्यादा जरूरत होती है। इसी को ध्यान में रखकर कपड़ा बैंक काम कर रही है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया की जिनके पास अनुपयोगी कपड़ा है वो कपड़ा बैंक में जमा कर दें। हम उन कपड़ों को जरूरतमंदों तक पहुंचाएंगे। इस मौके पर कैलाश कुमार, शक्ति साहू, रवि केशरी, मुकेश कुमार और अनुज गुप्ता मौजूद थे।

## बेड़ो में ठंड से वृद्ध की मौत

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** नरकोपी पुलिस ने थाना क्षेत्र के चान्हों गांव के समीप शनिवार को 60 वर्षीय एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया है। नरकोपी थाना प्रभारी देव प्रताप प्रधान ने आशंका व्यक्त करते हुए कहा कि मौत संभवतः ठंड लगने से हुई होगी। मृतक का शव रविवार को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स अस्पताल भेजा जाएगा।

## बेड़ो में विदाई सह वनभोज का आयोजन

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड प्रशासन के तत्वावधान में शनिवार को असरो डैम के समीप विदाई समारोह सह वनभोज का आयोजन किया गया। जिसमें चचकपी व केशा पंचायत के सेवानिवृत्त पंचायत सेवक शफीक आलम को विदाई दी गयी। बीडीओ राहुल उरांव ने उनके सेवाकाल के दौरान किए गए कार्यों की सराहना की। साथ ही पदाधिकारियों व कर्मचारियों ने उन्हें उपहार देकर सम्मानित किया। इधर, वनभोज के दौरान लोगों ने स्वादिष्ट भोजन का लुत्फ उठाया। इस मौके पर उप प्रमुख मुदस्सीर हक, कांग्रेसी नेता करमा उरांव, बीपीओ संजय तिर्की, रमेश उरांव, नीरज कुजूर, कुंवारी खलखो, प्रबला केरकेट्टा, सरिता एक्का, मीर मुस्लिम व महीबुल ओहदार आदि मौजूद थे। समारोह का संचालन शहाबुद्दीन ने किया।

## सीआइटीइ में फ्रेशर्स वेलकम पार्टी का आयोजन



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** कैंब्रिज इंस्टिट्यूट ऑफ टीचर्स एजुकेशन में शनिवार को डीएलएड और बीएड सत्र 2024-26 के नवनामांकित प्रशिक्षुओं के लिए फ्रेशर्स वेलकम पार्टी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं के बाद सुजीत कुमार और आकांक्षा कुमारी को बीएड के मिस्टर और मिस फ्रेशर चुना गया। वहीं, डीएलएड के मिस्टर और मिस फ्रेशर का खिताब अमृत कुमार और इंदु टोप्पो ने जीता। कार्यक्रम का शुभारंभ कैंब्रिज ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष स्व. डॉ बहादुर सिंह के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। संस्थान के प्राचार्य डॉ रविंद्र कुमार, डीएलएड की एचओडी डॉ रेणु, कोऑर्डिनेटर प्रो संजीव तिवारी और डॉ सत्येश कुमार सिंह विशेष रूप से मौजूद रहे। पार्टी में प्रशिक्षुओं ने मंगलाचरण, फ्रेशर्स रैंपवॉक, ग्रुप डांस, सोलो डांस और ग्रुप सांग जैसी शानदार प्रस्तुतियां दी। फ्रेशर्स पार्टी में भाग लेकर नवनामांकित प्रशिक्षु बेहद उत्साहित और खुश नजर आए। यह आयोजन प्रशिक्षुओं के बीच आपसी मेलजोल बढ़ाने और नए सत्र की शुरूआत का जश्न मनाने के उद्देश्य से किया गया था। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रो विकास कुमार विकी, प्रो. मिलन कुमार और प्रो. अपूर्व चटर्जी की भूमिका अहम रही।

## शिविर लगाकर सेवा पुस्तिका सत्यापन कार्य किया गया संपादित

**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** चकला राजकीयकृत मध्य विद्यालय में डीडीओ डॉ नसीम अहमद की ओर से शिविर लगाया गया। जिसमें ओरमांझी प्रखंड के जनवरी महीने में होने वाले शिक्षक-शिक्षिकाओं का मूल सेवा पुस्तिका में वार्षिक वेतन वृद्धि का प्रविष्टि डीडीओ नसीम अहमद द्वारा किया गया। इस कार्य में अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष सतीश बड़ाईक, सचिव संतोष तिवारी, अब्दुल रहमान अंसारी, युधिष्ठिर महतो आदि ने सहयोग किया। इस मौके पर मध्य विद्यालय चकला के प्रधानाध्यापक बिमलेश मिश्रा, संगठन के प्रखंड कोषाध्यक्ष सहदेव कुमार, जयप्रकाश कुमार, अवधेश प्रसाद, अनिरुद्ध श्रीवास्तव, राजेश्वर महतो, उमेश रवि, अब्दुल रऊफ अंसारी, जीतमोहन पाल, जनार्दन कुमार, रामेश्वर महतो, आशा कुमारी, सुचित्रा कुमारी आदि उपस्थित थे।

## श्रीराम मंदिर की वर्षगांठ पर इटकी में पूजा अनुष्ठान संपन्न

**इटकी (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय हिंदू जागरण समिति के तत्वधान में के श्री जगन्नाथ मंदिर परिसर में शनिवार को अयोध्या में श्रीराम मंदिर की भव्य वर्षगांठ मनाया गया। सुबह 10 बजे विधि विधान से राम चरित मानस सुंदर कांड महापाठ और संध्या छह बजे महाआरती के बाद प्रसाद वितरण के सात भंडरा का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रदालुओं ने भाग लिया। इधर, महतो टोली में 12 घंटे का अखंड हरि कीर्तन कर पूजा की गयी। महाबीर चौक से झांकी निकाली गई।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 12 जनवरी, 2025
www.azadsipahi.in


# विवाहिता की हत्या के आरोप में पति-ननद गिरफ्तार

## तीन महीना पहले हत्या कर शव नदी के पास दफना देने का है आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता


हत्या के आरोप में पकड़े गये पति और ननद को जेल हाजत में ले जाती पुलिस।

**हुसैनाबाद।** रीता देवी नामक महिला की हत्या की गुत्थी को सुलझाते हुए पुलिस ने उसके पति गोरख भुइयां और ननद ममता देवी को शनिवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गोरख पिछले तीन महीने से फरार चल रहा था। इसकी जानकारी थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने दी। इस दिन संवाददाता सम्मेलन कर उन्होंने बताया कि आरोपी गोरख भुइयां ने रीता कुमारी से प्रेम विवाह किया था। इसके बाद पत्नी को लेकर गोरख हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के नसो जमालपुर के फटहा टोला में रह रही अपनी बहन के घर में रहने लगा। शादी के कुछ दिनों तक तो सब ठीक रहा, लेकिन उसके बाद पति-पत्नी के बीच झगड़ा होने लगा। आरोप है कि इसी बीच गोरख भुइयां ने अपनी पत्नी रीता देवी की हत्या कर साक्ष्य छिपाने के लिए उसे बघमनवा नदी के किनारे एक पेड़ के समीप दफना दिया था। जब इस बात की जानकारी मृतका रीता के परिजनों को मिली तो उन्होंने हुसैनाबाद थाना पहुंचकर पुलिस को इसकी जानकारी दी। आरोपित गोरख भुइया पलामू जिला के पड़वा थाना क्षेत्र के सिका गड़ेरियाडीह गांव का रहने वाला है। पुलिस ने गोरख भुइयां को उसके घर से, जबकि ममता देवी को नसो जमालपुर गांव से गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी ने कहा कि जांच के बाद इस मामले में लगातार छापमारी किए जाने पर नामजद उक्त आरोपितों को पकड़ा गया, जो तीन माह से फरार चल रहे थे।

## शिबू सोरेन केवल नेता नहीं, बल्कि एक विचारधारा हैं : वशिष्ठ कुमार



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** नबीनगर रोड स्थित झामुमो कार्यालय में शनिवार को पार्टी सुप्रीमो शिबू सोरेन का जन्म दिवस मनाया गया। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम का नेतृत्व पार्टी के वरीय नेता वशिष्ट कुमार उर्फ बबलू सिंह ने किया। झामुमो नेता व कार्यकर्ताओं ने संयुक्त रूप से केट काटकर उनकी लंबी उम्र की कामना की। बबलू सिंह ने कहा कि झामुमो प्रमुख शिबू सोरेन ने बहुत संघर्ष व त्याग के साथ राजनीति शुरू की है। उन्होंने झारखंड अलग राज्य बनाने को लेकर जो आंदोलन छेड़ा वह सपना साकार हुआ। झारखंड अलग राज्य बना। वे झारखंड के लिए एक नेता नहीं, बल्कि एक विचारधारा है। इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र चौधरी, सचिव राजेश सिंह, सीताराम जी, अजीत तिवारी, धर्मेंद्र सिंह उर्फ छोटू सिंह, जाकिर हुसैन, मुन्ना ठाकुर, विशाल कुमार, गौतम जायसवाल, अमर कुमार श्रवण दास, हिमांशु सिंह, शुभम कुमार, रबी मिश्रा, संतोष राम, रमेश राम आदि मौजूद थे।

## चैनपुर प्रखंड में मनरेगा कार्यो में हो रही धांधली को लेकर रंजन दुबे ने मुख्यमंत्री को लिखी चिट्ठी



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर के बीस सूत्री अध्यक्ष रंजन दूबे ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और मुख्य सचिव को पत्र लिखकर प्रखंड के मनरेगा के कार्यो में बरती जा रही अनियमितता को लेकर ध्यानाकर्षक कराया। उन्होंने पत्र में लिखा कि चैनपुर प्रखंड अंतर्गत मनरेगा द्वारा संचालित सभी योजनाओं में घोर अनियमितता बरती जा रही है। मनरेगा कार्यो के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति कर भारी-भरकम रशि की प्रखंड से लेकर पंचायत स्तर तक लूट की जा रही है। योजनाओं में लगभग सभी लाभुकों से 25 फीसदी तक की राशि कमिशन के तौर पर अधिकारियों द्वारा वसूली की जा रही है। कूप निर्माण व उसकी पक्कीकरण का कार्य बिना एमआर (मस्टर रोल) के अनुरूप कार्य किया जा रहा है। बिना ईट एवं बोलडर का प्रयोग कर पैसों की निकासी कर ली जा रही है। गाय शेड निर्माण में भी भारी अनियमितता बरती गई हैं। मनरेगा वेंडर को सामाग्री भुगतान करने में भी प्रखंड के मनरेगा पदाधिकारी द्वारा अनियमितता बरती गई है। प्रखंड स्तर पर वित्तीय जांच रिपोर्ट सोशल आडिट के कार्यो में भी बड़े पैमानों पर लीपापोती हो रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव से आग्रह किया कि चैनपुर प्रखंड स्तर में चल रहे मनरेगा कार्यो की जांच राज्यस्तरीय टीम बनाकर करायें और संलिप्त दोषी पदाधिकारियों पर कार्रवाई करें।

## पलामू सांसद से मिलकर समस्याओं से अवगत कराया



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पथरा स्तरोन्नत उच्च विद्यालय के प्रबंधन समिति अध्यक्ष रामराज राम ने शनिवार को सांसद विष्णुदयाल राम से मिलकर विद्यालय की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ने स्तरोन्नत उच्च विद्यालय के लिए भवन व चहारदीवारी की मांग की, जिस पर सांसद ने सहमति जताते हुए जल्द ही सांसद कोटे से उच्च विद्यालय का भवन और चहारदीवारी निर्माण कराये जाने का भरोसा दिया। साथ ही उच्च विद्यालय को प्लस टू विद्यालय में उत्क्रमित करने का प्रस्ताव भी भेजने का आश्वासन दिया। छात्र-छात्राओं के भविष्य को देखते हुए सांसद के निर्देश पर पथरा स्तरोन्नत उच्च विद्यालय को तीन शिक्षकों को मिलने पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रामराज राम ने सांसद को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।

## पूर्व सरपंच के निधन पर सांसद ने जताया शोक



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** केतात पंचायत के पूर्व सरपंच विष्णुपद शुक्ला के निधन पर पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, पूर्व मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी, वरीय समाजसेवी सह राजनेता अभिमन्यु सिंह, प्रवीण सिंह, पूर्व प्रमुख संतोष चौबे, नप अध्यक्ष प्रतिनिधि नईमुद्दीन अंसारी, निवर्तमान पार्षद सलीमुदीन अंसारी, समाजसेवी नवीन चौबे, संसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, पूर्व उप मुखिया ओमकार सिंह, मुखिया रोहित तिवारी आदि ने शोक व्यक्त किया है। बतातें चलें कि पूर्व सरपंच विष्णुपद शुक्ला का निधन नौ जनवरी को हो गया था। स्व. शुक्ला 1972 से 1978 तक एकीकृत केतात पंचायत के सरपंच रहे थे। उनके पुत्र गुड्डु शुक्ला ने बताया कि वे पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे।

## वार्ड सदस्य के पति के निधन पर शोक

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के सुदूरवर्ती सरसोत पंचायत के बहेरवाडीह वार्ड सदस्या राजमतिया देवी के पति लालजी भुईयां (45) की लंबी बीमारी की वजह से हुई असामयिक मौत पर राजद नेता कमलेश यादव ने शोक व्यक्त किया। साथ ही मृतक के घर जाकर परिजनों को हर संभव सहायता की बात कही। मृतक के बड़े पुत्र रवि कुमार ने पिता की मुखाग्नि दी। मौके पर सीताराम भुईयां, धर्मेंद्र व रामरूप भुईयां आदि थे।

# झामुमो नेता अविनाश देव व चंदन सिन्हा ने दिशोम गुरु के जन्मदिन पर दी बधाई





**छतरपुर/मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** झारखंड आंदोलनकारियों की एक लंबी फेहरिस्त है। किन्हीं का नाम कमतर आंकना सरासर बेईमानी होगी। आंदोलन की कोख से एक क्रांतिकारी का जन्म हुआ जिसका नाम शिबू सोरेन है, जिसे लोग बड़े आदर से दिशोम गुरु के नाम से पुकारते हैं। उक्त बातें झामुमो नेता अविनाश देव ने कही। उन्होंने कहा कि झारखंड सहित देश के अन्य हिस्सों में शिबू सोरेन के चाहने वाले 80वां जन्म दिवस उत्साह के रूप में मना रहे हैं। बताया कि रामगढ़ नेमरा गांव से जिंदगी की सफर शुरू कर छोटानागपुर संथाल परगना के रास्ते दिल्ली तक पहुंचे। विनोद बिहारी महतो, एके राय के साथ मिलकर झामुमो के गठन, अंततोगत्वा अलग राज्य फिर मुख्यमंत्री की कुर्सी को संभाले। आज भी पार्टी को दिशा दे रहे हैं इनके संघर्ष का नतीजा है कि इनके वारिस हेमंत बाबू झारखंड के मुख्यमंत्री और देश के कद्दावर नेता में शुमार हैं। अविनाश देव ने कहा कि आदरणीय गुरुजी के स्वास्थ्य एवं लंबी उम्र की कामना करता हूं ताकि हम सबों को दिशा और रौशनी साथ साथ मिलता रहे। दूसरी ओर, झामुमो के केंद्रीय समिति सदस्य चन्दन प्रकाश सिन्हा ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन के जन्मदिन पर उनसे मुलाकात कर बधाई दी और उनकी दीघार्यु की कामना की। उन्होंने गुरुजी को झारखंड की धरोहर और आंदोलनकारियों के लिए प्रेरणास्रोत बताया। कहा कि जब झारखंड की जनता सूदखोरों और दलालों से त्रस्त थी, तब गुरुजी ने इनके खिलाफ संघर्ष कर लोगों को मुक्ति दिलाई। गरीबों के हक के लिए उन्होंने मंत्री पद और सत्ता का त्याग किया।

## प्रखंड स्तरीय स्टेडियम निर्माण की जल्द मिलेगी स्वीकृति : ममता देवी

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** झारखंड के पर्यटन कला, संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग की ओर से पलामू जिले के पीपरा प्रखंड अंतर्गत धनमानी प्लास टू उच्च विद्यालय के मैदान में प्रखंड स्तरीय खेल स्टेडियम का निर्माण कराया जाएगा। उक्त जानकारी पीपरा प्रखंड प्रमुख ममता देवी और प्रमुख प्रतिनिधि सह सामाजिक कार्यकर्ता उपेंद्र कुमार यादव ने शनिवार को दी। उन्होंने बताया कि इसके लिए हुसैनाबाद विधायक से अनुशंसा के बाद पलामू डीसी को प्रतिवेदन समर्पित किया गया था। इस आलोक में डीसी द्वारा सीओ से प्राप्त भूमि विवरणी सहित प्रस्ताव स्वीकृति के लिए सरकार के संयुक्त सचिव को भेजी गई है। उन्होंने बताया कि शिक्षा विभाग के अधीन धनमानी उवि परिसर में 4 एकड़ भूमि उपलब्ध है। इसे लेकर प्रखंड प्रमुख ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेल के समुचित विकास और युवाओं में छिपी खेल प्रतिभा को संवारने के लिए स्टेडियम का निर्माण जरूरी है।

## राम मंदिर प्राणप्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर क्षेत्र में कार्यक्रमों का हुआ आयोजन



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर के प्राणप्रतिष्ठा के प्रथम वर्षगांठ पर विश्रामपुर नगर व आंचलिक क्षेत्र में कई धार्मिक अनुष्ठान व कार्यक्रम आयोजित हुए। क्षेत्र के देवालयों को सजाया गया और विशेष पूजा अर्चना हुई। सभी मंदिरों में भगवान श्रीराम की महाआरती की गयी। साथ ही कई मंदिर प्रांगण में महाभंडारा का भी आयोजन हुआ, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मुख्य कार्यक्रम विश्रामपुर नप मुख्यालय में हुआ। जहां ऐतिहासिक पंचमुखी मंदिर प्रांगण से शोभा यात्रा निकाली गयी। जिसमें रथ पर सजा राम दरबार की झांकी व बांदरी सेना आकर्षण का केंद्र रहे। शोभा यात्रा नगर भ्रमण के बाद वापस पंचमुखी मंदिर पहुंचा। जहां शाम को महाआरती और भंडारा हुआ। इससे पहले शोभा यात्रा को भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने भगवा ध्वज दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि आज का दिन सनातनियों के लिये गौरव का है। जिसे पुनः हासिल करने में 500 साल लगे। मौके पर पंडित अच्युतानंद पांडेय, राजन पांडेय, गोपाल सोनी, सत्यम सोनी, राजेश मार्शल, शिवशंकर चंद्रवंशी, रजनीश कुमार बबलू, विजय शाह, पार्षद सुनील कुमार चौधरी, धीरन तिवारी, अजय केशरी, भाजपा मंडल अध्यक्ष बबन राम, राजू केशरी, मुकेश चौधरी, अमित सोनी, भूषण चंद्रवंशी, दिलीप चंद्रवंशी, जयंत चौहान, रामानंद तिवारी, दिनेश चंद्रवंशी, कृष्णा केशरी आदि मौजूद रहे। इधर, डांडिला खुर्द के प्रसिद्ध हनुमान मंदिर में भी सुंदरकांड पाठ हुआ। जिसमें काफी संख्या में रामभक्त शामिल हुए।

### भाजपा संगठन महापर्व सदस्यता अभियान रजवाडीह जमुने पोखराहा में संपन्न

# भाजपा का निर्माण-विस्तार राष्ट्र के निर्माण के लिए ही हुआ है : सांसद

आजाद सिपाही संवाददाता




**मेदिनीनगर।** ग्रामीण क्षेत्र के रजवाड़ीह पंचायत के मुख्य मैदान में भाजपा ग्रामीण मंडल मेदिनीनगर के अध्यक्ष अजय सिंह की अध्यक्षता में सदस्यता संगठन महापर्व अभियान कार्यक्रम संपन्न हुआ। स्त्रेका संचालन राजा गुप्ता ने किया। कार्यक्रम प्रभारी के रूप में उपस्थित पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि भाजपा का निर्माण एवं विस्तार ही राष्ट्र निर्माण के लिए हुआ है। कार्यकर्ता अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ने के साथ ही विचारधारा से भी जोड़ें, ताकि वे समाज और राष्ट्र के निर्माण में अपनी भागीदारी निभा सकें। आज इसी उद्देश्य को लेकर केंद्र की मोदी सरकार भी विकसित भारत बनाने की ओर अग्रसर है। कार्यकर्ता पार्टी की रीड होते हैं। वहीं, कार्यक्रम के सह प्रभारी प्रथम महापौर अरुण शंकर ने कहा कि देश की आधी आबादी महिलाओं को भी अधिक से अधिक संख्या में भाजपा की सदस्यता ग्रहण करनी चाहिए। पार्टी में मान सम्मान के साथ समाज के हर क्षेत्र में कार्य करने का अवसर मिलता है। इसी का परिणाम है कि आज मैं शहर की प्रथम महापौर बन पाई। पलामू भाजपा जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि भाजपा का सदस्य आज छोटे से बड़े स्तर पर संगठन के माध्यम से भी पहुंच जाता है। भाजपा परिवार से ही आज संगठन बट वृक्ष की तरह खड़ा हो पाया है। इस मौके पर वरिष्ठ नेता रविंद्र तिवारी, उदय शुक्ला, शिवकुमार मिश्रा, सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, ईश्वरी पांडे, किशोर पांडे, सुनील तिवारी, संटू सिंह, भोला पांडे, अरुण मिश्रा और अलख दुबे आदि मौजूद थे।

# लोगों की हमेशा सेवा करता रहूंगा : मंत्री योगेंद्र

**मद्य निषेध मंत्री ने किया कसमार में मार्केट कांप्लेक्स एवं 500 एमटी गोदाम का शिलान्यास**

आजाद सिपाही संवाददाता



**कसमार/बेरमो।** राज्य के पेयजल स्वच्छता, उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो का शनिवार को कसमार नागरिक मंच ने भव्य स्वागत किया। कसमार स्थित गर्री पंचायत सचिवालय भवन के सामने कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें सिंदरी के भाकपा-माले विधायक चंद्रदेव महतो भी मौजूद थे। इस अवसर पर मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो ने कहा कि जनता ने जिस उद्देश्य के साथ हमें वोट देकर जिताया उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा। मैंने हमेशा जनता के सुख-दुख में साथ रहकर उनकी सेवा किया है और आगे भी करता रहूंगा। इसस दौरान कसमार प्रखंड मुख्यालय परिसर में कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के 500 एमटी के गोदाम एवं मार्केटिंग सेंटर निर्माण कार्य का भी मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो ने शिलान्यास किया। जिसका निर्माण समेकित सहकारी विकास परियोजना रांची कोषांग की ओर से किया जायेगा। मंत्री ने कहा कि अब किसानों से धान अधिप्राप्ति करने के बाद पैक्स को भंडारण करने में असुविधा नहीं होगी। बल्कि क्रय किये धान का सुरक्षित भंडारण हो सकेगा। इस मौके पर प्रमुख न्योती कुमारी डे, बीडीओ नम्रता जोशी, 20 सूत्री अध्यक्ष दिलीप हेम्ब्रम, सहायक निबंधक बेरमो उपेंद्र यादव, बीसीओ राणा रमेश, थाना प्रभारी भजनलाल महतो, विमल जायसवाल, सुरेन्द्रनाथ महतो, शेर ए आलम, संजय महतो, रवि शंकर मेहता, मिथलेश जायसवाल, लालदेव महतो, कुलदीप करमाली, नंदन कपरदार, मोबीन अंसारी, फरीद अंसारी, अमीत जायसवाल, मिथलेश महतो, हरेंद्र महतो, पैक्स अध्यक्ष परमेश्वर नायक आदि मौजूद थे।

# पुलिस की रिपोर्ट में सांसद सीपी चौधरी पर लोगों को उकसाने का लगा आरोप

**पुलिस पर हमला, आजसू कार्यालय में आगजनी सहित अन्य घटनाओं को लेकर 150 लोगों को बनाया है आरोपित**

**महुदा (आजाद सिपाही)।** मधुबन थाना क्षेत्र के बाबूडीह स्थित हिलटॉप कंपनी में बर्चस्व लेकर हुए हिंसक घटना के बाद पुलिस ने उपद्रवियों पर कुल पांच मामले दर्ज किये हैं। जिसमें प्रशासन ने धर्माबांध, खरखरी, आशाकोठी एवं फुलारीटांड आदि स्थानों के लगभग 150 लोगों को नामजद दर्शाते मामला दर्ज किया हैं। घटना के अलोक में धर्माबांध ओपी प्रभारी कमलेश कुमार यादव ने बीसीसीएल प्रबंधन के स्थानीय महाप्रबंधक गणेशचंद्र शाहा की ओर से हिलटॉप कंपनी में आपराधिक पृष्ठभूमि के कारू यादव को कार्य दिला कर मनचाहे उद्देश्य की पूर्ति करने का उल्लेख किया हैं। वहीं, दूसरी ओर गिरिडीह के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी पर उकसावे का आरोप लगाते हुए स्थानीय दर्जनों ग्रामीण द्वारा गोली, बम चलाने का मुकदमा दर्ज किया। दर्ज प्राथमिकी में दोनों गुटों के लगभग 150 लोगों को आरोपित बनाया हैं। इधर, मधुबन थाना प्रभारी एवं महुदा पुलिस अंचल निरीक्षक ममता कुमारी ने कारू यादव व उसके समर्थकों द्वारा आजसू कार्यालय में लूटपाट कर आग के हवाले करने और तालाब स्थित मार्केट कॉम्प्लेक्स में छापामारी करने के दौरान डीएसपी बाघमारा पर जानलेवा हमला कर सरकारी कार्य में बधा डालने का मामला दर्ज करते हुए दर्जनों समर्थकों को गंभीर धाराओं के तहत नामजद आरोपित बनाया हैं।

## न्यायालयों में लंबित वादों से संबंधित तथ्य विवरणी निर्धारित समय पर उपलब्ध करायें : डीडीसी

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में डीडीसी गिरजा शंकर प्रसाद ने ठशनिवार को समीक्षा बैठक की। जिसमें उच्च न्यायालय, अवमानना वाद एवं अन्य न्यायालयों में लंबित वादों की समीक्षा हुई। यहां डीपीएलआर निदेशक मेनका, जियाडा के क्षेत्रीय उप निदेशक मनोज कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी चास प्रांजल ढ़ांडा, अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो मुकेश मछुआ, प्रभारी पदाधिकारी विधि शाखा प्रभाष दत्ता, जिला भू अर्जन पदाधिकारी द्वारिका बैठा, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह समेत संबंधित विभागों के पदाधिकारी, अंचलाधिकारी आदि अधिकारी आदि मौजूद रहे। इस अवस पर डीडीसी ने क्रमवार झारखंड अदालत द्वारा दिये गये जिला के विभिन्न विभागों/पदाधिकारी से संबंधित लंबित वादों की जानकारी ली। संबंधित पदाधिकारियों को वादों से संबंधित तथ्य विवरणी विभाग द्वारा कार्यालय को निर्धारित समय पर समर्पित करने का निर्देश दिया।

## आज गांधी उद्यान में लगेगा महिला हुनर हाट 2025

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज महिला शाखा की ओरर से प्रथम महापौर अरुणा शंकर के नेतृत्व में लगाई जाने वाली 'महिला हुनर हाट 2025' मेले की तैयारी पूरी हो चुकी है। इसकी जानकारी देते हुए महिला शाखा की अध्यक्षा प्रियंका सिंघानिया, सचिव शिखा अग्रवाल, एग्जीक्यूटिव सदस्य संध्या जायसवाल और टीना आनंद ने शनिवार को प्रेस वार्ता कर बताया महिला हुनर हाट 2025 पलामू में महिलाओं द्वारा महिलाओं के हुनर को निखारने के लिए लगाये जाने का यह पहला प्रयास है। जहां महिला उद्यमी या कुटीर उद्योग से जुड़ी महिलाओं को अपने हुनर दिखाने का अवसर मिलेगा। उन्होंने बताया कि इस मेले में जहां विभिन्न प्रकार की लजीज खाने के स्टॉल महिलाओं द्वारा लगाई जा रही है वहीं मेले को रंगारंग बनाने के लिए बेबी रैंप शो, डांस कंपटीशन, डॉग शो, बॉडीबिल्डिंग शो, मिस्टर मेदिनीनगर, मिस मेदिनीनगर के अलावे महिलाओं के लिए मेहंदी, चूड़ी के भी स्टाल लगाए जा रहे हैं। सिंघानिया ने बताया कि इस मेले में 6 वर्ष से कम बच्चे निःशुल्क आमंत्रित है। साथ ही प्रवेश पत्र लकी कूपन के माध्यम से रखा है जिसकी सहयोग राशि मात्र 50 रुपया है। जिसमें बंपर प्राइस टीवी, फ्रिज, वाशिंग मशीन,इसके अलावा कई उपहार हर दो-दो घंटे में लकी ड्रा निकाले जाएंगे। वहीं, संध्या जायसवाल एवं टीना आनंद ने बताया कि कार्यक्रम का उद्घाटन वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर, सांसद वीडी राम एवं मेदिनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर करेंगी। मेला सुबह 10 बजे से संध्या छह बजे तक रंगारंग माहौल में चलेगा।

## 15 सूत्री मांग को लेकर बसपा का नपं कार्यालय पर धरना

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** हरिहरगंज नगर पंचायत क्षेत्र में ज्वलंत मुद्दों, भ्रष्टाचार और अधिकारियों की मनमानी के विरुद्ध शनिवार को बसपा प्रखंड इकाई की ओर से एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। बसपा नेता प्रमोद कुमार रवि के नेतृत्व में प्रदर्शनकारियों ने पलामू डीसी के नाम 15 सूत्री मांग पत्र सीओ मनीष सिन्हा को ज्ञापन सौंपी। जिसमें कहा गया कि नगरवासियों से मौलिक सुविधाएं उपलब्ध कराए बिना होल्डिंग टैक्स वसूलने का दबाव बनाने से व्यवसायिक गतिविधि विकसित नहीं की जा सकती है। नपं क्षेत्र में कूड़ेदान की व्यवस्था नहीं, नल जल योजना के तहत पाइप लाइन बिछाई गई है, किंतु पानी सप्लाई शून्य है। किसी भी वार्ड में नाइट लाइट पोल नहीं, नगर गठन के पूर्व से मोहल्लों में नाली, पीसीसी सड़क से लोग वंचित हैं। नए कार्य के नाम पर क्षेत्रीय युवाओं को रोजगार ना देकर अन्य प्रखंडो, जिले के मजदूर एवं संवेदकों को अवैध उगाही के लिए प्राथमिकता दी जा रही है। जिससे यहां के युवा दूसरे राज्यों में पलायन को मजबूर हैं। महत्वपूर्ण कागजात जन्म, मृत्यु निबंधन प्रमाण पत्र निर्गत करने में मजदूरों, किसानों एवं पीएम आवास के लाभुकों से भी टैक्स वसूली नियम संगत नहीं है। वहीं मौके पर पहुंचे पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता ने 27 बकायेदारों के बैंक खाता फ्रिज करने के निर्देश को वापस लेते हुए शहर में सभी तरह के नगरीय सुविधा उपलब्ध कराने पर जोर दिया। इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष सूरजमल राम, सुशील कुमार रवि, रवि कुमार, दिनेश गुप्ता, गोविंद राम, रमन पासवान, राज कुमार, अजय राम, हरिहर मेहता, सोनू कुमार, आशा कुमारी, लक्खा कुंवर, सुमन कुमारी, मंजू कुमारी, मुरारी प्रजापति, पंडित राम आदि शामिल थे।

## जय बापू, जय भीम, जय संविधान अभियान मार्च आयोजित

**छतरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** छतरपुर नगर कांग्रेस के तत्वाधान में जय बापू, जय भीम, जय संविधान अभियान मार्च आयोजन किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष मुस्ताक अहमद (आलम) की अध्यक्षता में कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक के अलावा जिला उपाध्यक्ष मिथिलेश कुमार सिंह भी उपस्थित हुए। जुलूस में जय बापू, जय भीम का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान का नारा गूंजता रहा। मौके पर ओबीसी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष धनंजय यादव, प्रखंड अध्यक्ष गोपाल प्रसाद सिंह, मंडल अध्यक्ष सहाबुद्दीन अंसारी, प्रदीप राम, जिला मजदूर यूनियन के अध्यक्ष अनिल सिंह, राजन चन्द्रवंशी, विश्वनाथ चौधरी, प्रह्लाद, अजय प्रजापति, सरताज अहमद, आशिफ हुसैन, नीतीश कुमार, झामुमो प्रखंड उपाध्यक्ष फिरदौस आलम, अकबर खां और अजीज अंसारी आदि मौजूद थे।

## बीडीओ ने पंचायत प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर की विकास योजनाओं की समीक्षा

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर बीडीओ राजीव सिंह ने शनिवार को प्रखंड कार्यालय सभागार में पंचायत प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। जिसमें पंचायतों में संचालित विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। पंचायत प्रतिनिधियों ने विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में हो रही परेशानियों से बीडीओ को अवगत कराया। इस पर बीडीओ ने प्रतिनिधियों को विकास कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया। बैठक में मुखिया मंजू देवी, किरण देवी, अंजू कुमारी, धर्मेंद्र चौधरी आदि मौजूद थे।

# समाज के हर वर्ग को भाजपा की विचारधारा से जोड़ने का है प्रयास : विधायक राज सिन्हा




**धनबाद (आजाद सिपाही)।** विधानसभा अंतर्गत बरटांड मंडल के हाउसिंग कॉलोनी, जनता मार्केट के समीप भाजपा के सदस्यता को लेकर विशेष शिविर लगाया गया। जिसके माध्यम से 300 से ज्यादा सदस्य बनाए गए। भाजपा के धनबाद महानगर ओबीसी मोर्चा की ओर से धनबाद स्टेशन, बजरंगबली मंदीर के पास विशेष शिविर लगाकर सैंकड़ो लोगों को भाजपा की सदस्यता खुद विधायक राज सिन्हा ने दिलवाई। केंदुआ मंडल, सदर मंडल में भी शिविर लगाकर लोगों को पार्टी से जोड़ा गया। इस अवसर पर धनबाद विधायक राज सिन्हा ने कहा कि लोगों में पार्टी की सदस्यता को लेकर जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। शिविरों में आम जन स्वेक्षा से सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। कहा कि सदस्यता अभियान में समाज के हर वर्ग को भाजपा के विचारधारा से जोड़ने का प्रयास है। हमारा उद्देश्य केवल संख्या बढ़ाना नहीं, बल्कि समाज के हर व्यक्ति को राष्ट्र निर्माण में सहभागी बनाना है। वहीं, महानगर अध्यक्ष श्रवण राय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के विकास व उत्थान में योगदान देने के लिए सभी लोगों को भाजपा से जुड़ने की अपील की। इस मौके पर भाजपा धनबाद महानगर महामंत्री सह जिला सदस्यता प्रभारी मानस प्रसून, जिला मंत्री सह प्रभारी पंकज सिन्हा, ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम रंजन, किशोर मंडल, गोबिंद राउत, मनोज मालाकार, मनोज रिंकू सिन्हा, प्रमोद अगरवाल, पुष्पा राय, रवि सिन्हा, रंजय सिंह, दिलीप सिंह, राजेंद्र सिंह, हुल्लास दास, अमित सिंह, संजीत सिंह, डी के सिंह, अजय मालाकार , बृजनंदन, जे पी यादव, शंकर चौधरी सहित सैंकड़ो पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# तेनुघाट में शीघ्र बनेगा अधिवक्ता लिपिक संघ का भवन : योगेंद्र प्रसाद



